You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-58 ❒ रविवार, 29 मार्च 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



जनता ममता की अब इन बातों को समझ चुकी है कभी चोट लगने का मामला सामने आता है, कभी सिर पर पट्टी बांधकर सहानुभूति लेने की कोशिश होती है, कभी बीमारी का हवाला दिया जाता है और कभी चुनाव कराने वाली संवैधानिक संस्था पर आरोप लगाए जाते हैं। **अमित शाह**

**भारत के दो और जहाजों ने सुरक्षित पार किया होर्मुज जलडमरूमध्य 11**

**सूर्यकिरण टीम ने आसमान में शानदार करतब दिखाए 12**

# नोएडा एयरपोर्ट नए भारत के मिजाज का प्रतीक : मोदी

## पश्चिम एशिया संकट से पूरा विश्व चिंतित, भारत मजबूती से कर रहा मुकाबला : प्रधानमंत्री

एजेंसी

नोएडा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिमी एशिया संकट पर कहा कि आज पूरा विश्व चिंतित है। पश्चिम एशिया में एक महीने से युद्ध चल रहा है। युद्ध की वजह से कई देशों में खाने-पीने का सामान, पेट्रोल, डीजल, गैस, खाद जैसी कई जरूरी चीजों का संकट पैदा हो गया है। हर देश इस संकट का सामना करने की कोशिश कर रहा है। हमारा भारत भी पूरी शक्ति से इसका मुकाबला कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देशवासियों को धन्यवाद किया और कहा कि आपकी ताकत के भरोसे भारत इस चुनौती का पूरी ताकत से सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हर वो कदम उठा रही है जिससे सामान्य परिवारों पर, हमारे किसानों पर इस संकट का बोझ न पड़े। संकट के इस समय में भी भारत ने अपने तेज विकास को जारी रखा है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों और राजनीतिक दलों से मिलकर इस संकट का सामना करने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आज जहां तक नजर पड़ रही है, वहां तक युवाओं का जोश दिखाई दे रहा है। आज जो काम हो रहा है, वह नई उड़ान भर रहा है। आज से उत्तर प्रदेश सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा वाला राज्य बन गया है। मेरे लिए खुशी के दो कारण हैं। पहला, इस एयरपोर्ट का शिलान्यास करने का सौभाग्य भी मुझे मिला था और इसका उद्घाटन करने का सौभाग्य भी मुझे मिला है। दूसरा, जिस उत्तर प्रदेश ने मुझे प्रतिनिधि बनाया, सांसद बनाया, उस उत्तर प्रदेश की पहचान के साथ इस भव्य एयरपोर्ट का नाम भी जुड़ गया है। यहां से दुनिया के लिए हवाई जहाज तो उड़ेंगे ही साथ ही उप्र भी नई उड़ान भरेगा। खास कर पश्चिम उप्र की जनता को बधाई। ये सारे प्रोजेक्ट उप्र के विकास के लिए डबल इंजन सरकार का शानदार उदाहरण हैं। सेमी कंडक्टर फैक्टरी, नमो भारत ट्रेन और अब यह जेवर एयरपोर्ट पूरी दुनिया को जोड़ रहा है।

समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि पहले सपा वालों ने नोएडा को लूट का एटीएम बना लिया था। आज वही नोएडा विकास का प्रतिरूप बन रहा है। इस एयरपोर्ट को अटल सरकार ने 2003 में मंजूरी दे दी थी। यहां मौजूद बहुत से लोगों का जन्म भी नहीं हुआ होगा। लेकिन एयरपोर्ट नहीं बना। कंग्रेस और सपा सरकारों ने इसकी नीव तक नहीं रखी। एयरपोर्ट फाइलों में ही दबा रहा। जब हमारी सारकार बनी तो शुरू में सपा की सरकार थी। जैसे ही दिल्ली के साथ उप्र में भी भाजपा-एनडीए की सरकार बनी, एयरपोर्ट की नींव रखी गयी और उद्घाटन भी हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि साल 2014 से पहले देश में सिर्फ 74 एयरपोर्ट थे, आज 160 से अधिक एयरपोर्ट हो चुके हैं। अब महानगरों के अलावा, देश के छोटे-छोटे शहरों तक भी हवाई कनेक्टिविटी पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि पहले सरकारों का मानना था कि कुछ लोग ही हवाई यात्रा कर सकते थे। भाजपा सरकार ने आम जन के लिए यह सुविधा सामान्य कर दी। हमारी सरकार की योजना है कि एयरपोर्ट बने और किराया भी सामान्य हो। उड़ान योजना के तहत एक करोड़ से अधिक लोगों ने सस्ता किराया में हवाई यात्रा की है। भारत का विमानन क्षेत्र तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि नोएडा एयरपोर्ट से गाजियाबाद, मेरठ, इटावा, बुलंदशहर, आगरा और मथुरा समेत पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को बड़ा लाभ मिलेगा। यह एयरपोर्ट किसानों, लघु उद्योगों और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करेगा। प्रधानमंत्री ने युवाओं के उत्साह का जिक्र करते ● शेष पेज 11 पर



### नया दौर

❒ पहले की सरकारें मानती थीं, हवाई यात्रा सिर्फ अमीरों के लिए: मोदी

❒ मोदी ने किया नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन

### नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एक नजर में

- ❒ शुरुआत में 1 करोड़ 20 लाख यात्री सफर करेंगे।
- ❒ एयरपोर्ट पूरा होने के बाद हर साल करीब 7 करोड़ यात्री सफर करेंगे।
- ❒ हर साल ढाई लाख मीट्रिक टन कार्गो ढुलाई की जा सकेगी। बाद में 18 लाख मीट्रिक टन कार्गो माल ढुलाई हो जाएगी।
- ❒ नोएडा एयरपोर्ट भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजनाओं में से एक है।
- ❒ अप्रैल अंत तक पूरी तरह से इसका संचालन शुरू हो जाएगी।
- ❒ 65 शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू करने का दावा किया जा रहा है।
- ❒ पहले चरण में 10 शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू होगी।
- ❒ शुरुआत में सिर्फ घरेलू और कार्गो उड़ानें शुरू की जाएगी।
- ❒ पहले चरण में मुंबई, बेंगलुरू, हैदराबाद, कोलकाता, पुणे, लखनऊ, अहमदाबाद, चेन्नई, गोवा, जयपुर के लिए जेवर से फ्लाइट शुरू होगी।
- ❒ इंडिगो, अकासा और एयर इंडिया के साथ यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के साथ समझौता हुआ है।
- ❒ एक घटे में 30 फ्लाइट लैंड और टेकऑफ करेंगी।

### यूपी बनेगा ग्लोबल कनेक्टिविटी का केंद्रः योगी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण के उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए इसे नए उत्तर प्रदेश की नई पहचान बताया। उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर जहां देशभर में उत्साह का माहौल है, वहीं वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और संकट की स्थिति बनी हुई है। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें दुनिया में बढ़ रही हैं, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में आपूर्ति सुचारु है और कीमतें नियंत्रित हैं। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश विकास में बाधा बना हुआ था, लेकिन डबल इंजन सरकार के बाद राज्य ने तेज गति से विकास किया है और अब बॉटल नेक से ब्रेकथ्रू की ओर बढ़ रहा है। योगी ने बताया कि इस एयरपोर्ट के निर्माण में ज़्यूरिख इंटरनेशनल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने लगभग 13,000 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने वाले किसानों का विशेष आभार जताया और कहा कि संवाद, मुआवजा और पुनर्वास की प्रभावी नीति से यह संभव हो सका। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट सीमलेस, स्मार्ट और सस्टेनेबल अवधारणा पर आधारित है, जिसमें एविएशन फ्यूल फार्म, इन-फ्लाइट किचन, एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहाल) और डिजिटल सुविधाओं का समावेश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेडिकेटेड मल्टी-मॉडल कार्गो हब बनने से उत्तर प्रदेश लैंड लॉक्ड स्थिति से बाहर निकलकर वैश्विक बाजारों से सीधे जुड़ सकेगा। यह परियोजना राज्य की आर्थिक क्षमता को नई ऊंचाई देगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे, प्रस्तावित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफ़ेरल एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे और प्रस्तावित हाई-स्पीड रेल नेटवर्क से जुड़कर यह एयरपोर्ट प्रदेश को स्केल और स्पीड के साथ विकास की नई ऊंचाई तक ले जाएगा। इस परियोजना से लाखों युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। साथ ही, नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने हाल ही में एयरपोर्ट के पास स्थापित की जा रही सेमीकंडक्टर यूनिट और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर का भी उल्लेख किया, जिसे प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मजबूत संकल्प, अडिग साहस और अटल आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता। नोएडा एयरपोर्ट इसी संकल्प का परिणाम है और यह उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का लॉन्च पैड बनेगा, जो निवेश, व्यापार और रोजगार के नए द्वार खोलेगा।

## संक्षेप

### बातचीत केवल मोदी और ट्रंप के बीच थीः विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच इस सप्ताह मंगलवार को टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान श्री ट्रंप के साथ अमेरिकी उद्यमी एलान मस्क की कथित उपस्थिति की मीडिया की रिपोर्ट के बीच भारत ने स्पष्ट किया है किया है कि यह वार्ता केवल श्री मोदी और श्री ट्रंप के बीच हुई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बारे में शनिवार को कहा, हमने पूरी रिपोर्ट देखी है। 24 मार्च को हुई टेलीफोन बातचीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच ही हुई थी। दोनों नेताओं की इस बातचीत के बारे में प्रवक्ता ने कहा, जैसा कि पहले भी कहा जा चुका है, इससे पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों के आदान-प्रदान का अवसर मिला।

### इंडिगो के विमान का एक इंजन खराब, दिल्ली में आपात लैंडिंग

**नयी दिल्ली।** विशाखापत्तनम से शनिवार को दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट में एक इंजन खराब होने के कारण दिल्ली में पूर्ण आपात स्थिति घोषित कर उसकी लैंडिंग करायी गयी। सूत्रों के अनुसार, यह बोइंग बी737-800 विमान (पंजीकरण संख्या टीसी-सीओएन) था। इसमें 161 यात्री सवार थे। विमान की सुबह 10.54 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग हुई। इस दौरान फायर फाइटिंग की टीम, मेडिकल टीम और सुरक्षाकर्मियों की टीम पूरी तरह तैयार थी। यात्रियों को सुरक्षित उतारकर विमान की जांच की जा रही है। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने बताया कि 28 मार्च को उड़ान संख्या 6ई 579 विशाखापत्तनम् से दिल्ली आ रही थी। दिल्ली में उतरने से कुछ समय पहले ''तकनीकी खामी'' का पता चला। प्रवक्ता ने बताया कि सावधानी बरतते हुए पायलट ने प्राथमिकता के आधार पर लैंडिंग की अनुमति मांगी। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित एजेंसियों को घटना की जानकारी दे दी गयी है और विमान की जरूरी जांच की जा रही है।

### यूपी में आज से एक अप्रैल तक बारिश के आसार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 29 मार्च से 1 अप्रैल के बीच मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने प्रदेश में गरज-चमक, वज्रपात और तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, मध्य एवं ऊपरी क्षोभमंडल में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 29 मार्च की देर शाम या रात से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का नया दौर शुरू होगा, जो 30 मार्च को चरम पर रहेगा और 1 अप्रैल तक जारी रह सकता है। पूर्वानुमान के अनुसार 29 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि पूर्वी हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 30 और 31 मार्च को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में वर्षा और गरज-चमक का प्रभाव देखने को मिलेगा।

# बारिश व ओलवृष्टि से प्रभावित 10 हजार किसानों को 4.60 करोड़ मुआवजा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ 21 जिलों में ओलावृष्टि से 244.23 हेक्टेयर फसल की हुई क्षति



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी में भारी बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने का काम शुरू कर दिया गया है। इससे प्रभावित 10,278 किसानों को 4.60 करोड़ रुपये मुआवजा दिया गया है। ओलावृष्टि से प्रदेश के 21 जिलों में 244.23 हेक्टेयर फसल क्षतिग्रस्त हुई। इससे प्रभावित 286 किसानों को 13,34,217 रुपये राहत राशि वितरित की गई। अतिवृष्टि (अधिक वर्षा) के चलते प्रदेश के 17 जिलों में 4053.11 हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों का नुकसान हुआ। प्रभावित 14,207 किसानों में 9,992 को अब तक 4,47,24,779 की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। इसके अलावा, बीते दिनों (15 मार्च 2026 से 22 मार्च 2026 तक) हुई बेमौसम भारी वर्षा से सहारनपुर के पांच गांवों में 11 हेक्टेयर फसल क्षति हुई, जिसमें 44 किसान प्रभावित हुए हैं।

ललितपुर की तीन तहसीलों में 1650.75 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल की क्षति हुई, जिसमें कुल 3142 किसान प्रभावित हुए हैं। राज्य सरकार द्वारा फसल क्षति का आकलन तेजी से कराया जा रहा है और पात्र किसानों को राहत पहुंचाने की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शेष प्रभावित किसानों को भी शीघ्र सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे अपनी आर्थिक स्थिति संभाल सके और आगामी फसल की तैयारी कर सकें। राज्य सरकार की इस त्वरित राहत व्यवस्था से किसानों को बड़ी राहत मिली है। प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी प्रभावित किसान सहायता से वंचित न रह जाए।

# ईरान के ख़िलाफ़ अमेरिकी ‘सैन्य अभियान’ ‘बहुत अच्छी’ स्थिति में : डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी अमेरिकी सैन्य अभियान ''बेहतरीन ढंग से'' आगे बढ़ रहा है ।लेकिन इसी दौरान ईरान ने सऊदी अरब स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें 12 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गयी है।

श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा, ''ईरान में हमारा सैन्य अभियान बहुत अच्छा चल रहा है,'' हालांकि उन्होंने इस पर कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह संयुक्त मिसाइल और ड्रोन हमला ईरान के साथ जारी एक महीने लंबे संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायु रक्षा में ''सबसे गंभीर सेंध'' में से एक माना जा रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि हमले के समय घायल सैनिक एक संरचना के भीतर मौजूद थे, जिस पर कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल और कई ड्रोन से हमला किया गया। इस हमले में अमेरिकी सैन्य ईंधन भरने वाले विमानों को भी नुकसान पहुंचा। इसी बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका को ● शेष पेज 11 पर



❒ ट्रंप ने सैन्य सहायता देने में आनाकानी के लिए नाटो के प्रति जताई निराशा, कहा- अमेरिका के बिना ‘कागजी शेर’

### अबू धाबी में ईरान के मिसाइल हमले के बाद पांच भारतीय और एक पाकिस्तानी घायल

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब की राजधानी अबू धाबी में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले के मलबे गिरने से शनिवार तड़के पांच भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक घायल हो गए। अबू धाबी प्रशासन ने इसकी पुष्टि की है। अबू धाबी मीडिया कार्यालय के अनुसार, खलीफा इकोनॉमिक ज़ोन्स अबू धाबी (केज़ाड) के आसपास हुई घटना के संबंध में की गई समीक्षा के तहत यह पुष्टि हुई है कि इस घटना में पांच भारतीय नागरिकों को हल्की चोटें आई हैं। कार्यालय ने बताया कि वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल को ''सफलतापूर्वक अवरोधित'' किए जाने के बाद गिरा मलबा तीन स्थानों पर आग लगने का कारण बना। इस घटना में एक पाकिस्तानी नागरिक भी घायल हुआ, जिससे कुल ● शेष पेज 11 पर

### नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री ओली गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल में पुलिस ने शनिवार सुबह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली तथा पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार कर लिया लिया। स्थानीय मीडया के अनुसार यह कार्रवाई पिछले साल 8 और 9 सितंबर को हुए ‘जेन-जी‘ विरोध प्रदर्शनों के दौरान की गई कथित हिंसक कार्रवाई से जुड़ी है। इस आंदोलन के दौरान 19 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस की एक टीम ने शनिवार तड़के यह कार्रवाई की। उन्हें एक सुरक्षा घेरे में लेकर काठमांडू ले जाया गया। ओली सरकार में गृह मंत्री रहे रमेश लेखक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने ओली को भक्तपुर स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया और जिला पुलिस रेंज काठमांडू लाया गया। इसके बाद मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। इसी मामले में नेपाली कंग्रेस नेता और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को भी गिरफ्तार किया गया है। सरकार की ओर से यह कार्रवाई एक जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। जानकारी के मुताबिक, यह मामला पिछले साल हुए जेन-जी विरोध ● शेष पेज 11 पर

# प्रहार लाइट मशीन गनों की हुई पहली डिलीवरी

## अदाणी डिफेंस ने भारतीय सेना को स्वदेशी लाइट मशीन गन सौंपी

एजेंसी

नयी दिल्ली/ अहमदाबाद। एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र में कारोबार करने वाली अदाणी समूह की कंपनी अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने सेना को स्वदेश में बनी ‘प्रहार‘ 7.62 मिमी लाइट मशीन गन (एलएमजी) की 2,000 यूनिटें सौंपी हैं।

कंपनी ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा कि यह भारत की छोटे हथियार बनाने की देश की क्षमता में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। कंपनी के अनुसार उसने 2000 एलएमजी की पहली खेप सिर्फ 7 महीनों में प्रस्तुत की है जो तय समय से 11 महीने पहले है। कंपनी ने व्यावसायिक रूप से उत्पादन के लिए तय इस हथियार का पहला मॉडल 6 महीने में तैयार कर लिया था जबकि इसके लिए 18 महीने का समय तय था। इसके बाद बल्क प्रोडक्शन की मंजूरी मिली, जिससे बड़े पैमाने पर उत्पादन की प्रक्रिया तेजी से शुरू हो सकी। पहली खेप सेना को प्रस्तुत करते समय रक्षा मंत्रालय में महानिदेशक खरीद और अतिरिक्त सचिव ए. अनबरासु के साथ भारतीय सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। ‘प्रहार‘ एलएमजी अदाणी डिफेंस की ग्वालियर में स्थित छोटे हथियार बनाने के कारखाने में तैयार की गयी है। कंपनी के अनुसार यह देश की पहली पूरी तरह समन्वित विनिर्माण सुविधाओं से सुसज्जित निजी क्षेत्र की स्मॉल आर्म्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। करीब 100 एकड़ में फैली इस यूनिट में बैरल बनाने से लेकर बोल्ट कैरियर और रिसीवर तैयार करने, एडवांस सीएनसी मशीनिंग, रोबोटिक्स, सरफ़ेस ट्रीटमेंट, सटीक माप, मेटलर्जी लैब और 25 मीटर की अंडरग्राउंड फायरिंग रेंज जैसी सभी सुविधाएँ मौजूद हैं। यहाँ हर साल करीब एक लाख हथियार बनाए जा सकते हैं, जिनमें 90 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा देश में ही तैयार होता है। इस कारखाने को उत्तर प्रदेश के कानपुर में अदाणी डिफेंस के एम्युनिशन कॉम्प्लेक्स से भी सहयोग मिल रहा है, जिसे वर्ष 2024 में शुरू किया गया था। इस यूनिट में हर साल करीब 30 करोड़ छोटे कैलिबर के गोला-बारूद बनाने की क्षमता है और आगे चलकर इसे बड़े और मीडियम कैलिबर के एम्युनिशन बनाने के लिए भी तैयार किया जा रहा है, जिससे हथियार और गोला-बारूद का पूरा सिस्टम और मजबूत होगा। डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई चेन को एक साथ जोड़ने का यह तरीका पूरे सिस्टम को ज्यादा मजबूत बनाता है, काम की गति को बेहतर करता है और रक्षा उत्पादन में लंबे समय तक आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद करता है।




### सेना ने जीईएम पर पहला पूंजीगत खरीद अनुबंध किया, 93 टेलिस्कोपिक हैंडलर की होगी आपूर्ति

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना ने एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में सरकारी खरीद पोर्टल (जीईएम) के माध्यम से अपना पहला पूंजीगत खरीद अनुबंध किया है जिसे रक्षा अधिग्रहण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। सेना के सूत्रों के अनुसार ‘भारतीय खरीदो‘ श्रेणी के अंतर्गत ● शेष पेज 11 पर

# लश्कर, जैश जैसे 15 आतंकवादी संगठनों का गढ़ है पाकिस्तान : अमेरिकी रिपोर्ट

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिका की कंग्रेसनल रिसर्च सर्विस (सीआरएस) की एक नयी रिपोर्ट में पाकिस्तान को एक बार फिर विभिन्न आतंकवादी संगठनों के प्रमुख ठिकाने के रूप में चिन्हित किया गया है, जिसमें वैश्विक स्तर पर सक्रिय अल-कायदा से लेकर भारत-केंद्रित संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) शामिल हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान 1980 के दशक से सक्रिय अनेक सशस्त्र गैर-राज्य तत्वों के लिए संचालन का आधार बना हुआ है। इन्हें व्यापक रूप से वैश्विक, अफगानिस्तान-केंद्रित, भारत और कश्मीर केंद्रित, घरेलू तथा सांप्रदायिक (एंटी-शिया) संगठन सहित पांच श्रेणियों में बांटा गया है। पहचाने गए 15 संगठनों में से 12 को अमेरिकी कानून के तहत विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) घोषित किया गया है, जिनमें अधिकांश इस्लामी उग्रवादी विचारधारा से प्रेरित हैं। सीआरएस के अनुसार, एलईटी और जेईएम जैसे कई भारत विरोधी संगठन अब भी सक्रिय हैं और पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर क्षेत्रों से संचालित होते हैं। इन संगठनों का संबंध 2008 के मुंबई आतंकी हमलों और 2001 में भारतीय संसद पर हमले जैसे बड़े हमलों से जोड़ा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गंभीर घरेलू आतंकवाद का सामना करने के बावजूद पाकिस्तान इन नेटवर्कों को समाप्त करने में संघर्ष कर रहा है। आतंकवाद से संबंधित मौतों की संख्या 2019 में 365 से बढ़कर 2025 में 4,001 तक पहुंच गयी है, जो एक दशक में सबसे अधिक है। यह हिंसा मुख्य रूप से खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान, खासकर अफगानिस्तान सीमा के आसपास केंद्रित है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान सरकार के कई सैन्य अभियानों और खुफिया कार्रवाई के बावजूद अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित कई आतंकी संगठन अब भी उसके क्षेत्र में सक्रिय हैं। अमेरिकी विदेश विभाग की ‘कंट्री रिपोर्ट्स ऑन टेररिज्म 2023‘ में यह स्वीकार किया गया है कि पाकिस्तान ने आतंकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए ''कुछ कदम'' उठाए हैं, लेकिन कट्टरपंथीकरण को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। रिपोर्ट में कुछ मदरसों में दी जाने वाली शिक्षा को भी कट्टरपंथ को बढ़ावा देने वाला बताया गया है। वहीं, पाकिस्तान इन आरोपों से इनकार करता रहा है और भारत पर अपने पश्चिमी प्रांतों में विद्रोही गतिविधियों को समर्थन देने का आरोप लगाता है। ● शेष पेज 11 पर

# एकजुट रहो, जागरूक बनो और भारत को महाशक्ति बनाओः राजेश्वर सिंह

❒ 2 लाख अंग्रेज़ सैनिकों ने 200 वर्षों तक भारत पर शासन किया, जातिवाद से ऊपर उठो और देश की प्रगति में योगदान दोः डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ भारत की 60% आबादी युवा - सवाल पूछने के साथ युवा समाधान खोजे, भारत को सैन्य, आर्थिक और सांस्कृतिक महाशक्ति बनाएः डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । आज भागीदारी भवन, लखनऊ में आयोजित युवा संसद 2026 में अपने विचार साझा करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवाओं की शक्ति, जिम्मेदारी और देश की प्रगति में उनकी भूमिका पर विशेष जोर दिया।


उन्होंने युवाओं को वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों से अवगत कराते हुए उन्हें जागरूक, विचारशील और एकजुट रहने का संदेश दिया।

डॉ. सिंह ने अपने भाषण की शुरुआत इतिहास के उदाहरण से करते हुए बताया कि मात्र 2 लाख अंग्रेज़ सैनिकों ने 200 वर्षों तक भारत पर शासन किया, और इसका मुख्य कारण हमारी आंतरिक विभाजनकारी सोच और संकीर्ण दृष्टिकोण था। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि प्रथम विश्व युद्ध के दौरान लगभग 25 लाख भारतीय सैनिकों को विदेशों में भेजा गया, जिनमें से लाखों ने अपने प्राणों की आहुति दी। यही कारण है कि देश की रक्षा और विकास की जिम्मेदारी अब हमारी युवा पीढ़ी के कंधों पर है।

डॉ. सिंह ने कहा कि आज भारत विश्व का सबसे युवा देश है, जहां लगभग 60% आबादी युवा है। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे केवल सवाल न पूछें, बल्कि समाधान भी खोजें। उन्होंने जोर देकर कहा कि जातिवाद और संकीर्ण सोच युवाओं की ऊर्जा और देश की एकता को कमजोर करती है, इसलिए इसे हर स्तर पर चुनौती देना युवा कर्तव्य है।

# जन आकांक्षाओं को पूरा करेगा पुनर्विकसित मऊ जंक्शन स्टेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता।




वाराणसी । पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के औंड़िहार-भटनी रेल खंड पर स्थित मऊ जं. स्टेशन है, जिसे अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रु. 52.65 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। मऊ जं. स्टेशन पूर्वी उत्तर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है।

यह स्टेशन नई दिल्ली, मुम्बई, सूरत, अहमदाबाद, कोलकाता,पुणे, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, जयपुर, राँची, अमृतसर जैसे प्रमुख नगरों एवं महानगरों के लिये सीधी ट्रेन सेवा से जुड़ा हुआ है। इस स्टेशन से 44 मेल/एक्सप्रेस एवं सवारी ट्रेनों का संचलन प्रतिदिन हो रहा है। यहाँ यात्रियों के बढ़ते आवागमन एवं आगामी 50 वर्षों की यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तेजी सेकिया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त कर यात्री अनुकूल बनाते हुये आगामीचुनौतियों से निपटना है। पुनर्विकास के अन्तर्गत स्टेशन भवन का सौंदर्यीकरण, बेहतर प्रवेश एवं निकास द्वार, यात्रियों के लिये प्रतीक्षालय, आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रसाधन, स्टेशन पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था, यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने/उतरनेहेतु प्लेटफॉर्म के उच्चीकरण एवं विस्तार के साथ यात्रियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने हेतु फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.) का निर्माण सहित विभिन्न यात्री सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। इनकार्यों में 3,000 वर्ग मीटर में फसाड के साथ ही स्टेशन भवन एवं पोर्च का कार्य पूर्ण हो चुका है। आकर्षक फसाड लाइटें लगाई गई हैं। स्टेशन पहुँच मार्ग को सुगम बनाया गया है, साथ ही सर्कुलेटिंग एरिया में 600 मीटर में ड्रेनेज, 1,250 मीटर में बाउंड्री वॉल, 15,000 वर्ग मीटर में रोड, 2,000 वर्ग मीटर में पार्किंग तथा 3,000 वर्ग मीटर में पाथ-वे काकार्य पूरा कर लिया गया है।इसके अतिरिक्त यात्रियों की सुविधा हेतु प्लेटफॉर्म का विस्तार कर प्लेटफॉर्म सतह पर 5,500 वर्ग मीटर में ग्रेनाइट लगाने का कार्य प्रगति पर है तथा यात्रियों को धूप एवं वर्षा से बचाने के लिये 32-वे के पी.पी. शेल्टर के प्रावधान के साथ हीविभिन्न श्रेणी के नये प्रतीक्षालयों के निर्माण, स्वच्छता को ध्यान में रखते हुये महिला/पुरुष एवं दिव्यांगजन हेतु आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रसाधन, अन्तर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप उन्नत साइनेज का प्रावधान किया जा रहा है।

## कोल्ड स्टोरेज हादसे का अपडेटः 4 की मौत, 15 घायलों का इलाज जारी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोरांव तहसील के फाफामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चन्दापुर स्थित आदर्श कोल्ड स्टोरेज में 23 मार्च 2026 को हुए भीषण हादसे का प्रशासन ने ताजा अपडेट जारी किया है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के अनुसार, कोल्ड स्टोरेज का एक चैम्बर अचानक गिर जाने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। घटना के बाद तत्काल एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अग्निशमन विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। रेस्क्यू के दौरान मलबे में दबे कुल 22 लोगों को बाहर निकाला गया, जिनमें 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय तेज बहादुर सप्रू और स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। प्रशासन द्वारा जारी ताजा जानकारी के अनुसार, वर्तमान में तेज बहादुर सप्रू अस्पताल में 10 और स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में 5 मरीजों का इलाज चल रहा है। वहीं 3 घायलों को स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। प्रशासन लगातार घायलों के उपचार की निगरानी कर रहा है और पूरे मामले की जांच भी जारी है, ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके।

## 30 मार्च को होगी संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संभागीय परिवहन प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक 30 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी। यह बैठक आयुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में सायं 4:30 बजे से शुरू होगी। सचिव, संभागीय परिवहन प्राधिकरण ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में विभिन्न परिवहन संबंधी मामलों पर चर्चा की जाएगी। संबंधित पक्षकारों को निर्देश दिया गया है कि वे बैठक में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। इस बैठक में परमिट, रूट निर्धारण सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लिए जाने की संभावना है।

## मेजा पुलिस की कार्रवाईः हमले का आरोपी गिरफ्तार, लोहे की रॉड बरामद

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यमुनानगर के थाना मेजा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल (रॉड) भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, मु0अ0सं0 143/2026 धारा 109(1) बीएनएस के तहत नामजद अभियुक्त रामबाबू पुत्र सुग्गीलाल निवासी ग्राम इसौटा को मुखबिर की सूचना पर शनिवार को इसौटा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि 26 मार्च को विमलेश कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी ने उनके पिता अशोक कुमार निषाद (45 वर्ष) पर जानलेवा हमला किया, जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आईं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके पिता को दिल का दौरा पड़ने के लिए वह अशोक कुमार और उनके बेटे को जिम्मेदार मानता था, इसी रंजिश में उसने हमला किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अनुज राय सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## मुरादाबाद पुलिस हमला कांडः 16 दोषियों को उम्रकैद

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वर्ष 2011 में मुरादाबाद में पुलिस पर हुए चर्चित हमले के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर 55,000 का जुर्माना भी लगाया गया है। गौरतलब है कि जुलाई 2011 में उग्र भीड़ ने पुलिस थाने पर हमला कर आगजनी की थी, जिसमें कई पुलिस अधिकारी और जवान घायल हो गए थे। इस घटना ने पूरे प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे।मामले में दर्ज कई एफआईआर में से कुछ वापस ले ली गई थीं और एक केस निरस्त हो गया था, लेकिन शेष मामले में सुनवाई जारी रही। लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने दोषियों को कड़ी सजा सुनाते हुए कड़ा संदेश दिया है। इस फैसले को पुलिस के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है। पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ड्ड पर प्रतिक्रिया देते हुए सरकार को बधाई दी और इसे कानून व्यवस्था के प्रति सख्ती का संकेत बताया।

## शहर में अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । नगर निगम लखनऊ ने शहर में बढ़ते अतिक्रमण और यातायात बाधाओं को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को व्यापक अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान का उद्देश्य प्रमुख सड़कों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना रहा।जोन-3 क्षेत्र में जोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में प्रवर्तन दल 296 की टीम ने भिटौली क्रॉसिंग के आगे एपीजे अब्दुल कलाम स्कूल के सामने तथा अलीगंज स्थित केंद्रीय भवन के पास कार्रवाई की। इस दौरान लगभग 20 अवैध दुकानों और एक गन्ने की मशीन को हटाया गया। साथ ही चार काउंटर जब्त किए गए और करीब 5700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसी क्रम में जोन-5 क्षेत्र में चंदर नगर मार्केट रोड तथा टेढ़ी पुलिया से आलमबाग पुलिस चौकी तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। यहां अस्थायी रूप से लगाए गए ठेले, खुमचे, गुमटी और काउंटर हटाए गए। कार्रवाई के दौरान 8 ठेले, 4 गुमटी और 15 काउंटर हटाए गए, जबकि एक ठेला, एक लोहे की बेंच और एक लोहे का काउंटर जब्त किया गया। इसके अलावा गंदगी और पॉलीथीन के उपयोग के खिलाफ अभियान चलाते हुए 1000 रुपये का शमन शुल्क भी वसूला गया।जोन-5 में यह अभियान जोनल अधिकारी विनीत कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें कर अधीक्षक सभाजीत सिंह, जोनल सेनेटरी अधिकारी सचिन सक्सेना, राजस्व निरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुभाष चौधरी तथा प्रवर्तन दल और पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी रही।

## गृह कर जमा करने का अंतिम मौका, 31 मार्च तक जमा न करने पर 12% ब्याज

**लखनऊ,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** ।। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अब मात्र तीन दिन शेष हैं, ऐसे में नगर निगम ने करदाताओं को राहत देते हुए टैक्स जमा करने के लिए विशेष व्यवस्था की है। नगर निगम प्रशासन ने जानकारी दी है कि 29 मार्च, रविवार को शहर के सभी जोनल कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग समय पर अपना गृह कर जमा कर सकें।इसके अलावा 30 और 31 मार्च को नगर निगम के सभी जोनल कार्यालयों का समय बढ़ाकर सुबह 10 बजे से रात 11 बजे तक कर दिया गया है। इन दो दिनों में विशेष अभियान चलाकर गृह कर की वसूली की जाएगी, जिससे बकाया कर समय रहते जमा हो सके।नगर निगम ने करदाताओं से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए जल्द से जल्द अपना गृह कर जमा कर दें। अधिकारियों के अनुसार 31 मार्च के बाद गृह कर जमा करने पर 12 प्रतिशत ब्याज देना अनिवार्य होगा, जिससे करदाताओं पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा।

# शॉर्ट सर्किट से आगः किसानों की फसल जली, ढाई घंटे में आग पर काबू



कैनविज टाइम्स संवाददात

कोरांव, प्रयागराज । प्रयागराज जिले के कोरांव तहसील अंतर्गत बैदवार कला गांव में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस घटना में कई किसानों की फसल जलकर राख हो गई।

फायर ब्रिगेड ने लगभग ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।सूचना मिलते ही पथरताल फायर स्टेशन प्रभारी राजकुमार यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ कोरांव तहसीलदार, थाना कोरांव के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार वर्मा और राजस्व विभाग की टीम भी मौजूद थी।आग से गेहूं की खड़ी फसल, बंधे हुए बोझ और हार्वेस्टर से कटी हुई फसल को नुकसान पहुंचा। आसपास के लोगों ने बताया कि कई किसानों को क्षति हुई है, जिसका आकलन राजस्व टीम द्वारा किया जा रहा है। इसी दौरान, बैदवार कला से कुछ दूरी पर स्थित धोखर गांव में पुवाल में भी आग लग गई थी। फायर टीम ने वहां भी पहुंचकर आग बुझाई, हालांकि इस घटना में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

# एडीएम की अध्यक्षता में गेहूँ खरीद कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ जनपद में 93 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापितगेहूँ क्रय अवधि 30 मार्च से 15 जून 2026 तक निर्धारित

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत कृषकों से गेहूँ खरीद हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूँ खरीद कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान वर्ष 2026-27 में गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585.00 प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है जो गत वर्ष की तुलना में रु0 160 प्रति कुंतल अधिक है। उन्होंने बताया कि वित्तीय रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जनपद में स्थापित होने वाले गेहूँ क्रय केन्द्रों की संख्या 93 है, जिसमें खाद्य विभाग के 34, भारतीय खाद्य निगम के 5, पी0सी0एफ0 29, पी0सी0यू0 15, यू0पी0एस0एस0 08 एवं मण्डी परिषद के 02 गेहूँ क्रय केन्द्र है। उन्होंने कहा कि अनुमोदित क्रय केन्द्रों में खाद्य विभाग के 06, पी0सी0एफ0 के 03, पी0सी0यू0 के 01 एवं यू0पी0एस0एस0 के 03 कुल 13 मोबाइल गेहूँ क्रय केन्द्रों का संचालन किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि गेहूँ क्रय अवधि 30 मार्च से 15 जून 2026 तक निर्धारित हैं, सभी 93 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर केंद्र प्रभारी तैनात है। सभी राजकीय गेहूँ क्रय केन्द्र सामान्यतः प्रातः 9 से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे। प्रतिदिन क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा क्रय केन्द्र पर पूर्वान्ह 9 बजे तक अपनी बायोमैट्रिक उपस्थिति ई-पॉप डिवाइस पर दर्ज की जायेगी। रविवार एवं राजपत्रित अवकाश छोड़कर, शेष कार्य दिवसों एवं स्थानीय अवकाश व द्वितीय शनिवार में क्रय केन्द्र खुले रहेंगे। क्रय एजेंसियों द्वारा गेहूँ क्रय केन्द्रों पर किसानों के लिए पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था एवं वाहन पार्किंग इत्यादि के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था की जायेगी। क्रय केंद्र पर खरीद हेतु आवश्यक उपरकरण यथा 02 इलेक्ट्रांनिक कांटा, 01 नमी मापक यंत्र, विनोइंग फैन, डबल जाली का छलना एवं पॉवर डस्टर तथा एनालिसिस किट आदि की व्यवस्था मण्डी परिषद द्वारा अनिवार्य रूप से करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि गेहूँ की बिक्री हेतु किसान खाद्य तथा रसद विभाग की वेबसाइट FCS.up.gov.in पर पंजीकरण करायें। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# नगर निगम द्वारा शहर के पार्कों के सुंदरीकरण और उन्हें आधुनिक स्वरूप देने के अभियान अंतिम दौर में

❒ निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और फिनिशिंग को बारीकी से देखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी । नगर निगम द्वारा शहर के पार्कों के सुंदरीकरण और उन्हें आधुनिक स्वरूप देने के अभियान के तहत सिगरा स्थित शहीद उद्यान के कायाकल्प का कार्य अब अंतिम दौर में है। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने शनिवार को शहीद उद्यान का स्थलीय निरीक्षण किया और चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और फिनिशिंग को बारीकी से देखा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश दिए कि सौंदर्यीकरण का शेष कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, ताकि शहरवासियों को जल्द से जल्द इस आधुनिक पार्क की सौगात मिल सके। पार्क परिसर में बच्चों और युवाओं के लिए 1.5 करोड़ रुपये की लागत से एक हाईटेक डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है। इस लाइब्रेरी के बनने से छात्रों और ज्ञान प्रेमियों को पार्क के शांत वातावरण में पढ़ाई के लिए आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। नगर आयुक्त ने लाइब्रेरी भवन के कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने को कहा। करीब साढ़े आठ करोड़ रुपये की कुल लागत से संवर रहे इस उद्यान में मॉर्निंग वॉक करने वालों के लिए विशेष पाथवे, बच्चों के मनोरंजन के लिए अत्याधुनिक झूले और आकर्षक फव्वारे लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही पूरे परिसर में आधुनिक लाइटिंग और बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे यह पार्क शहर के मुख्य आकर्षणों में से एक बनेगा।

# क्षेत्र से आने वाले फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। शासन की मंसा के अनुरूप क्षेत्र से आने वाले फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए तथा राजस्व के मामलों में पुलिस बल व राजस्व की टीम गठित कर मामले का निस्तारण किया जाए, जिससे कि फरियादियों को लाभ मिल सके। यह उद्गार आज कोतवाली परिसर में आयोजित संपूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी व्यक्त कर रहे थे। तो वहीं थाना दिवस में कुल नौ शिकायती पत्र आए जो कि राजस्व से संबंधित थे। तो वही विगत कई दिनों से क्षेत्र के कक्केपुर मजरे बेलवा गांव में हो रहे रास्ते के निर्माण को लेकर कौशल किशोर श्रीवास्तव ने एक शिकायती पत्र देकर पैमाइश करा कर विभाग से सही माप कराने की बात कही जिसको गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी ने राजस्व टीम व पुलिस बल की टीम गठित कर मामले को जल्द से जल्द निस्तारण करने की बात कही। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, राजस्व निरीक्षक मोहम्मद अहमद, लेखपाल राजीव मिश्रा, लेखपाल अमित शुक्ला, चौकी इंचार्ज थुलवांसा राहुल मिश्रा, उप निरीक्षक दिनेश गोस्वामी, उप निरीक्षक टी.एन. तिवारी, उपनिरीक्षक रोहित कुमार, मुंशी अजय चौधरी सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूज्य संत लक्ष्मण दास जी महाराज की हृदय गति रुकने से निधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जनपद रायबरेली के महाराजगंज क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत बावन बुजुर्ग बल्ला के पवित्र बबुरिहा धाम कुटी के तीसरे महंत, पूज्य संत लक्ष्मण दास जी महाराज (लल्लू दास) का शुक्रवार-शनिवार की रात हृदय गति रुक जाने से इलाज के दौरान निधन हो गया। वे 57 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

आपको बता दें कि, जैसे ही उनके गोलोक गमन की सूचना मिली, वैसे ही बबुरिहा धाम स्थित उनकी तपोस्थली कुटी पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। न केवल रायबरेली जनपद बल्कि आसपास के कई जिलों से उनके अनुयायी, शिष्य और श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने लगे।पूज्य महंत लक्ष्मण दास जी महाराज का संपूर्ण जीवन धर्म, भक्ति और मानव सेवा के लिए समर्पित रहा। उनके सान्निध्य में बबुरिहा धाम के दूसरे महान संत अवसान दास जी महाराज के ऐतिहासिक 75वें विशाल भंडारे का सफल आयोजन हुआ था। उनके मार्गदर्शन से हजारों श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त कर अपने जीवन को नई दिशा दी।महंत जी अपने प्रवचनों में अक्सर कुटी के द्वितीय गद्दीधारी बाबा अवसान दास जी महाराज की महिमा का वर्णन करते थे। वे बताते थे कि बाबा अवसान दास जी रामचरितमानस के अद्वितीय विद्वान थे और अयोध्या में जब भी संतों के बीच शास्त्रार्थ में कठिन प्रश्न उठते थे, तब उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता था, जहां वे अपने ज्ञान से सभी को संतुष्ट करते थे।महंत लक्ष्मण दास जी महाराज का इस प्रकार अल्पायु में निधन धाम ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और उनके अनुयायियों के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके स्नेह, आशीर्वाद और दिव्य वाणी को श्रद्धालु सदैव अपने हृदय में संजोए रखेंगे।शोक व्यक्त करने वालों में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार एवं श्रद्धालुओं को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।अंत में श्रद्धालुओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा- ''शरीर नश्वर है, आत्मा अमर है।''महंत जी भले ही आज हमारे बीच भौतिक रूप में न हों, किंतु उनके आदर्श, शिक्षाएं और आशीर्वाद सदैव समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक व गंदगी पर कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में जोन-03 क्षेत्र में शनिवार को व्यापक कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 17 चालान कर 11,950 की धनराशि वसूली गई।

अभियान के तहत पुरनिया चौराहा से पुरनिया पुल के नीचे तक गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ रोकथामात्मक कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 09 चालान किए गए, जिनके माध्यम से 6,650 का जुर्माना वसूला गया। अधिकारियों ने लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने के लिए भी जागरूक किया। नगर निगम टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर भी सख्ती दिखाई। अभियान के दौरान पॉलीथीन मिलने पर कुल 05 चालान किए गए, जिनसे 4,700 की वसूली की गई। अधिकारियों ने व्यापारियों को प्लास्टिक के उपयोग से बचने की हिदायत दी। बिना लाइसेंस तंबाकू बिक्री पर जुर्माना''बाजार में बिना लाइसेंस तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। दुकानदारों को लाइसेंस बनवाने के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही 03 दुकानों के खिलाफ 600 का स्पॉट फाइन लगाया गया। इस पूरे अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार गौतम, पुष्कर सिंह पटेल, सुमित मिश्रा एवं क्षेत्रीय सुपरवाइजर की संयुक्त टीम मौजूद रही।

# उत्तर प्रदेश भारत की एमआईसीई राजधानी बनने की ओर अग्रसर : डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ एफएचआरएआई कॉन्क्लेव में डा. राजेश्वर सिंह ने वैश्विक पर्यटन नेतृत्व का विजन प्रस्तुत किया

❒ उत्तर प्रदेश भारत की एमआईसीई राजधानी बनने की ओर अग्रसर: डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एफएचआरएआई वेडिंग एण्ड एमआईसीई टूरिज्म कॉन्क्लेव-2026 में डॉ. राजेश्वर सिंह मुख्य वक्तव्य देते हुए पर्यटन, आतिथ्य और एमआईसीई (मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और एग्ज़ीबिशन) क्षेत्र की भारत की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि पर्यटन वैश्विक जीडीपी का लगभग 10% योगदान देता है और 33 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करता है, जबकि एमआईसीई उद्योग 2032 तक 1.5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक का हो जाएगा। भारत में यह क्षेत्र 20 लाख करोड़ से अधिक जीडीपी में योगदान देता है और 4.8 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है, इसके बावजूद भारत वैश्विक पर्यटकों का केवल 1-1.5% ही आकर्षित करता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की तेज़ प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने बेहतर कारोबारी माहौल, मजबूत बुनियादी ढांचे और बढ़ते पर्यटन का जिक्र किया। उन्होंने कहाः ìमेरे विधानसभा क्षेत्र सरोजिनी नगर और पूरे लखनऊ में विकास की गति असाधारण रही है। आगामी एरोसिटी, एआई सिटी, राज्य का सबसे बड़ा कन्वेंशन सेंटर और एक वर्ष में 2,500+ इलेक्ट्रिक बसों के साथ ईवी क्षेत्र में बड़ी पहल के चलते यह क्षेत्र पर्यटन, ख्रत्रएक्र और संबंधित उद्योगों का प्रमुख केंद्र बन रहा है। उन्होंने लखनऊ के 1,400 करोड़ से अधिक लागत वाले अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर को एक महत्वपूर्ण आर्थिक आधार बताते हुए कहा, केवल पर्यटन नहीं, बल्कि आर्थिक कूटनीति है।

डॉ. सिंह ने Federation of Hotel & Restaurant Associations of India का आभार व्यक्त किया तथा इसके अध्यक्ष सुरेन्द्र जयसवाल को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस कॉन्क्लेव में नीरज खरवाल (आईएएस, प्रबंध निदेशक, आईटीपीओ), अरुण श्रीवास्तव (क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर, पर्यटन मंत्रालय), समीत गर्ग (अध्यक्ष, ईईएमए), रहूल मकारियस (मार्केट एमडी यूरासिया, विंडहैम होटल्स एंड रिसॉर्ट्स), प्रदीप शेट्टी (उपाध्यक्ष, एफएचआरएआई), गिरीश ओबेरॉय (मानद सचिव, एफएचआरएआई) तथा अंकिता जैसवाल (अध्यक्ष, सतत एवं जिम्मेदार पर्यटन) सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में डॉ. सिंह ने कहा, ìउत्तर प्रदेश तैयार है, भारत आगे बढ़ रहा है, और हम सब मिलकर भारत को वैश्विक पर्यटन और एमआईसीई गंतव्य के रूप में शीर्ष स्थान पर पहुंचा सकते हैं।

## एकेटीयू के स्टार्टअप को 50 मिलियन डॉलर की फंडिंग

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के स्टार्टअप में बड़ी सफलता हासिल की है। कलाम सेंटर फॉर इन्नोवेशन एंड, इनक्यूबेशन ऑफ स्टार्टअप फाउंडेशन, इन्नोवेशन हब में पंजीकृत एडुबुक कंपनी को डिजिटल क्रेडेंशियल वेरिफिकेशन के क्षेत्र में 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर(लगभग 400 करोड़ रुपये) की महत्वपूर्ण फंडिंग हासिल की है। यह निवेश निमबस कैपिटल ने किया है। कुलपति प्रो0 जय प्रकाश पाण्डेय के मार्गदर्शन में राज्य के नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एडुबुक ब्लॉकचेन आधारित सुरक्षित डिजिटल वेरिफिकेशन समाधान प्रदान कर रहा है। अब तक कंपनी 1 लाख से अधिक ऑन-चेन वेरिफिकेशन सफलतापूर्वक कर चुकी है और भारत के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य-पूर्व, यूरोप और अफ्रीका में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है।

# अमलिहा खेड़ा में भव्य भगवती जागरण संपन्न



❒ रात भर गूंजते रहे जय माता दी के जयकारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता।ढ

निगोहां, लखनऊ। निगोहां के अमलिहा खेड़ा गांव में श्री बाला जी महाराज मंदिर सेवा समिति द्वारा नवमी के अवसर पर प्रथम विशाल मां भगवती जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। दिन में भंडारा व रात भर चले जागरण में निगोहां, नगराम, मोहनलालगंज समेत कई गांवों से पहुंचे श्रद्धालु भक्ति में डूबे नजर आए और पंडाल जय माता दी के जयकारों से गूंजता रहा। जागरण में मुस्लिम महिलाओं की भी भागीदारी देखने को मिली, जिससे धार्मिक सद्भाव का संदेश मिला। आर.के. साईं म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए, जबकि मां दुर्गा, शिव, हनुमान और राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। आयोजक हिमांशु सोनी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज में आस्था और भाईचारा बढ़ाना है।

# दुबग्गा में आयोजित श्रीरामलीला एवं भण्डारे में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

❒ प्रभु श्रीराम को को लड्डु का लगाया गया भोग,101 कलाकारों से मंचित होई रामलीला,कवि सम्मेलन में बही भक्ति की रस धारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी , लखनऊ । राजधानी पुलिस कमिश्नरेट पश्चिमी के अंतर्गत दुबग्गा बाजार में दुबग्गा बाजार में श्री रामनवमी पर सनातन मेला का भव्य आयोजन किया गया।श्री शनिदेव मंदिर सेवा समिति द्वारा एक दिवसीय श्रीराम लीला,कवि सम्मेलन एवं भण्डारे का भव्य आयोजन हुआ।जिसकी भव्य तैयारियां कई दिनों से चल रहीं थीं।

दुबग्गा को दुल्हन की तरह सजाया गया।कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ा और प्रसाद चखा।कार्यक्रम आयोजक की ओर से समाजसेवियों और पत्रकारों को मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।श्री शनिदेव मंदिर सेवा समिति के संरक्षक एवं कार्यक्रम के आयोजक पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता विनीत शुक्ला बीनू ने बताया कि श्रीराम लीला का मंचन भारत के प्रख्यात 101 कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की गई।सभी लीला अमित दीक्षित 'राम जी' के निर्देशन में आयोजित की गई।रामलीला का उत्सव शाम 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक मंचन हुआ।शाम 7:30 बजे विशाल भण्डारा शुरु हुआ।जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा।बीनू शुक्ला ने बताया कि समस्त कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु श्रीराम जी को लड्डूओं से भोग लगाने के साथ शुरू किया गया।बीनू शुक्ला ने बताया कि उक्त कार्यक्रम का आयोजन श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष परम पूज्य नृत्य गोपाल दास जी महाराज की प्रेरणा से आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कवि सम्मेलन के साथ शुरू हुआ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा पूर्व विधायक अविनाश त्रिवेदी,भाजपा नेता निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष प्र.तारा चन्द्र रावत,पूर्व विधायक प्रत्याशी अंजनी श्रीवास्तव,संजय पाठक,प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान,रिजवान अहमद प्रधान, मनोज चौरसिया, बुधेश्वर विकास महासभा अध्यक्ष राजेश शुक्ला,सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक श्यामाकांत त्रिपाठी,सपा प्रवक्ता दीपक रंजन श्रीवास्तव,प्रदेश सचिव एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख रूप नारायण यादव, मनोज कुमार, हरिशंकर सिंह यादव,चौधरी मुल्तान सिंह यादव,सहकारी संघ अध्यक्ष केशरी राव धारा सिंह यादव,पूर्व पार्षद प्रत्याशी कल्पना शुक्ला सहित हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित होकर रामलीला का आनंद लिया और भंडारे में प्रसाद चखा।

# कैंट मंडल एक में हुई प्रशिक्षण कार्यशाला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । कैंट विधानसभा स्थित भारतीय जनता पार्टी, कैंट मंडल एक पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि पार्टी का प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ता निर्माण की कुंजी है। पार्टी की रीति-नीति, कार्य-पद्धति, इतिहास एवं विकास से कार्यकर्ताओं को परिचित कराना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से मजबूत हो रहा है। विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह ने कहा कि सात सत्रों में चलने वाल इस प्रशिक्षण महा अभियान में पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यपद्धति, सरकार की उपलब्धियां और कार्यकर्ताओं की भूमिका जैसे विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि भाजपा लखनऊ महानगर के 25 मंडल में से पांच मंडल पर कार्यशाला का आयोजन किया जा चुका हैं। शेष सभी मंडलों पर 13 अप्रैल तक कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। कार्यशाला में उपाध्यक्ष विनायक पाण्डेय, योगेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष राजन वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सुधीर मिश्रा बब्लू, सरवन नायक एवं अन्य पदाधिकारिगण उपस्थित रहे।

## आग लगने से किसान के घर की हजारों की गृहस्थी स्वाहा



**बख्शी का तालाब,लखनऊ।** इटौंजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अटेसुवा गांव में शनिवार की सुबह एक किसान के घर में गैस सिलेंडर के रिसाव से आग लग गई। जिससे घर में रखा हजारों का सामान तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए। मौके पर पहुंची दो दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। गांव के निवासी मेवा लाल ने बताया की सुबह रसोई गैस पर खाना बन रहा था। तभी गैस सिलेंडर में से गैस रिसाव हो गई जिससे आग की लपटे फैलने लगी देखते ही देखते मकान में आग लग गई ।घर में रखे टीवी फ्रिज कूलर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए। इसके अलावा घर में रखा हजारों का अनाज व नगदी बेड जलकर स्वाहा हो गया। ग्रामीण और दमकल गाड़ियों की मदद से आप पर काबू पाया जा सका।

## फन मॉल में शांति आँवला कम्पनी का आयोजित हुआ दो दिवसीय ऑन-ग्राउंड इवेंट, आज भी जारी रहेगा एक्टिवेशन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कंपनी एफएमसीजी मैरिको लिमिटेड ने निहार नेचुरल्स शांति बादाम आँवला के 'मज़बूत फ़ैसला कैंपेन को लखनऊ के फ़न मॉल में दो दिवसीय कार्यक्रम ऑन-ग्राउंड इवेंट के ज़रिए लोगों के सामने पेश किया है। ब्रांड के मुख्य विचार ताक़त, आत्मविश्वास और भरोसा को ध्यान में रखते हुए यह पहल महिलाओं को आगे आकर अपने फ़ैसले खुलकर बताने के लिए प्रोत्साहित करती है। इससे यह जगह महिलाओं की पहचान, उनकी सोच और उनकी पसंद को दिखाने का एक शानदार मंच बन गई है। मज़बूत फ़ैसला वॉल उन महिलाओं के सपनों, हिम्मत और मेहनत को दिखाती है, जो अपने भरोसे और हौसले के दम पर अपना भविष्य खुद तय कर रही हैं। इस एक्टिवेशन में 'मज़बूत फ़ैसला व्हील'और आकर्षक फ़ोटो बूथ जैसे कई मज़ेदार हिस्से भी हैं, जहाँ लोग कैंपेन से जुड़ सकते हैं और अपने पलों को शेयर कर सकते हैं। इससे कैंपेन का संदेश मॉल के बाहर तक भी पहुँच रहा है। पहले दिन लोगों की अच्छी भागीदारी देखने को मिली और 'मज़बूत फ़ैसला वॉल' प्रेरणादायक संदेशों से भरती जा रही है। यह एक्टिवेशन 29 मार्च को लखनऊ के फ़न रिपब्लिक मॉल में जारी रहेगा, जहाँ और ज़्यादा लोग आकर अपने 'मज़बूत फ़ैसले'साझा कर सकेंगे।

## छत से गिरकर महिला की मौत



**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां गांव में शनिवार सुबह छत से गिरकर 55 वर्षीय महिला रानी की दर्दनाक मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार सब्जी विक्रेता राजू की पत्नी रानी सुबह छत पर मटर सुखाने गई थीं, तभी अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें तुरंत मोहनलालगंज के निजी अस्पताल ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतका अपने पीछे दो बेटे और तीन बेटियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। ग्रामीणों ने घटना पर शोक जताते हुए इसे बेहद दुखद हादसा बताया।

## मॉडल शॉप में मारपीट, चैन लूटने का आरोप मुकदमा दर्ज

**सरोजिनी नगर, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शिवम शुक्ला पुत्र अनिल कुमार शुक्ला निवासी- 45 जयराजपुरी कालोनी सरोजनीनगर ने बताया कि दिनांक 21.3.26 को वह तहसील से निकल कर रास्ते में कुछ काम निपटाने के बाद शाम करीब 9.45 पर गौरी चौराहे पर स्थित मॉडल शाप पर बैठकर शराब पी रहा था तभी चार लोग अनुज यादव पुत्र हरिकेश यादव, अभिनव यादव उर्फ (लाली) पुत्र राजेन्द्र यादव व उसका सगा भाई तरुन यादव पुत्र राजेन्द्र यादव व निक्कू ठाकुर पुत्र नन्हे आए और वह सब मेरे सामने वाली टेबल पर शराब पीने लगे और गाली गलौज कर रहे थे मेरे मना करने पर इन चारों लोगों ने मुझ पर हमला कर दिया व मुझे अकेले पाकर मारने लगे व गाली गलौज करने लगे हाथापाई के दौरान मेरे गले की सोने की चैन जो लगभग 15 ग्राम की थी उसे लूट लिया। घटना की जानकारी मैने तुरन्त 112 पर दी। सरोजिनी नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ जांच पड़ताल कर रही है।

# माँ छोहड़िया माता मंदिर में रामनवमी पर भव्य आयोजन

❒ कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । चिनहट क्षेत्र स्थित माँ छोहड़िया माता मंदिर में रामनवमी के पावन अवसर पर आज भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों-लाखों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर में लगे मेले का निरीक्षण किया तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।मंदिर के महंत लाला बाबा जी ने जानकारी देते हुए बताया कि रामनवमी के अवसर पर माता का विशाल भंडारा आयोजित किया गया है, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसाद की व्यवस्था की गई है। साथ ही माता की विशेष पूजा-अर्चना भी संपन्न कराई गई।उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर में विशेष परंपरा के तहत श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर 'खप्पर' अर्पित करते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से की गई अरदास यहाँ अवश्य पूर्ण होती है।मेले के प्रथम दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मेले में लगे विभिन्न प्रकार के झूले, विशेषकर बच्चों के झूले, आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे।महंत जी ने आगे बताया कि 28 मार्च को 105 गरीब एवं निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर मेले का विधिवत समापन किया जाएगा।

# किताबों से खेत तक पहुंचे छात्र, सीखे रोजगारपरक कृषि कौशल

❒ शैक्षिक भ्रमण में मधुमक्खी पालन, वर्मी कम्पोस्ट व फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ। नेशनल पीजी कॉलेज के बीएससी अंतिम वर्ष के करीब 60 छात्र-छात्राओं ने शनिवार को बख्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्ता कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित शैक्षिक भ्रमण के दौरान कृषि एवं स्वरोजगार से जुड़े व्यावहारिक कौशल सीखे।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को मधुमक्खी पालन, जैविक खाद निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, फूड प्रिजर्वेशन, बायोगैस निर्माण, अदरक व पुष्पों के एक्सट्रैक्ट तैयार करने तथा फलों की जेली बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही औषधीय पौधों की खेती की जानकारी भी दी गई।सह-आचार्य व आईक्यूएसी निदेशक डॉ.सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में गोबर गैस संयंत्र ऊर्जा का सस्ता व पर्यावरण अनुकूल साधन है। उन्होंने जैविक कीट प्रबंधन, कीट पहचान एवं इंडस्ट्रियल एंटोमोलॉजी की जानकारी भी दी।डॉ. हृदय नारायण तिवारी ने वर्मी कम्पोस्ट बनाने की विधि बताई, जबकि डॉ. धीरेंद्र कुमार सिंह ने मुर्गी पालन व डेयरी प्रबंधन की जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों को मौसम विज्ञान से जुड़े उपकरणों से भी अवगत कराया गया।भोजन उपरांत डॉ.दीप्ति श्रीवास्तव ने फूड प्रिजर्वेशन के अंतर्गत जेली व एक्सट्रैक्ट बनाने का प्रशिक्षण दिया। इंजीनियर विपुल अग्रवाल ने सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया।प्राचार्य डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में वर्मी कम्पोस्ट, मशरूम कल्चर, मधुमक्खी पालन व फूड प्रोसेसिंग से संबंधित डिप्लोमा कोर्स संचालित हैं, जिनसे छात्र-छात्राएं आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा घोड़सारा

❒ शिव महिमा, माता काली की भव्य झांकी और श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के बहरौली अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याण खेड़ा मजरा घोड़सारा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा और तीसरा दिन भव्य एवं श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा क्षेत्र भक्ति व आध्यात्मिकता के रंग में रंगा नजर आया। कथा वाचक श्रीकृष्णानन्द मृदुल जी महाराज ने दूसरे दिन श्रीमद्भागवत कथा के निर्माण, महत्व और मानव जीवन में इसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही मार्ग पर चलाने वाली दिव्य ज्योति है। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से मन की अशांति दूर होती है और व्यक्ति धर्म, सत्य और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर होता है।तीसरे दिन कथा वाचक ने भगवान शिव की महिमा, शिव चरित्र और उनकी अनंत कृपा का भावपूर्ण वर्णन किया। शिव जी की सरलता, करुणा और भक्तों पर उनकी विशेष कृपा के प्रसंग सुनाकर उन्होंने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान भगवान शिव और माता काली की भव्य एवं आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा पंडाल हर-हर महादेव व जय माता काली के जयकारों से गूंज उठा। इसी क्रम में कथा वाचक ने राजा परीक्षित के जन्म की विधिवत कथा का भी भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से ही राजा परीक्षित का जीवन सुरक्षित हुआ और आगे चलकर उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर मोक्ष की प्राप्ति की। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और कथा स्थल पर भक्ति का माहौल और गहरा हो गया। इस श्रीमद्भागवत कथा के मुख्य आयोजक विमल वर्मा द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बैठने, प्रसाद एवं अन्य व्यवस्थाएं की गई है।

## घर व अलमारी का लॉक तोड़कर लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

सरोजिनी नगर, लखनऊ । इलाके में एक परिवार के घर बंद कर गांव जाने पर चोरों ने उसके घर व अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे लाखों के जेवरात व नगदी पार कर दी। गांव से वापस आने पर परिजनों ने जब घर के ताले टूटे देखे तो उनके होश उड़ गए। फौरन ही घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और मुकदमा दर्ज कर लिया है। सुनीता पत्नी कमलेश निवासी त्रिपुरारीनगर थाना सरोजनीनगर ने बताया कि दिनाँक 22-03-26 को मैं अपने घर से अपने गांव गई थी। दिनाक 25-03-26 को समय शाम को छः बजे वापस आई। गेट का दरवाजा खोलकर अन्दर घुसी तो अन्दर के दो दरवाजा तोड कर कमरे में रखी अलमारी का लाक तोडकर सोने व चांदी के लाखो के कीमती जेवरात व लगभग 80000/- हजार रुपये नगद चोरी कर ले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात चोरों का पता लगा रही है।

# भव्यता और श्रद्धा के साथ चिनहट में सम्पन्न हुआ 105 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। चिनहट स्थित छोहरिया माता मंदिर में शनिवार, 28 मार्च 2026 को मां सिद्धिदात्री छोहरिया शक्तिपीठ ट्रस्ट द्वारा 105 निर्धन कन्याओं का भव्य सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह संपन्न कराया गया। यह इस पुनीत आयोजन का 26वां वर्ष रहा, जिसमें क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं, दानदाताओं और गणमान्य लोगों ने भाग लेकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

ट्रस्ट द्वारा प्रति वर्ष आयोजित इस समारोह में समाज के सहयोग से गरीब परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह कराया जाता है। इस वर्ष भी नवविवाहित जोड़ों को साइकिल, सिलाई मशीन, स्टील बक्सा, टिफिन, बाल्टी, दीवार घड़ी, पंखे, कपड़े, बिस्तर, अटैची, बर्तन, फर्नीचर सहित अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई। मंदिर के महंत लल्ला बाबा ने बताया कि जिन परिवारों में बेटियां नहीं हैं, वे भी इन कन्याओं को अपनी बेटी मानकर कन्यादान कर पुण्य के भागीदार बन सकते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की।आज 108 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रतिनिधि डॉ. सिद्धनाथ तिवारी जी आशीर्वाद महोत्सव मे पधारे। उक्त कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक योगेश शुक्ला तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। महंत लल्ला बाबा ने बताया कि 19 मार्च से 25 मार्च तक धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला चली, जिसमें प्रतिदिन सुबह महायज्ञ और शाम को श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हुआ। गुरुवार को मां भगवती का विशाल जागरण संपन्न हुआ। इसके बाद नवमी और दशमी तिथि पर भक्ति-भजन, झांकियां, विशाल भंडारा और सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जयमाल की रस्म के साथ सभी युगल वैवाहिक बंधन में बंधे और उपस्थित अतिथियों ने नवदंपतियों को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम के संयोजक एवं चिनहट क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी शैलेंद्र पांडे उर्फ शैलू पूरे समारोह में चर्चा के केंद्र रहे। 105 निर्धन कन्याओं के विवाह में उनके अतुलनीय सहयोग, समर्पण और कुशल समन्वय*की क्षेत्रभर में सराहना की गई।उन्होंने समाज के सम्मानित व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों को कार्यक्रम से जोड़कर समारोह को और अधिक भव्य स्वरूप प्रदान किया। क्षेत्रीय जनता ने उनके इस पुनीत कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। ट्रस्ट के अनुसार सन 1987 से मंदिर में निरंतर विशाल भंडारे का आयोजन होता आ रहा है।

# थाना समाधान दिवसः डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

❒ हरगांव थाने में समाधान दिवस, शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर

❒ जनसुनवाई में डीएम-एसपी सख्त, लंबित मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना हरगांव में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये।

राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर जर्नादन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेपी पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से बांटे रिजल्ट, टॉपर्स को किया सम्मानित

❒ शिक्षा का स्तर सुधारने के उद्देश्य से की थी जेपी पब्लिक स्कूल की स्थापनाः अनिल गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपद की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर स्थित जेपी पब्लिक स्कूल ने वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का आयोजन गन्ना शोध परिषद में किया।

इस दौरान स्कूल के सभी बच्चों को उनका रिजल्ट कार्ड वितरित किया गया। साथ कक्षा के टॉपर्स बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह ने मेधावी छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हुए कहा कि छात्र जीवन मौज-मस्ती के साथ सीखने का समय होता है, इसलिए आनंद लेते हुए मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता व देश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधक अनिल गुप्ता प्रधान ने अतिथियों का स्वागत बुके भेंट कर किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है, इसलिए उन्होंने 11 वर्ष पूर्व मॉडल ग्राम पंचायत में शिक्षा का स्तर सुधारने के उद्देश्य से जेपी पब्लिक स्कूल की स्थापना की थी और आज यहां क्षेत्र के 103 ग्रामों से बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आ रहे हैं। वहीं, रिपोर्ट कार्ड मिलने पर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुरेंद्र वाल्मीकि, पार्षद मनीष गुप्ता, समाजसेवी विनय अग्रवाल, डॉ केपी गुप्ता, वैश्य समाज अध्यक्ष विनोद गुप्ता, शाहनवाज खां एडवोकेट, सहयोग संस्था अध्यक्ष रजनी गुप्ता, समाजसेवी संजय गुप्ता पाइप वाले, पुनीत गुप्ता, नवनीत गुप्ता, अनिल बाजपेई, महेंद्र दुबे, विकास सक्सेना, डॉ पुनीत मनीषी, सीओ ट्रैफिक एसके सिंह, ट्रैफिक निरीक्षक विनय पांडेय, अतुल गुप्ता, राजेश टंडन, संगीता गुप्ता, अभिषेक सिंह, स्कूल की प्रधानाचार्य हिना खान, बबिता गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, देवीना गुप्ता, मंजू, निदा नाज, राहिला, अंजली यादव, दिव्या मिश्रा, एकता, रोली द्विवेदी, मीनू गुप्ता, अंजलि राठौर, माला द्विवेदी, पायल दीक्षित, उजमा, आमना मुश्ताक, अनामिका सिंह, साइमा खान, अंजली यादव, प्रांशिका आर्या, रिंकी आदि कई लोग मौजूद रहे।

# गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल में मेधावियों का सम्मान, छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

❒ देश की सेवा इससे अच्छी नहीं हो सकती कि देश के भविष्य को सँवारा और सजाया जायेः साकेत मिश्रा, पीठाधीश्वर नैमिषारण्य तुलसी पीठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक (घ्ढ्ब्र) में विभिन्न कक्षाओं के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा घ्क्क में वरुण ने प्रथम, अविका शुक्ला द्वितीय एवं अंशवेश पटेल तृतीय स्थान पर रहे। नर्सरी में अर्जुन मिश्रा, अव्युक्त सिंह व रितिक गुप्ता संयुक्त रूप से प्रथम, श्रेयांश सिंह द्वितीय तथा शनविका तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा ख्रखक्क में ओमांश प्रथम, रियांश राठौर द्वितीय व काव्या रस्तोगी तृतीय स्थान पर रहीं। ठखक्क में अदिति अवस्थी व राघव मिश्रा प्रथम, श्री मिश्रा द्वितीय तथा आश्मन तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 1 में आद्विका पटेल प्रथम, अद्वैत तिवारी द्वितीय तथा अन्वी शुक्ला व रुही गुप्ता तृतीय रहीं। कक्षा 2 में सात्विक प्रथम, अंबिशा द्विवेदी द्वितीय और यश अवस्थी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 3 में कार्तिक शुक्ला प्रथम, हर्षिता सिंह द्वितीय व मानिता प्रकाश तृतीय रहीं। कक्षा 4 में लविश गुप्ता प्रथम, यशस्व तिवारी द्वितीय और अक्षत मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 5 में पलाशिनी प्रथम, दिव्यांश द्वितीय व पलक तृतीय रहीं। कक्षा 6 में शिवराज चौहान प्रथम, आभाष द्वितीय व अंश तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 में अक्षय कनोजिया प्रथम व कार्तिक शुक्ला द्वितीय रहे। कक्षा 8 में पंखुड़ी प्रथम, प्रणाली कनोजिया द्वितीय और रुद्र प्रताप सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्वच्छता, उपस्थिति, संगीत, नृत्य, योग, खेलकूद सहित विभिन्न गतिविधियों में भी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विशेष सम्मान के तहत शिवराज सिंह चौहान को हेड बॉय, पंखुड़ी वैष को हेड गर्ल, आद्विक सक्सेना को सबसे आत्मविश्वासी छात्र घोषित किया गया। व्यवहार एवं अनुशासन श्रेणी में भी कई विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पीठाधीश्वर साकेत मिश्रा, सह-पीठाधीश्वर पूनम मिश्रा, प्रिंसिपल नीरा मिश्रा एवं वाइस चेयरमैन तत्सत मिश्रा सहित समस्त स्टाफ व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### गुरुकुल विद्याः ज्ञान और परंपरा का संगम

सीतापुर। गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल में ही शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है। प्रबंधक साकेत मिश्रा, अध्यक्ष तत्पर मिश्रा, उपाध्यक्ष तत्सत मिश्रा और प्रिंसिपल नीरा मिश्रा के नेतृत्व में विद्यालय ने ज्ञान और परंपरा का संगम स्थापित किया है। विद्यालय की हर सुबह हवन, जल अर्पण और सूर्य को नमस्कार के साथ शुरू होती है, जो बच्चों को मानसिक, शारीरिक और आत्मिक विकास की दिशा में प्रेरित करती है। विद्यालय में प्रत्येक छात्र को तीन समय भोजन दिया जाता है, जो उनके स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इन विशेषताओं के कारण ही गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल सीतापुर के अभिभावकों की पहली पसंद बन गया है। विद्यालय ने इस वर्ष शंकरा स्पोर्ट्स अकादमी की शुरुआत की है, जो सीतापुर में पहली ऐसी संस्था होगी जहां सभी खेलों की व्यवस्था एक ही स्थान पर होगी। प्रबंधक साकेत मिश्रा ने कहा, ''किसी भी बच्चे का सर्वांगिण विकास तभी संभव है जब वह मानसिक, शारीरिक और आत्मिक रूप से विकसित हो। गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल इसी दिशा में कार्य कर रहा है।'' उपाध्यक्ष तत्सत मिश्रा ने अभिभावकों से आग्रह किया, ''हम सभी अभिभावकों से अनुरोध करते हैं कि वे विद्यालय का भ्रमण करें और गुरुकुल की पहल को देखें।''

# डीएम का औचक निरीक्षणः उपकेन्द्र ककराही में लापरवाही उजागर, तीन एएनएम का वेतन काटने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा उपकेन्द्र ककराही, विकास खण्ड हरगांव, जनपद सीतापुर का औचक निरीक्षण मुख्य चिकित्साधिकारी, सीतापुर के साथ किया गया। निरीक्षण के समय उपकेन्द्र खुला था, परन्तु कोई कर्मचारी उपस्थित नहीं था।

अधीक्षक सामु0 स्वा0 केन्द्र हरगांव डा0 संजय गौड़ द्वारा अवगत कराया गया कि उपकेन्द्र पर तैनात बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। अधीक्षक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उपकेन्द्र पर 6 प्रसव हुऐ है। उपकेन्द्र की स्थिति देखने से प्रतीत होता है कि काफी समय से कोई प्रसव नहीं हुआ है। डा0 संजय गौड़ अधीक्षक द्वारा भ्रामक सूचना दी जा रही है। उपकेन्द्र की साफ सफाई अत्यन्त दयनीय थी। अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त उपकेन्द्र पर तीन ए0एन0एम0 किरन देवी, संतोषी देवी एवं एकता राज तैनात है। तीनों के द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन नही किया जा रहा है तथा अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह है, जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा तीनों का 15 दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश दिये गये। अधीक्षक, सामु0 स्वा0 केन्द्र, हरगांव एवं बी0पी0एम0 को कारण बताओं नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि अधीक्षक स्पष्ट करें कि उनके द्वारा किस कारण गलत सूचना दी गयी, यदि उपकेन्द्र पर प्रसव हुये तो उसका साक्ष्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा उनको गलत सूचना दिये जाने के कारण प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी। बी0पी0एम0 द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण रूप से नहीं किया जा रहा है।

### एडीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए। बैठक का मुख्य एजेंडा राजमार्गों पर अवैध रूप से निर्मित अवैध कटों को बंद कराना, राष्ट्रीय राजमार्गो पर नियमित रूप से प्रभावी पेट्रोलिंग किया जाना, राष्ट्रीय राजमार्गो पर पार्किंग व्यवस्था, सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित की गयी प्रवर्तन कार्यवाही, इन्ट्रीग्रेटेड रोड एक्सीडेन्ट डाटाबेस में विभिन्न विभागों द्वारा रोड एक्सीडेन्ट के सम्बन्ध में एन्ट्री को अद्यतन किया जाना, जनपद में स्थित विभिन्न चौराहों को यातायात की दृष्टि से सुगम व सरल बनाना, सड़कों पर विभिन्न प्रकार के अतिक्रमणों को हटाना, ब्लैक स्पॉट्स के निवारण के सम्बन्ध में समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे पर एंबुलेंस पेट्रोलिंग व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। बैठक में पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन उमेश चंद कटियार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गैस की कमी थमने का नाम नहीं ले रही एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की उमड़ी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ढखेरवा,पढ़ुआ-खीरी। पढ़ुआ थाना क्षेत्र के रमियाबेहड़ भारत गैस एजेंसी के बाहर लगी लंबी लाइन रसोई गैस की कमी लगातार बनी हुई है। जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस गोदाम के बाहर सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं। और भीड़ बढ़ती जा रही है।

कई उपभोक्ता घंटों घंटों तक इंतजार करने के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष रूप से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है। कि पिछले कई दिनों से गैस सिलेंडर समय पर नहीं मिल पा रहे हैं। जिससे घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की है। कि गैस की आपूर्ति को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। ताकि आम जनता को राहत मिल सके। क्षेत्र में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी चोरी छुपे 2000 से 2500 तक की कीमत में ब्लैक किये जा रहे हैं। सिलेंडर न मिलने के कारण गैस संचालित दुकानदारों में अफरा तफरी का माहौल बना हुआ है। फुटकर लकड़ी बेचने वालों की बल्ले बल्ले एक-एक सिलेंडर के लिए इधर-उधर जुगाड़ लगा रहे कार चालक व होटल व्यापारी परेशान है।

### एनकार्ड की बैठक सम्पन्न, प्रवर्तन अभियान जारी रखने के निर्देश

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनकार्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नशीली दवाओं, अवैध शराब निर्माण की रोकथाम के लिए अब तक हुई कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा की गई और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाते हुए विद्यार्थियों एवं युवाओं को जागरूक किया जाए, ताकि समाज में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध कच्ची शराब के निर्माण करने वालों पर लगातार प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चंदन चौकी की महिला शक्ति टीम ने अभियान चलाकर महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता


लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष चंदन चौकी के नेतृत्व में आज थाना चंदन चौकी की महिला शक्ति टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

### समाधान दिवस पर एसपी ने थाना आरसी मिशन में सुनीं समस्याएं, निस्तारण के निर्देश



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थाना रामचन्द्र मिशन में फरियादियों की शिकायतों और समस्याओं को सुना तथा उनका त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इस दौरान एसपी ने फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों पर त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं मानवीय संवेदनशीलता बनाए रखते हुए कार्य किया जाए। जिससे आमजन का विश्वास पुलिस प्रशासन के प्रति सुदृढ़ बना रहे। कहा कि महिला संबंधी प्रकरणों को अत्यंत गंभीरता एवं संवेदनशीलता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण किया जाए। साथ पीड़िताओं के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार किया जाए। उन्होंने भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद एवं अन्य संवेदनशील प्रकरणों में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करने एवं अनावश्यक विलंब से बचने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार, थाना रामचन्द्र मिशन के प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सहित थाना रामचन्द्र मिशन का समस्त स्टाफ और संबंधित प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुत्री के साथ दुष्कर्म का आरोपी पिता गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना रोजा पुलिस ने पुत्री के साथ दुष्कर्म और पुत्री व पत्नी के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने के आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।थाना रोजा क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति ने अपनी ही 15 साल की पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। जब पुत्री और उसने विरोध किया, तो आरोपी पति ने पुत्री और उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल कराया और उसके बयानों तथा तहरीर के आधार पर आरोपी पिता के खिलाफ पाक्सो एक्ट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसी क्रम में आज पुलिस ने दुर्गा इंकलेव कालोनी हथौड़ा से आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रोजा के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ क्राइम इंस्पेक्टर गंगा सिंह आदि मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय उद्योग, व्यापार बंधु की बैठक संपन्न



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ व अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने उद्यमियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत एवं नालियों की साफ-सफाई, जल निकासी, सफाई, विद्युत कार्य को दुरुस्त कराने आदि के संज्ञान में लाए गए कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। अपर जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्रों में साफ सफाई, विद्युत विभाग से सम्बन्धित समस्याओं एवं औद्योगिक क्षेत्र के ड्रेनेज सिस्टम आदि जैसी समस्याओं के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों द्वारा अवगत कराई गई समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराए, जो बड़े कार्य है, उनके लिए प्रयास कर निस्तारण कराने का प्रयास किया जाए। इसके पश्चात जिला स्तरीय व्यापार बन्धु की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में व्यापारी बंधुओं ने सड़कों की मरम्मत, बिजली , साफ-सफाई, पार्किंग, सामुदायिक शौचालय की समस्या उठाई गई, जिनकी बिंदुवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए की व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाए, जिससे व्यापारियों को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व उद्यमीगण व व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# जनता की पीड़ा सीधे अधिकारियों तक, समाधान का मिला आश्वासन



❒ गोला कोतवाली में थाना दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। शनिवार को गोला क्षेत्र के कोतवाली थाने में विशेष त्थाना दिवसत का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशासन और पुलिस के आला-अधिकारियों ने आम लोगों की शिकायतें आमने-सामने सुनीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नायब तहसीलदार त्भानु प्रताप सिंह , गोला काइम इंस्पेक्टर त्संतोष कुमार सिंहत और लेखपाल त्अनिल त्रिपाठीत ने की।ग्रामीणों ने जमीन-पानी के विवाद, राजस्व विभाग से जुड़ी दिक्कतें और पुलिसिया मामलों पर अपनी बात रखी। कई मामलों में सालों से लटके हुए प्रकरणों का जिक्र हुआ, जिस पर अधिकारियों ने मौके पर ही संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए त्वरित निस्तारणत का भरोसा दिलाया।

# खाटू श्याम मंदिर से भव्य निशान यात्रा का शुभारम्भ

❒ सिंगाही रोड से तहसील गेट होते हुए पलिया रोड तक निकली शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निघासन, खीरी। श्याम मंदिर से आज भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया, जो सिंगाही रोड से प्रारंभ होकर तहसील गेट होते हुए पलिया रोड तक पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली। यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इस दौरान भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु ल्हारे का सहारा, बाबा श्याम हमाराङ्क के जयघोष के साथ आगे बढ़ते रहे। यात्रा में शामिल भक्तों ने पूरे मार्ग में अनुशासन और श्रद्धा का परिचय दिया।कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था में पंडित पिंकू शुक्ला, अनिल मोर्या, मनोज वर्मा, शिवम गुप्ता, जयप्रकाश मिश्रा, अशोक कुमार तिवारी, हिमांशु शुक्ला, जितेंद्र (मोनू) दीक्षित, आशीष कनौजिया सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।आयोजकों ने बताया कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और एकता का संदेश फैलता है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक कड़ी पुलिस व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ।

### नवजात बच्चियों को बेबी किट वितरित कर मनाया कन्या जन्मोत्सव



शाहजहांपुर। मिशन शक्ति फ़ेज 5-0 द्वितीय चरण के तहत जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलहर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें 11 नवजात बच्चियों को बेबी किट वितरित कर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया और कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही जागरूकता के लिए पम्पलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान डीएमसी अमृता दीक्षित ने बताया कि बेटियां घर की शान हैं और उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखना चाहिए। सरकार बेटियों को बढ़ाने व पढ़ाने के लिए सदैव तत्पर है। इस दौरान महिलाओ को हेल्पलाइन नंबर 112, 181, 108, 1090, 1098, 1076, के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में रश्मि देवी, रमेश चन्द्र गुप्ता सहित आशाएं आदि मौजूद थीं।

# एक लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था का बनेगा इंजन

## जेवर एयरपोर्ट से मुरादाबाद मंडल के ओडीओपी और पर्यटन को मिलेगी ग्लोबल उड़ान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मुरादाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकार्पित और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तैयार नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) केवल गौतमबुद्ध नगर ही नहीं, बल्कि समूचे मुरादाबाद मंडल के लिए तरक्की का नया सूरज लेकर आया है। शुरुआती 1.2 करोड़ वार्षिक यात्री क्षमता और 2.5 लाख टन कार्गो क्षमता वाले इस अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के शुरू होने से मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा और संभल जिलों की तस्वीर बदलने वाली है। स्थानीय उत्पादों (ओडीओपी) को वैश्विक बाजार मिलने, दिल्ली के जाम से छुटकारा और विदेशी खरीदारों की आसान पहुंच से पूरे मंडल में व्यापार, कृषि, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन को अप्रत्याशित रफ्तार मिलेगी। यह एयरपोर्ट मुरादाबाद मंडल को 'लोकल से ग्लोबल' बनाने की दिशा में सबसे बड़ा मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

**मुरादाबादः पीतल और हस्तशिल्प को मिलेंगे नए पंख**

मुरादाबाद मंडल के उत्पादों को जेवर एयरपोर्ट से सीधे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई उड़ान मिलेगी। मुरादाबाद के जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र (क्क्र) के संयुक्त आयुक्त योगेश कुमार का कहना है कि जेवर एयरपोर्ट बनने से मंडल की इंटरनेशनल कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी। इससे दिल्ली के जाम से निजात मिलेगी और अंतरराष्ट्रीय यात्राएं करने वाले लोगों का समय बचेगा। शहर के प्रमुख हैंडीक्राफ्ट निर्यातक संदीप (संजीव), जो अमेरिका और यूके में लकड़ी, धातु, पीतल, फैब्रिक और लेदर के उत्पादों का निर्यात करते हैं, बताते हैं कि अभी तक दिल्ली के जरिए माल भेजने में जाम की भारी समस्या थी, लेकिन अब एयरपोर्ट शुरू होने से जाम से बचाव होगा और सप्लाई चेन में तेजी आएगी। होम डेकोरेटिव और हैंडीक्राफ्ट के एक अन्य निर्यातक सुहैल का भी मानना है कि जेवर एयरपोर्ट से माल भेजने में एक से डेढ़ घंटे की बचत होगी और विदेशी खरीदारों के लिए भी सीधे मुरादाबाद आना बेहद आसान हो जाएगा।

**बिजनौरः नगीना की काष्ठ कला और ब्रश उद्योग की वैश्विक दस्तक**

बिजनौर के वुडन हैंडीक्राफ्ट और ब्रश उद्योग के लिए जेवर एयरपोर्ट गेमचेंजर साबित होने वाला है। बिजनौर के जीएम डीआईसी अमित कुमार के अनुसार, नगीना की काष्ठ कला को 2023 में जीआई टैग मिल चुका है और जिले में 20 हजार से ज्यादा कारीगर व 500 से अधिक इकाइयां इस काम में जुटी हैं। अकेले वुडन हैंडीक्राफ्ट और ब्रश उद्योग का सालाना टर्नओवर 250 से 300 करोड़ रुपये का है। पूरे देश में इस्तेमाल होने वाले 50 प्रतिशत ब्रश शेरकोट में बनते हैं। 10-10 करोड़ की लागत से बन रहे तीन कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) और जेवर एयरपोर्ट की कार्गो सुविधा से बिजनौर के अप्रत्यक्ष निर्यात को सीधे अंतरराष्ट्रीय मंच मिलेगा। रामपुर,अमरोहा और संभल : जरी वर्क, ढोलक और हस्तशिल्प की गूंज रामपुर का प्रसिद्ध जरी पैचवर्क भी अब वैश्विक उड़ान भरने को तैयार है। रामपुर के जीएम डीआईसी अनुराग यादव बताते हैं कि जिले में 15 से 20 हजार कारीगर जरी वर्क से जुड़े हैं। सरकार टूलकिट और दो करोड़ तक के लोन पर सब्सिडी देकर छोटे कारीगरों को उद्यमी बना रही है। जेवर एयरपोर्ट की सुविधाओं से इन कारीगरों को विदेशों में सीधे अपने उत्पाद बेचने का मौका मिलेगा। वहीं, अमरोहा के जीएम डीआईसी अनूप श्रीवास्तव का कहना है कि जिले के मशहूर ढोलक अभी मुख्य रूप से घरेलू बाजार तक ही सीमित है। अब एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के जरिए स्थानीय ढोलक उत्पादकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने और उन्हें निर्यातक बनाने की योजना पर काम हो रहा है। इसके साथ ही संभल के जीएम डीआईसी मुकेश कुमार का कहना है कि जिले का प्रसिद्ध हॉर्न और बोन (सींग और हड्डी) हस्तशिल्प पहले से ही विदेशों में अपनी पहचान रखता है। जेवर एयरपोर्ट के चालू होने से इस उद्योग को नई संजीवनी मिलेगी। अब निर्यातकों को अपना माल भेजने में कम समय और कम लागत लगेगी, जिससे संभल के हजारों शिल्पकारों की आय में वृद्धि होगी और विदेशी खरीदारों की सीधी पहुंच से व्यापार का दायरा भी कई गुना बढ़ जाएगा। पर्यटन और कारीगरों की जगी उम्मीदें इस नए विकास पथ से जिले के छोटे कारीगर भी बेहद उत्साहित हैं। मुरादाबाद के पद्म श्री सम्मानित कारीगर चिरंजीलाल का कहना है कि यह योजना बहुत अच्छी है और विदेशी खरीदारों का आना-जाना आसान होने से भाड़े में कमी आएगी, जिससे कारीगरों के उत्पाद ज्यादा बिकेंगे। पर्यटन के मोर्चे पर भी मंडल में भारी उछाल आना तय है।

# उर्स-ए-शाह शुजाअत अली मियाँः तक़रीरी कार्यक्रम का शानदार व रूहानी आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

ककराला/बदायूँ। उर्स-ए-शाह शुजाअत अली मियाँ रहमतुल्लाह अलैह के पहले दिन रिवायती अंदाज़ में बाद नमाज़-ए-इशा रात 9 बजे से तक़रीरी कार्यक्रम का बेहद शानदार एवं रूहानी माहौल में आयोजन किया गया। दरगाह शरीफ़ का पूरा परिसर आकर्षक रोशनी से जगमगा उठा, जहां अक़ीदतमंदों की बड़ी संख्या ने इस इल्मी व रूहानी महफ़िल में शिरकत की। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध उलमा-ए-किराम– हज़रत मुफ़्ती फ़ैज़ान अशरफ संभली, हज़रत अल्लामा मुफ़्ती फहीम सकलैनी अज़हरी, हज़रत मौलाना रिफ़ाक़त सकलैनी, मौलाना रुम्मान क़ादरी, मौलाना मुख़्तार सकलैनी एवं मौलाना अनवार सकलैनी–ने अपने ख़िताबात में हज़रत क़िब्ला शाह मौलाना शराफ़त अली मियाँ हुज़ूर, हज़रत पीरो मुर्शिद क़िब्ला शाह मोहम्मद सकलैन मियाँ हुज़ूर तथा साहिबे उर्स हज़रत शाह शुजाअत अली मियाँ हुज़ूर की तालीमात, उपदेशों और इंसानियत भरे पैग़ाम को विस्तारपूर्वक बयान किया।उलमा-ए-किराम ने अपने संबोधनों में कहा कि इन बुज़ुर्गाने दीन की ज़िन्दगी मोहब्बत, भाईचारा, अमन और इंसानियत की मिसाल रही है। उनकी तालीमात आज भी समाज को सही दिशा दिखाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने मुरीदीन व अक़ीदतमंदों को नसीहत दी कि वे अपने किरदार और आचरण को बेहतर बनाएं तथा समाज में आपसी सौहार्द, एकता और भाईचारे को बढ़ावा दें।कार्यक्रम के दौरान समाज सुधार के मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें बुराइयों से दूर रहने, शिक्षा को अपनाने और नैतिक मूल्यों को जीवन में उतारने पर विशेष ज़ोर दिया गया। महफ़िल में नात-ओ- मनकबत के रूहानी कलाम पेश किए गए, जिन्हें सुनकर अक़ीदत मंद झूम उठे। सूफ़ियाना कलामों से पूरा माहौल रूहानियत में डूब गया और ख़नारा-ए-तकबीरक़ व ख़उर्स-ए- शाह शुजाअतक़ की सदाएं लगातार गूंजती रहीं। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद जान सकलैनी एवं मुख़्तार तिलहरी ने कुशलता के साथ किया। यह आयोजन देर रात तक अनुशासन एवं भव्यता के साथ जारी रहा। उर्स कमेटी द्वारा ज़ायरीन के लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गईं, जिससे सभी ने सुकून और इत्मीनान के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से हाफ़िज़ गुलाम गौस, हाफ़िज़ आमिल, हाफ़िज़ कारी क़ैस, मौलाना हाफ़िज़ अयाज़, मौलाना हाफ़िज़ यूनुस बरकाती, हाफ़िज़ सरफ़राज़, हाफ़िज़ हाशिम सकलैनी, हाजी लतीफ़ सकलैनी, ज़िया सकलैनी सहित बड़ी संख्या में अक़ीदतमंद मौजूद रहे। कुल मिलाकर, उर्स का पहला दिन रूहानियत, इल्म और भाईचारे के पैगाम के साथ बेहद कामयाब रहा।

## बदायूँ क्लब में विविध सांस्कृतिक प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । श्री रामनवमी के अवसर पर भारतीय नव वर्ष मेला समिति की ओर से दिनांक 27.03.26 को बदायू क्लब में विविध सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे नगर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया, रंगोली, व चित्र में रंग भरों में प्रतियोगिता में नगर के बच्चों की प्रस्तुतियों ने आयोजन को रचनात्मक एवं सांस्कृतिक रुप से समृद्ध बनाया। प्रति योगिता के निर्णायकों में डॉ सत्यम मिश्रा और आयुषी गुप्ता रहे, सभी विजयी प्रतियोगियों को कार्यक्रम के अन्त में सम्मानित किया गया। रंग भरोप्रतियोगिता के बाल वर्ग में यशिका जुनेजा ने प्रथम किमाया वैश्य ने द्वितीय व स्नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में गौरी शर्मा ने प्रथम कुशाग्र कुमार ने द्वितीय व अंजली चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजित दूसरी प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता रही जिसके किशोर वर्ग में ईशा ने प्रथम दर्शिका ने द्वितीय व मान्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसीप्रतियोगिता के युवा वर्ग में रचिता शर्मा ने प्रथम युक्ति ने द्वितीय व दीपाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विजयी प्रतियोगियों को करते हुए मेला समिति के महामंत्री डॉ अक्षत अशेष ने कहा राम नवमी के पावन अवसर पर ऐसे कार्यक्रम में आयोजनों से बच्चों को अपनी संस्कृति को पहचानने का अवसर प्राप्त होता है एवं सकारात्मक ऊर्ज़ा प्राप्त होती है। प्रतियोगिता समिति में मयंक गुप्ता, प्रशांत दीक्षित व शिवम वैश्य का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम में राम औतार मिश्रा, पंकज शर्मा , नितेश वार्ष्णेय , विवेक खुराना, रचित गोयल, नितिन गुप्ता, नितिन वैश्य आदि उपस्थित रहे। संचालन श्री रविंद्र मोहन सक्सेना ने किया।

## पेड़ कटान को लेकर विवाद, मारपीट व असलहा लहराने का आरोप

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में पेड़ कटान को लेकर ठेकेदार और काश्तकार के बीच विवाद का मामला सामने आया है। आरोप है कि विवाद के दौरान मारपीट, तोड़फोड़ की गई और असलहा लहराकर मजदूरों को भगा दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार ठेकेदार दिलीप उपाध्याय निवासी भगवानपुर पखनपुर गोसाईंगंज ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह जयसिंहपुर क्षेत्र के सेवतरी गांव में तालाब पर नीलामी में मिले पेड़ों की कटाई मजदूरों से करवा रहे थे।इसी दौरान बालीपुर निवासी अशोक वर्मा मौके पर पहुंच गए और पेड़ों को अपनी जमीन का बताते हुए पांच लाख रुपये की मांग करने लगे।आरोप है कि रुपये न देने पर अशोक वर्मा 10–15 लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर में तोड़फोड़ कर दी तथा कई कुंतल कटी हुई लकड़ी, कुल्हाड़ी व अन्य सामान जबरन उठा ले गए। इसके बाद लाइसेंसी बंदूक लहराकर मजदूरों को भगा दिया, जिससे मजदूर जान बचाकर मौके से भाग गए।बताया जा रहा है कि यह विवाद गांव के तालाब की गाटा संख्या 312 पर लगे पेड़ों की नीलामी से जुड़ा है। नीलामी की जानकारी मिलने पर काश्तकार अशोक वर्मा ने दावा किया था कि कुछ पेड़ उनकी जमीन पर हैं और उन्होंने नीलामी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए एसडीएम से शिकायत भी की थी। एसडीएम के निर्देश पर चकबंदी लेखपाल की रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि तालाब किनारे लगे लगभग दो दर्जन पेड़ अशोक वर्मा के खाते में दर्ज हैं, जिसके बाद विवाद और गहरा गया।ठेकेदार की शिकायत पर पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया है और मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं का मौके पर किया जा रहा निस्तारण

चांदा/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। चांदा थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रशासनिक सक्रियता और जनसुनवाई का प्रभावी स्वरूप देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी अमित कुमार मिश्रा ने की, जिनके नेतृत्व में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए गए।समाधान दिवस में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त उपस्थिति रही। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर तनवीर खां, कानूनगो एवं हल्का लेखपाल मौके पर मौजूद है।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया गया कि उनकी शिकायतों का पारदर्शी, समयबद्ध और न्यायपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है थाना समाधान दिवस के आयोजन से क्षेत्रीय लोगों में विश्वास बढ़ा है और प्रशासन के प्रति सकारात्मक संदेश जा रहा है।

# 9 वर्ष की अभूतपूर्व उपलब्धियों एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का जन जागरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल (बहजोई) । उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विगत 9 वर्ष की अभूतपूर्व उपलब्धियों एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का जन जागरण, प्रदर्शनी एवं विचार गोष्ठी/ संवाद सम्मेलन के अंतर्गत आज बस स्टैंड बहजोई पर जनपद सरस मेला 2026 का आयोजन किया गया। जनपद सरस मेला 2026 की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा की गयी जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर श्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव जी रहे जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व दर्ज़ा प्राप्त मंत्री श्रीमती मंजू दिलेर जी, ब्लॉक प्रमुख बनियाखेडा श्रीमती डॉ सुगंधा सिंह जी, मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गुलाब देवी जी के प्रतिनिधि श्री रामपाल सिंह जी रहे। कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एक पुष्प एवं पुस्तक देकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। मंच का संचालन कर रहे जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने बताया कि यह सरस मेला आज 28 मार्च से प्रारम्भ होकर 30 मार्च 2026 तक चलेगा। यह मेला महिलाओं की आजीविका, सशक्तिकरण, तथा जेन्डर आधारित समस्याओं पर आधारित है, इसका मुख्य फोकस महिलाओं की आजीविका पर है। उन्होंने आमजनमानस से अपील की कि यह मेला निशुल्क है इसमें आम जनमानस प्रतिभाग करें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यक्रम की रुपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सरस मेला के माध्यम से महिलाओं को आय बढाने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि गाँव गाँव अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाएं ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो सके। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर श्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वंय सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किये जाने वाले उत्पादों के लिए स्थानीय स्तर पर ही उनकी बिक्री हो सके ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि उनको अपने उत्पादों को दूर ले जाना न पडे इससे उनके समय तथा परिवहन पर किये जाने वाले व्यय की बचत हो सकेगी तथा उत्पादों से अच्छी बचत हो सकेगी एवं वह आर्थिक रूप से मज़बूत बन सकेंगी। कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक विकासखंड के ग्रामीण अंचल से लखपति दीदियां आयीं तथा 35 स्टाल लगाये गये तथा 500 महिला समूह के लोग थे। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी बनियाखेडा ज्योत्सना त्रिपाठी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जारी जिला सूचना अधिकारी।

## डीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

पूरनपुर। माधोटांडा क्षेत्र में जिला अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने मां गोमती आदर्श पर्यटन गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में साफ-सफाई, चारे-पानी की उपलब्धता और गौवंश की देखभाल की स्थिति को बारीकी से परखा डीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि गौशाला में रह रहे गौवंश को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई बनाए रखने, समय पर चारा एवं पानी उपलब्ध कराने और पशुओं के स्वास्थ्य पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की भी जांच की गई। इस पर जिला अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी रजिस्टर व रिकॉर्ड अद्यतन और व्यवस्थित रूप से रखे जाएं, ताकि किसी भी समय जांच में पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि गौशाला संचालन में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी डीएम ने यह भी कहा कि गौशालाएं केवल संरक्षण केंद्र ही नहीं, बल्कि पशु सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम हैं, इसलिए इनकी व्यवस्थाएं बेहतर रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और व्यवस्थाओं में लगातार सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# मिशन शक्ति 5.0 नारी सुरक्षा व सशक्तिकरण का व्यापक अभियान जारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं । उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद बदायूं में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का संचालन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं अंकिता शर्मा के निर्देशन में किया जा रहा है। जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा हैजागरूकता कार्यक्रम व चौपाल आयोजन थाना क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालि काओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और समस्याओं के समाधान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई।महत्वपूर्ण योजनाओं की दी जानकारी कार्यक्रमों के दौरान महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, जिनमें प्रमुख हैं– मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि म हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी महिलाओं की सुरक्षा हेतु जारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी विस्तार से बताया गया, जैसे–वीमेन पावर लाइनः 1090, पुलिस आपातकालीन सेवाः 112, महिला हेल्पलाइनः 181, एम्बुलेंस सेवाः 108, स्वास्थ्य सेवाः 102, साइबर क्राइम हेल्पलाइनः 1930, सीएम हेल्पलाइनः 1076 साइबर जागरूकता पर विशेष जोरअभियान के तहत साइबर अपराधों से बचाव के लिए भी लोगों को जागरूक किया गया। ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं से बचने के लिए सतर्क रहने की अपील की गई और किसी भी अनजान व्यक्ति से बैंकिंग जानकारी साझा न करने की सलाह दी गई। अभियान अवधि शासन के निर्देशानुसार यह विशेष अभियान 19 मार्च 2026 से 17 अप्रैल 2026 तक चलाया जाएगा।मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य महिलाओं औरबालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है, जिसके लिए पुलिस और प्रशासन लगातार प्रयासरत हैं।

## दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर आज भव्य दुर्गा जागरण का आयोजन

**बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता** । बदायूं शहर के ट्यूबवेल कॉलोनी के समीप स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर आज श्रद्धा और भक्ति का भव्य आयोजन होने जा रहा है। सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक ब्रह्मदेव शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी सरोज देवी द्वारा मां भगवती के विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालु देर रात तक भजन–कीर्तन और जागरण के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना करेंगे। आयोजन स्थल को विशेष रूप से सजाया गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमेटी और मंदिर के महंत राजेश नगर द्वारा विशेष सहयोग और व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजन को लेकर क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या मेंपहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेने और मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## पूर्व राज्यमंत्री हीरा लाल कश्यप की माता का निधन

**बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता** । जनपद बदायूं के पूर्व राज्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता हीरा लाल कश्यप की माता श्रीमती पार्वती देवी का हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पार्वती देवी के निधन की सूचना मिलते ही परिजन, रिश्तेदार एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका अंतिम संस्कार आज दिनांक 28 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे लालपुल स्थित श्मशान घाट पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग अंतिम विदाई देने पहुंचे। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति दें।

## थाना सहसवान पुलिस की बड़ी कार्रवाईः शांति व्यवस्था भंग करने वाले 12 आरोपी गिरफ्तार

**सहसवान/बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता** । जनपद बदायूं में कानून–व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सहसवान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शांति व्यवस्था भंग करने वाले 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे इस अभियान के अंतर्गत दो पक्षों के बीच मारपीट और गाली–गलौज की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। मामले में शामिल 12 लोगों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के नामः1. शुभान पुत्र असलम ऽ निवासी हिण्डौर 2. शोएब पुत्र राशिद ऽ निवासी अमनपुर 3. कामराम पुत्र राशिद ऽ निवासी अमनपुर 4. आरिस पुत्र कासिम ऽ निवासी नंगला चोई 5. अरशद पुत्र रागिर ऽ निवासी भवानीपुर 6. असलम पुत्र अख्तर अली ऽ निवासी हिण्डौर 7. साबिर पुत्र माशुक अली 8. कमर पुत्र मो0 नवी 9. भूरे पुत्र गट्टू 10. सालिम पुत्र यूनुस ऽ निवासी हिण्डौर 11. दानिश पुत्र तसब्बर ऽ निवासी भवानीपुर खैरू 12. रागिर पुत्र सादिव ऽ निवासी कसैड, थाना डिबाई (जनपद बुलंदशहर) कानूनी कार्रवाईः सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीमः उपनिरीक्षक श्री रामवीर सिंह एवं उनकी टीम द्वारा यह गिरफ्तारी की गई। पुलिस का कहना है कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## पिता की स्मृति में सेवा का संकल्पः डॉ. अजीत पाल सिंह ने लगाया रक्तदान व निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता** । समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए डॉ. अजीत पाल सिंह ने अपने पिता की स्मृति में रक्तदान एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर के दौरान 7 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। वहीं लगभग 200 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 150 लोगों की मधुमेह (डायबिटीज) जांच तथा 70 लोगों की थायराइड जांच की गई। इसके अलावा, शिविर में पंजीकरण कराने वाले सभी लोगों की बीपी (ब्लड प्रेशर) एवं ऑक्सीजन स्तर की भी निशुल्क जांच की गई। डॉ. अजीत पाल सिंह ने बताया कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंदों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखने का संकल्प लिया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

## दलित के घर में घुसकर गैर समुदाय के लोगों ने हाथों में तमंचे लेकर बरसाए ईंट पत्थर महिलाएं और बच्चे घायल

**बिनावर/बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता** । थाना बिनावर क्षेत्र गांव ओझा में गैर समुदाय के लोगों ने बीती शुक्रवार शाम एक दलित परिवार पर घर में घुसकर हमला कर दिया दबंगों के हाथों में तमंचे थे और घर में घुसकर जमकर ईंट पत्थर बरसाए गए घटना की सूचना पुलिस को दी गई पीड़ित पप्पू पुत्र किशनलाल ने थाने में तहरीर देकर आरोपी गुड्डू ,मुशीर, मोनिश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है पीड़ित का कहना है कि आरोपी दबंग औरत आए दिन उसको घेरते रहते हैं जान से मारने और गांव से भगाने की धमकी देते हैं। हमले में पीड़ित की पत्नी अनारकली के सीने में बेटे अरुण और अरवन के गुम चोटें लगी है।

## सहसवान गैस संकट

**सहसवान/बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता** । इंडेन गैस एजेंसी पर भारी अव्यवस्था के चलते उपभोक्ता परेशान हैं। 18 दिनों से बुकिंग के बावजूद लोगों को सिलेंडर नहीं मिल रहा, जिससे चूल्हे ठंडे पड़ने की नौबत आ गई है।आरोप है कि गैस सिलेंडर 2000ऽ2500 रुपये में कालाबाजारी में बेचे जा रहे हैं, जबकि एजेंसी स्टॉक खत्म होने की बात कह रही है। होम डिलीवरी के दावे भी फ़ेल साबित हो रहे हैं। प्रशासन और आपूर्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बावजूद हालात जस के तस हैं। जनता ने तत्काल कार्रवाई और व्यवस्था सुधार की मांग की है।

## महिला से मारपीट व गला दबाने के मामले में मुकदमा दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

पूरनपुर।थाना क्षेत्र के ग्राम नवदिया टांडा छत्रपति में एक महिला के साथ मारपीट और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश का मामला सामने आया है पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है पीड़िता फूलन देवी पत्नी भगवानदीन ने बताया कि उसका पति बाहर काम करता है और वह अपने छोटे बेटे के साथ घर पर अकेली रहती है आरोप है कि उसका पड़ोसी परशुराम पुत्र रामभरोसे आए दिन गाली–गलौज कर परेशान करता रहता है 26 मार्च 2026 की शाम करीब 4 बजे आरोपी शराब के नशे में उसके घर में घुस आया और गालियां देने लगा विरोध करने पर आरोपी ने उसका गला दबाया और मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए और 112 पुलिस को सूचना दी गई।

# अफवाहों पर नियंत्रण के लिए प्रशासन सख्त, दो दर्जन से अधिक पेट्रोल पंपों पर छापेमारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। जनपद में गैस पेट्रोल एवं डीजल की कमी को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया हैं जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर आपूर्ति विभाग ने जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया और आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया जिला पूर्ति विभाग के सभी सप्लाई इंस्पेक्टर ने सुबह 7 बजे से ही कादीपुर अखंडनगर, लंभुआ, नारायणपुर, पयागीपुर आहट, तथा बस अड्डा क्षेत्र सहित जनपद के दो दर्जन से अधिक पेट्रोल पंपों पर एक साथ निरीक्षण एवं छापेमारी की कार्रवाई की इस दौरान सप्लाई इंस्पेक्टर वैभव श्रीवास्तव एवं मुबीन सिद्दीकी लगातार पेट्रोल पंपों पर मौजूद रहे और आम जनता से सीधा संवाद कर स्थिति स्पष्ट की निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध ईंधन स्टॉक की जांच की तथा आपूर्ति व्यवस्था को परखा। जिला पूर्ति अधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जनपद में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता हैं इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं के साथ किसी प्रकार का भेदभाव या दुर्व्यवहार न किया जाए तथा सभी को सामान्य रूप से ईंधन उपलब्ध कराया जाए यदि किसी व्यक्ति को पेट्रोल डीजल या गैस प्राप्त करने में समस्या आती हैं तो वह जिला पूर्ति कार्यालय सुलतानपुर के कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9120098526, 7800900041 एवं 9696282871 पर संपर्क कर सकता हैं। जनता से अपील प्रशासन ने लोगों से घबराकर ईंधन की अनावश्यक खरीदारी न करने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की हैं प्रशासन द्वारा लगातार पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों की निगरानी की जा रही हैं ताकि कालाबाजारी या कृत्रिम संकट की स्थिति उत्पन्न न हो डीजल-पेट्रोल की सुचारु आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश जारी अब बोतल, डिब्बे व ड्रम में ईंधन देने पर सख्ती जनपद में डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा नए निर्देश जारी किए गए हैं आदेश के अनुसार अब पेट्रोल पंपों से ईंधन बोतल, डिब्बे, ड्रम या अन्य पात्रों में देने पर सख्ती बरती जाएगी। उपभोक्ताओं को पेट्रोल-डीजल केवल वाहनों में ही उपलब्ध कराया जाएगा प्रशासन का कहना हैं कि यह कदम अनावश्यक भंडारण एवं कालाबाजारी रोकने के लिए उठाया गया हैं। पेट्रोल पंप संचालकों को पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने तथा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला किया, खुद का गला रेता दोनों रेफर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



दोस्तपुर/सुल्तानपुर। जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के संसारपुर गांव में शनिवार सुबह एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी ने खुद को भी घायल कर लिया। गंभीर हालत में दोनों को अंबेडकरनगर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना चंद्रभान निषाद और उनकी पत्नी पूजा (लगभग 30 वर्ष) के बीच हुई। विवाद का मुख्य कारण चंद्रभान की नशे की लत थी। पूजा द्वारा इसका विरोध करने पर चंद्रभान ने कुल्हाड़ी से उन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके बाद आरोपी ने स्वयं का गला काटकर आत्महत्या का प्रयास भी किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए अंबेडकरनगर के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसओ अनिरुद्ध सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, चंद्रभान और पूजा की शादी छह साल पहले हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, दीपाली (5 वर्ष) और भोला (2 वर्ष)। चंद्रभान की शराब और गांजे की लत के कारण पूजा अक्सर अपने मायके में रहती थीं। चंद्रभान पांच दिन पहले ही उन्हें ससुराल से वापस घर लाए थे। सीओ विनय गौतम ने बताया कि पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# मुस्लिम बाहुल्य गांव में संदिग्ध हालात में युवती का शव घर में लटका मिला

**घटनास्थल पर नहीं पहुंचे परसपुर थानाध्यक्ष**

**पुलिस ने युवती का की पैड मोबाइल कब्जे में लिया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । परसपुर थाना क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य ग्राम कुड़ियाव में शनिवार की सुबह संदिग्ध हालात में (18) वर्षीय रोशनी सिंह का शव उसके ही घर में टाड़ के चुल्ले से दुपट्टे के सहारे लटकता हुआ मिला है।जिस चुल्ले से फांसी लगाने की बात सामने आ रही उस टाड़ के नीचे खड़ा होने पर सिर से महज छह इंच के आसपास का फासला है। सूचना के बाद व्यस्तता के चलते थानाध्यक्ष घटना स्थल पहुंचना मुनासिब नही समझा।थाने की पुलिस के साथ जिले की फोरेंसिक टीम घटना स्थल पहुंची। वहां लोगों से पूछताछ कर जरूरी साक्ष्य जुटाए?। पुलिस ने परिजनों के मौजूदगी में उतारे गए शव का पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। युवती ने यह कदम अगर उठाया भी तो क्यों? घटना कैसे और क्यों घटी यह अभी पहेली बनी हुई है। एसओ कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया वह थाने पर नही है। घटना स्थल पर आवश्यक कार्रवाई के लिए दरोगा असगर अली के साथ महिला- पुलिस आरक्षियों को भेजा गया है। पुलिस ने युवती का की पैड मोबाइल फोन कब्जे में लिया गया है। जिसकी काल डिटेल की भी जांच होगी।कुड़ियाव मुस्लिम बाहुल्य पंचायत है। यहां कुछ घर दूसरे समुदाय के है। मृतका की मां कमलेश सिंह के मुताबिक शुक्रवार रात सब ठीक-ठाक रहा। भोजन के बाद उसकी बेटी एक कमरे उसके साथ सो गई। आधी रात के बाद भोर तकरीबन तीन बजे जब उसकी बेटी उठी तो मां नींद खुलने पर उसने बेटी पूछा कि तबियत तो ठीक है। इसके बाद अस्वस्थ मां फिर सो गई। सुबह वह कमरे से गायब मिली। देखा तो बगल के कमरे में उसका शव लटक रहा था। बताया अगले वर्ष उसकी शादी होनी थी। बीमारी के चलते पिता विजय बहादुर सिंह की तकरीबन पांच साल पहले मौत हो चुकी है। तीन बहनों में विवाहित बड़ी बहन माधुरी सिंह अपने ससुराल बहराइच में है। स्वर्गीय विजय बहादुर सिंह की तीन बेटियों के सिवा कोई पुत्र नही था। उनकी मौत के बाद घर पर मां कमलेश सिंह के साथ रोशनी सिंह व (12) सौम्या सिंह घर और खेती के सारे कामों में हाथ बंटाती थी। घर का सारा बोझ पत्नी कमलेश सिंह के कंधों पर था। उधर बेटियों की शादी की भी चिंता थी। शनिवार को अठ्ठहर वर्षीय रोशनी सिंह की मौत के बाद घर पर कोहराम मचा है। घर में अब अकेली बची मां और छोटी बेटी सौम्या रो रोकर बदहवास थी। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया पुलिस हर पहलुओं पर जांच कर रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट काल डिटेल आने के बाद जो भी न्याय उचित कार्रवाई होगी वह की जाएगी।

# इंग्लिश मीडियम स्कूलों की मनमानी पर सवाल फीस और किताबों ने बढ़ाई परेशानी

**महंगी शिक्षा का दबाव, नियंत्रण को लेकर शिक्षा विभाग पर नजर, जिला प्रशासन से सख्ती की उम्मीद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में प्राइवेट इंग्लिश मीडियम स्कूलों को लेकर अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ रही है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक फीस, किताब और कॉपी की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं,अभि भावकों का कहना है कि हर सत्र में फीस में बढ़ोत री हो रही है। इसके साथ ही एडमिशन, ड्रेस और अन्य मदों में भी अलग-अलग शुल्क लिया जा रहा है।इससे मध्यम वर्ग और सीमित आय वाले परिवा रों पर सीधा असर पड़ रहा है।अभिभावकों ने जि ला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।उन्हें उम्मी द है कि जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाएंगी। लोगों का कहना है कि फीस निर्धारण, किताबों की स्वतंत्र खरीद और शिक्षा की गुणवत्ता पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जरूरी हैं।

## फीस के अनुपात में शिक्षा पर उठे सवाल



अभिभावकों का आरोप है कि बढ़ती फीस के बा वजूद पढ़ाई का स्तर संतोषजनक नहीं है।कुछ स्कू लों में शिक्षण व्यवस्था और संसाधनों को लेकर भी सवाल सामने आ रहे हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और चुनौतीपूर्ण बताई जा रही है।यहां अभिभावक आर्थिक दबाव के बावजूद बच्चों को इंग्लिश मीडि यम में पढ़ाने को मजबूर हैं,लेकिन अपेक्षित गुणव त्ता नहीं मिल रही।

## तय दुकानों से खरीदने का दबाव,

कई अभिभावकों ने बताया कि स्कूल प्रबंधन की ओर से कॉपी और किताबें तया दुकानों से खरीदने को कहा जाता है,खुले बाजार में उपलब्ध विकल्पों के बावजूद अधिक कीमत पर सामग्री लेने की म जबूरी बनती है।इस व्यवस्था को लेकर अभिभाव कों में असंतोष है,उनका कहना है कि इससे अना वश्यक खर्च बढ़ता है और पारदर्शिता की कमी न जर आती है।

## खर्च बढ़ा राहत नहीं, अभिभावक

मामले को लेकर शिक्षा विभाग की निगरानी पर भी सवाल उठ रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि शिकायतें सामने आने के बाद भी कोई स्पष्ट कार्रवा-ई नहीं होती है है।सिर्फ कागजो में कोरम पूरा किया जाता है,इस कारण स्कूलों की कार्यप्र णाली पर नियंत्रण की मांग तेज हो रही है। इंग्लिश मीडियम स्कूलो में हो रहे अभिभावकों का शोषण फिलहाल यह मुद्दा जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है,अभिभावक प्रशासन की कार्यवाही का इंतजार कर रहा है।

# थाना समाधान दिवस पर अनुपस्थित रहने वाले लेखपालों को शोकाज नोटिस जारी के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप,आमजन की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान के लिए आज शनिवार को देहात कोतवाली में जि लाधिकारी प्रियंका निरंजन ने थाना समाधान दिव स का आयोजन किया था।जहां उन्होंने राजस्व वि भाग के अधिकारियों के साथ दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर समाधान के निर्देश दिए है।इस दौ रान,थाना समाधान दिवस से बिना किसी पूर्व सूच ना के अनुपस्थित पाए गए दो लेखपालों,सदर तह सील के फय्याज अहमद और स्वामीनाथ,पर जि लाधिकारी ने कार्रवाई की।इन दोनों लेखपालों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।नोटिस का जवाब मिलने के बाद उनके खि लाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। उपस्थित सभी राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर तत्काल प्रभाव से उन्हें हटवाया जाए और जमीन खाली कराई जाए।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के थाना समाधान दिवस के दौरान कुल आठ शि कायतें प्राप्त हुईं,जिनका मौके पर ही पुलिस अधिकारियों के सहयोग से समाधान कर दिया गया।अधिकारियों और कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि भविष्य में आने वाली शि कायतों का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेकर, शिका यतकर्ता और संबंधित पक्षों को बुलाकर मौके पर ही समाधान किया जाए।शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।सदर एसडीएम और तहसीलदार को निर्देश दिए गए कि अगले थाना समाधान दिवस में सभी लेखपालों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।अनुपस्थित रहने वाले लेख पालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। डीएम प्रियंका निरंजन ने बताया कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है।लेखपाल बिना किसी सूचना के गायब थे उन्हें शोकॉज नौकरी जारी की गई है शिकायतों का गंभीरता पूर्वक निस्तारण करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# ग्रामीण और शहरी इलाकों में तेल की भारी किल्लत, डीजल की मांग पेट्रोल से भी अधिक

**डीजल-पेट्रोल संकट पंपों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में डीजल और पेट्रोल की खपत में अ चानक तेज वृद्धि ने तेल संकट खड़ा कर दिया है। पिछले दो दिनों में तेल की मांग लगभग पांच गुना बढ़ गई है।खासकर डीजल की खपत पेट्रोल से अ धिक रही।कृषि वाहन,व्यवसायिक वाहन और भा री वाहन संचालक तेल का जमाव और भंडारण करने लगे हैं।गोंडा लखनऊ मार्ग पर पेट्रोल पंपों पर लोग सुबह से ही तेल के लिए इंतजार कर रहे थे।कमल पेट्रोल पंप गोंडा फैजाबाद रोड पंप खुला था,जबकि गोंडा, बलरामपुर, इटियाथोक मार्ग पर तेल समाप्त हो चुका था।डीजल-पेट्रोल के लिए भी ड़ बढ़ी।कुछ पंपों पर मारामारी जैसी स्थिति भी ब न गई।कई पंपों ने दोपहिया वाहनों के लिए दो सौ रुपये और चारपहिया वाहनों के लिए पांच सौ रुप ये की लिमिट तय की। इसके बावजूद भी कतारों में लोग खड़े रहे।अधिकारियों के अनुसार,यह अचा नक मांग पेट्रोल और डीजल दोनों के स्टॉक को प्र भावित कर रही है।इससे शहर और ग्रामीण इला कों के पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं की लंबी कता रें लग गई हैं।

## पंपों पर नो-फ्यूल की सूचना, हड़कंप मचा

शुक्रवार को दर्जनों पेट्रोल पंपों पर तेल खत्म होने की सूचना चस्पा कर दी गई। सद्भावना पुलिस चौ की के पास भारत पेट्रोलियम, गोंडा फैजाबाद रोड पांडे पुरवा के पास बने इंडियन मिल और हिंदुस्ता न पैट्रोलियम के दोनों पर बंद थे,यही नहीं खोबा चौराहे से पहले भारत पेट्रोलियम का भी पंप बंद था।शहर में कई पंपों पर उपभोक्ताओं ने सुबह से ही इंतजार करना शुरू कर दिया।दोपहर तक कई पंपों पर तेल पूरी तरह से खत्म हो गया।पूर्ति विभा ग का दावा है कि अगले दो-तीन दिनों में स्थिति लि ए संघर्ष करते नजर आए।सामान्य हो जाएगी।बाव जूद इसके, ग्रामीण और शहर के लोग तेल पाने के लिए संघर्ष करते नजर आए.

## पुलिस और राजस्व विभाग ने संभाली मोर्चा

भीड़ बढ़ने और अफरात-फरी को देखते हुए पुलि सकर्मी और राजस्व अधिकारी पेट्रोल पंपों पर पहु चे और तेल वितरण मे मदद की।इस दौरान कई लोग टंकी और बड़े डिब्बे लेकर पहुंचे,ताकि वे पेट्रो ल और डीजल इकट्ठा कर सकें।कुछ उपभोक्ता इ से भविष्य में महंगे दामों पर बेचने की सोच के सा थ ले जा रहे थे।

# बहराइच में ममता संस्था का प्रसार कार्यक्रम, ग्राम स्वास्थ्य समितियां सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। यूपी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में विभिन्न जनकल्याण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड द्वारा संचालित सशक्त गांव, विकसित राष्ट्र परियोजना के अंतर्गत एक भव्य प्रसार कार्यक्रम का आयोजन मल्टीपरपज स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थित उत्थान ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में जनपद के 8 विकास खंडों से आए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी, ग्राम प्रधान, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। संस्था द्वारा जनपद की 647 ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों को सशक्त एवं सक्रिय बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य समितियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा, उन्हें और मजबूत बनाने की रणनीति पर चर्चा तथा ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना रहा। इस दौरान विभिन्न विकास खंडों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 24 ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों को प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में समितियों को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक स्वास्थ्य उपकरण भी वितरित किए गए, जिनमें जांच मेज, परदा सेट, शिशु माप यंत्र, शिशु वजन मशीन, सामान्य वजन मशीन एवं लंबाई मापने के उपकरण शामिल रहे। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने कहा कि ग्राम स्वास्थ्य समितियां ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की आधारशिला हैं और इनके माध्यम से ही स्वास्थ्य सेवाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाई जा सकती हैं। उन्होंने पारदर्शिता के साथ संसाधनों के उपयोग एवं सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद राशिद, डॉ. पियूष नायक सहित ममता संस्था की दिल्ली, लखनऊ एवं बहराइच टीम के सदस्य तथा सभी विकास खंडों के चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में यह संदेश दिया गया कि सामुदायिक सहभागिता और सशक्त समितियों के माध्यम से ही ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है।

# 59वीं वाहिनी एसएसबी द्वारा चैत्र नवरात्रि का भव्य समापन, हवन व भंडारा आयोजित

नानपारा, बहराइच।। 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय नानपारा में चैत्र नवरात्रि पर्व का समापन श्रद्धा, उल्लास एवं धार्मिक गरिमा के साथ किया गया। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन पूजन-अर्चन का क्रम चलता रहा, जिसका समापन विशेष पूजन, हवन एवं पूर्णाहुति के साथ हुआ। समापन अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी (कार्यवाहक कमांडेंट) पंकज कुमार ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधानपूर्वक हवन एवं पूजन सम्पन्न कराया गया। इस दौरान वाहिनी के अधिकारी, जवान एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूजन के उपरांत वाहिनी परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और सभी ने उत्साहपूर्वक



सहभागिता की। इस अवसर पर बल के जवानों के बीच आपसी एकता, अनुशासन एवं सामूहिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन जवानों को मानसिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्र की एकता, सुरक्षा तथा सभी जवानों एवं उनके परिजनों के सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

# जनप्रतिनिधियों की शिकायतों एवं प्रस्तावों को गम्भीरता से लेकर निस्तारण करें अधिकारी : किशोरी लाल शर्मा



**अमेठी में सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति ''दिशा'' की बैठक सम्पन्न**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति ''दिशा'' की बैठक शनिवार को विकास भवन के प्रेरणा सभागार में सांसद किशोरी लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना परंपरागत कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रक नियंत्रण कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव ने पूर्व दिशा की बैठक में जनप्रतिनिधियों के उठाये गये मुददे सुझावों पर की गई कार्यवाहियों के महत्वपूर्ण बिंदुओं को समिति के समझ प्रस्तुत किया जिस पर समिति के सदस्यों द्वारा सहमति दी गई। बैठक में सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि सभी योजनाएं सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं सभी अधिकारीगण योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से करें। सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों से सतत संवाद बनाए रखें तथा जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर शासन की योजनाओं को बेहतर दिशा दें तथा उन्हें धरातल पर उतारे और पात्र लोगों को लाभान्वित करें।बैठक में जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिये गये हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा।बैठक में गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, सीडीओ सचिन कुमार सिंह,जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, बीएसए संजय तिवारी,ब्लाक प्रमुख भेटुआ आकर्ष शुक्ला,सदाशिव यादव सहित अन्य ब्लाक व ग्राम स्तर के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गेहूं बेचने आए किसानों का सम्मान,खाते में भेजा गया भुगतान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । बेलसर ब्लॉक के लौव्वा टेपरा स्थित अथरि स फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी एफपीओ पर गेहूं बेचने आए किसानों को सीईओ कुलदीप मिश्रा ने सम्मा नित किया। उन्होंने बताया कि बीज के लिए गेहूं खरीद शुरू हो गई है और अब तक करीब पांच सौ कुंतल गेहूं खरीदा गया है।कंसापुर फार्म के सरदार रंजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, हरकीरत सिंह, कुलविंदर सिंह समेत आधा दर्जन किसानों ने अपनी उपज बेची। सभी किसानों के खातों में भुगतान भी भेज दिया गया।

# न्यू छीना रिसॉर्ट में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी: शिक्षा सशक्त पंचायत और समग्र विकास पर मंथन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।पूरनपुर क्षेत्र में न्यू छीना रिसॉर्ट में ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय निकाय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों के लिए एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से संवाद किया गया कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर विद्यालयी वातावरण तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण पर जोर दिया गया वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही वह आधार है, जिससे नई पीढ़ी को सशक्त और सक्षम बनाया जा सकता है इसके लिए विद्यालयों में सुविधाओं के सुधार और शिक्षण गुणवत्ता को बढ़ाने पर बल दिया गया संगोष्ठी में पंचायतों की भूमिका को मजबूत बनाने पर भी विस्तृत चर्चा हुई यह बात सामने आई कि यदि पंचायतें सशक्त होंगी तो जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा की भावना को पंचायत स्तर पर और अधिक मजबूती देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया इसके साथ ही क्षेत्र के समग्र एवं सतत विकास को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विकास कार्यों में आ रही चुनौतियों और उनके समाधान पर सुझाव प्रस्तुत किए कार्यक्रम के अंत में यह संकल्प दोहराया गया कि सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से क्षेत्र को विकास, सुशासन और जनविश्वास की नई पहचान दिलाई जाएगी इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक बाबूराम पासवान विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह,अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष परगट सिंह,प्रधान संघ अध्यक्ष डॉ सत्यपाल शर्मा, आदर्श समायोजित शिक्षक वेलफ़ेयर एसोसिएशन संघ अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह कुशवाह,राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका डॉ नीराजना शर्मा, शिक्षिका सुगंध अग्रवाल, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष सूर्य प्रकाश गंगवार,सम्मानित शिक्षक गण और प्रधान गण उपस्थित रहे हैं।




# खेत में खड़ंजा- नाली निर्माण, मुझा खुर्द के प्रधान पर धमकी और भ्रष्टाचार के आरोप बीडीओ से की शिकायत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**ग्रामीण नें शिकायत कर प्रधान व सचिव के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की उठाई मांग**

पूरनपुर। विकास खंड पूरनपुर के ग्राम मुझा खुर्द में ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार और सरकारी धन के दुरुपयोग को लेकर ग्रामीणों में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है। गांव में इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चा इसी बात की है। कि विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का मनमाने ढंग से इस्तेमाल किया जा रहा है।ग्रामीणों का आरोप है। कि प्रधान द्वारा बिना किसी स्पष्ट मानक और राजस्व विभाग से भूमि की नाप कराए बिना ही नाली व खड़ंजा निर्माण कराया जा रहा है। इतना ही नहीं, निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी सवालों के घेरे में है। लोगों का कहना है। कि बिना रोड़ा डाले और बिना मजबूत बेस तैयार किए निर्माण कराया जा रहा है, जिससे साफ तौर पर सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका बढ़ गई है।गांव में यह भी चर्चा है कि कई कार्य सिर्फ कागजों में दिखाकर भुगतान निकाला गया है। मजदूरों की हाजिरी, मास्टर रोल और लेबर भुगतान के रिकॉर्ड को लेकर भी ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं। आरोप है कि फर्जी तरीके से भुगतान कर ग्राम निधि के धन को हड़पा जा रहा है।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम निधि के खातों से धनराशि प्रधान के परिवारजनों और करीबी लोगों के खातों में ट्रांसफर की गई है। इससे गांव में भ्रष्टाचार की चर्चाएं और तेज हो गई हैं। लोगों का कहना है। कि विकास कार्यों के नाम पर सरकारी पैसे का खेल लंबे समय से चल रहा है।कई ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पुराने निर्माण की ईंटों को उखाड़कर निजी कार्यों में इस्तेमाल किया गया, जबकि नए कार्यों में भी घटिया सामग्री लगाकर भुगतान पूरा निकाला जा रहा है।

इससे गांव में विकास के बजाय सिर्फ भ्रष्टाचार की तस्वीर सामने आ रही है।इस संबंध में ग्रामीणों ने शनिवार दोपहर 12 बजे प्रभारी खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम निधि से परिजनों व चहेतों के खातों में धन ट्रांसफर करने का भी आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल से नाप कराने, मौके का निरीक्षण कर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## स्कूल का ताला तोड़कर एमडीएम सामग्री चोरी

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मुंशीगंज क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने शिक्षा के मंदिर को निशाना बनाया है और बेखौफ चोरों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय चिलबिली के स्टोर रुम और प्रधानाध्यापक कक्ष का तला तोड़कर एमडीएम योजना के खाद्यान्न समेत अन्य सामग्री पार कर दिया है। पुलिस ने प्रधानाध्यापक की तहरीर पर अभियोग दर्जकर मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय चिलबिली के प्रभारी प्रधानाध्यापक राम सागर ने स्थानीय पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि बेखौफ चोरों द्वारा विद्यालय के स्टोर रूम और प्रधानाध्यापक कक्ष में लगे दरवाजे की कुंडी जंजीर तथा ताला तोड़कर उसमें रखे सामानों को अस्त व्यस्त कर दिया और वि?द्यालय से संबंधित स्टेशनरी किताबें ब्लूटूथ लाउडस्पीकर और एमडीएम योजना से सम्बंधित राशन पन्द्रह किलो चावल तथा दस किलो गेहूं उठा ले गये इसके साथ ही विज्ञान और गणित की किट के सामानों को तोड़कर अस्त व्यस्त कर दिया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राम सागर ने इस चोरी की वारदात से शाहगढ़ के खण्ड शिक्षा अधिकारी को भी अवगत करा दिया है। स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्जकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## मंत्री संजय सिंह गंगवार ने प्रतिष्ठान का किया शुभारंभ

**पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपनी विधानसभा क्षेत्र अमरिया के गांव बड़ेपुरा में स्थित बड़े गुरुद्वारे के निकट सर्वजीत सिंह छब्बा के नए प्रतिष्ठान बल एनर्जी स्टेशन का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।साथ ही उपस्थित जनों से संवाद कर सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे विकास कार्यों एवं केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ सहित भविष्य की विभिन्न विकास योजनाओं पर चर्चा की हैं।

## मां गोमती दर्शन यात्रा-2026: श्रद्धा, आस्था और जनसहभागिता के साथ संपन्न हुआ पूजन कार्यक्रम

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद पीलीभीत में आयोजित मां गोमती दर्शन यात्रा-2026 के अंतर्गत मां गोमती पूजन कार्यक्रम श्रद्धा, आस्था और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अरुण कुमार सक्सेना के मुख्य आतिथ्य में प्रतिभाग किया पूजन कार्यक्रम के दौरान मां गोमती के तट पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने मां गोमती से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और पर्यावरण संरक्षण की कामना की पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति का माहौल देखने को मिला इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में गोमती नदी के संरक्षण, स्वच्छता और जल संसाधनों के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गोमती नदी केवल जलधारा ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर भी है, जिसे संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है मां गोमती दर्शन यात्रा-2026 का उद्देश्य जनमानस में नदी के प्रति आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है इस यात्रा के माध्यम से लोगों को नदियों की स्वच्छता, जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व के बारे में संदेश दिया जा रहा है कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर और फूल अर्पित कर मां गोमती का आशीर्वाद प्राप्त किया अंत में, जिला अधिकारी ने सभी से अपील की कि वे गोमती नदी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखने में अपना योगदान दें, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस पावन धरोहर का लाभ उठा सकें।

## युवक ने कभी कोई कारोबार नही किया फिर भी तीन जिलों में खुल गयी फर्म, बकाया सुनकर उड़े होश

**सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जी हाँ! खबर बेहद चौंकाने वाली है। सुल्तानपुर के युवक ने कभी कोई कारोबार नही किया फिर भी तीन जिलों में खुल गयी फर्म, बकाया जीएसटी सुनकर उड़े होश। कभी देवरिया तो कभी मिर्ज़ापुर दौड़ लगाई। जब 1,11,51,537 का जीएसटी बिल मिला तो उड़े होश। आपको बता दें कि नगर के शास्त्री नगर मोहल्ले के शुभम श्रीवास्तव हैं। पीड़ित शुभम के कहे को सच मानें तो वह दो माह से एक फार्मा कम्पनी में कार्य करते हैं । प्रार्थी का नगर के बांधमंडी भारतीय स्टेट बैंक में बचत खाता है। बीते साथ दिसंबर को सब्जी खरीदने के बाद जब वह अपने पएकंाउट से ऑनलाइन पेमेंट करना चाहा तो उसमे से पेमेंट नहीं हुआ तो उन्हें आश्चर्य हुआ। वह भागे भागे बैंक गए तो बैंक वालो ने बताया कि आपका जीएसटी बकाया है। इस कारण आपके खाते में प्रॉब्लम चल रही है। प्रार्थी शुभम कई बार एसबीआई बैंक गए लेकिन उसे बैंक वाले गोलमोल जवाब देते रहे। तभी शुभम शहर के जिला पंचायत परिसर के अन्दर स्थित जीएसटी ऑफिस गया वंहा से पता चला की शुभम के नाम से बलिया, देवरिया तथा मिर्ज़ापुर में एक करोड़ 11 लाख 51,537/ रूपए जीएसटी बकाया है। पीड़ित ने बताया कि जीएसटी ऑफिस में बताया कि मैं कोई व्यवसाय नहीं करता हू। बीते 18 मार्च को जीएसटी ऑफिस मिर्ज़ापुर जनपद गया तो वहां ज्ञात हुआ कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी का आधार पैन लगाकर फ्रॉड व जालसाजी करते हुए उपरोक्त तीनो जीएसटी नंबर जारी कराकर प्रार्थी के नाम से कोई व्यवसाय कर रहा है। पीड़ित ने कई बार नगर कोतवाली दरख़्वास्त दी लेकिन सुनवाई नही हुई, एसपी से मिलकर पीड़ित ने न्याय की गुहार की है।

## अवधी को गूगल की भाषा बनाने पर व्याख्यान देंगे ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि

**सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अवधी भाषा को गूगल की भाषा कैसे बनाया जाय इस विषय को लेकर राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह 'रवि' लखनऊ में व्याख्यान देंगे। भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के भारतीय भाषा संस्थान व ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा लखनऊ में पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई है। जिसमें अवधी भाषा और प्रौद्योगिकी संरक्षण संवर्धन एवं भविष्य विषय पर अलग अलग दिनों में अलग अलग स्थान पर विभिन्न विद्वानों का व्याख्यान हो रहा है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में सोमवार तीस मार्च को विशिष्ट वक्ता के रूप में राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर व चर्चित साहित्यकार ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि अवधी भाषा को गूगल की भाषा बनाकर इंटरनेट पर सशक्त करने को लेकर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम अर्जुनगंज स्थित उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के सभागार में होगा।

# झारखण्ड और बंगाल के पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर पुलिस ने पकड़े गये युवकों के कब्जे से दस मोबाइल फोन और साढ़े छह हजार रुपया किया बरामद**

अमेठी । थाना जगदीशपुर पुलिस ने झारखण्ड और पश्चिम बंगाल प्रांत के पांच युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से दस मोबाइल फोन व साइबर धोखाधड़ी कर बैंक खाते से निकाले गये छह हजार पांच सौ रुपया नकद बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर आईटी एक्ट थाना कमरौली से संबंधित रोहित पुत्र अर्जुन निवासी चिनाकौड़ी बाजार थाना कुल्टी आसन सोल जिला वर्धमान पश्चिम बंगाल प्रान्त,उज्वल कुमार पुत्र बद्रीनारायण निवासी दरलाघाट थाना तीन पहाड़ जनपद साहबगंज झारखण्ड प्रान्त, नीतीश पुत्र हरीराम निवासी चिनाकौड़ी बाजार थाना कुल्टी आसनसोल जिला वर्धमान पश्चिम बंगाल प्रान्त,राजा पुत्र मंगला निवासी निगाह भाटापाडा थाना जमुडिया जिला आसनसोल पंश्चिम बंगाल प्रान्त,रमेश पुत्र सुरेश निवासी नोनिया बस्ती चिनाकुड़ी थाना कुल्टी आसनसोल जिला वर्धमान पश्चिम बंगाल प्रान्त को गिरफ्तार किया गया जिनकी तलाशी में उनके कब्जे से दस मोबाइल व छह हजार पांच सौ रुपया नकद बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि वे सभी एक साथ घूम टहलकर उत्तर प्रदेश के शहरों, कस्बों व बाजारों में घूमते हैं और किसी न किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन चोरी कर लेते हैं और वहां से तत्काल हट जाते हैं। चोरी किये गये मोबाइल सेट को पश्चिम बंगाल ले जाकर संजय मण्डल नाम के व्यक्ति से मोबाइल का लॉक खुलवाकर उसी मोबाइल से यूपीआई अथवा अन्य नेट बैंकिंग प्लेटफार्म तैयार कराकर उसी नम्बर से जुड़े बैंक खाते से ऑनलाइन फ्रॉड कर के रुपये निकालकर हम लोग खर्च करते हैं। बीती एक फरवरी को उन लोगों ने मोहनगंज के पास तिलोई बाजार में भीड़ में खरीदारी करते हुए एक व्यक्ति का मोबाइल निकाल लिया था तथा संजय मण्डल से नेट बैंकिग प्लेटफार्म बनवाकर यूपीआई के माध्यम से दिनांक नौ फरवरी तक उक्त बैंक खाते से कुल चार लाख छिहत्तर हजार तीन सौ छियासी रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रान्सफर करके सम्बन्धित खाता धारकों से नगदी प्राप्त कर आपस में बांट लिए थे। बरामद रुपये उसी साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त रुपये हैं, शेष रुपये खर्च हो गये हैं। थाना जगदीशपुर के कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि मुकदमा उपरोक्त में धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुये विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस ने विराज में कालाबाजारी के लिये रखा पेट्रोल और डीजल किया बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




तिलोई अमेठी । थाना मोहनगंज पुलिस ने ग्राम विराज में काला बाजारी हेतु अवैध भण्डारण किया हुआ दो सौ पैंतीस लीटर पेट्रोल व पचास लीटर डीजल बरामद किया है।पुलिस की छापेमारी से अवैध कारोबारियो में खलबली मच गई है। जनपद में संचालित पेट्रोल पम्पों पर डीजल पेट्रोल के लिये लोगों की लम्बी लम्बी लाइनें लगी देखी गई और प्लास्टिक के डिब्बों में लोगों ने खूब तेल भरवाया जिससे कई दिनों तक अफरा तफरी भी मची रही।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि विराज बाजार में अकबर हुसैन द्वारा बिना लाइसेंस के भारी मात्रा में पेट्रोल डीजल ड्रमों में भरकर काला बजारी करते हुये बेंचा जा रहा है। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर चेकिंग और पूंछतांछ की गई तो मौके पर मौजूद व्यक्ति द्वारा अपना नाम अकबर हुसैन पुत्र स्व. समीउल्ला निवासी विराज थाना मोहनगंज जनपद अमेठी बताया और पास में रखे ड्रमों व अन्य उपकरणों के बारे में पूंछने पर बताया कि इनमें पेट्रोल व डीजल है जिसे बेचने हेतु रखा है। पुलिस टीम द्वारा भण्डारण बिक्री किये जाने के संबन्ध में वैध प्रपत्र मांगने पर दिखा नही सका। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मौके पर ड्रमों में भरे कुल दो सौ पैंतीस लीटर पेट्रोल, पचास लीटर डीजल, एक कूपी, तेल मापने वाले लीटर व एक तेल निकालने वाली मशीन को कब्जे में लिया गया।उन्होंने बताया कि उक्त कार्यवाही की सूचना खाद्य एवं रसद आपूर्ति विभाग को देते हुये अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# थाना समाधान दिवस:डीएम व एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए सख्त निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।जनपद पीलीभीत के माधोटांडा थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिला अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनीं इस दौरान राजस्व, पुलिस एवं अन्य विभागों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज किया गया समाधान दिवस में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने भूमि विवाद, अवैध कब्जा, पारिवारिक विवाद, मारपीट और अन्य स्थानीय समस्याओं से जुड़ी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं जिला अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र ने पुलिस से संबंधित मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि सभी प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा पीड़ित पक्ष को संतुष्टि मिलनी चाहिए जिला अधिकारी ने विशेष रूप से राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जमीन से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए उन्होंने कहा कि लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटाया जाए और अनावश्यक देरी से बचा जाए। साथ ही, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच करने और निष्पक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने कुछ मामलों का मौके पर ही निस्तारण भी कराया, जिससे फरियादियों को तत्काल राहत मिली। इससे आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना और लोगों को न्याय के लिए इधर-उधर भटकने से बचाना है इस पहल के माध्यम से प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम सीधे जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है माधोटांडा में आयोजित यह समाधान दिवस प्रशासन की सक्रियता और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है यदि इसी तरह समयबद्ध और पारदर्शी कार्रवाई जारी रही, तो आमजन को राहत मिलने के साथ-साथ कानून व्यवस्था भी मजबूत होगी।

# गांव गरीब और समाज से जुड़कर राष्ट्रहित में करें कार्य : राकेश प्रताप सिंह

**ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों शिक्षकों एवं बच्चों को किया गया सम्मानित**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में बेसिक शिक्षा विभाग गौरीगंज द्वारा आयोजित ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों शिक्षकों एवं मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया।बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राकेश प्रताप सिंह ने शिक्षकों से शिक्षा को अधिक व्यवहारिक एवं जीवनोपयोगी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी को गांव, गरीब और समाज से जुड़कर राष्ट्रहित में कार्य करने के लिये प्रेरित किया तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर विशेष बल दिया।नवोदय विद्यालय, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा तथा राष्ट्रीय आश्रम पद्धति में चयनित प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया इसके साथ ही विकास क्षेत्र गौरीगंज की विभिन्न ग्राम पंचायतों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों व सभासद प्रमुख रूप से प्रधान संघ अध्यक्ष अश्वनी पाण्डेय,राज किशोर सिंह,ललित कुमार सिंह यदुनाथ मौर्य, रवि शंकर मिश्रा, बबिता मिश्रा,मनीष तिवारी,अनुपमा सिंह,कमलेश कुमारी, सोनू दशरथ आदि को प्रमाण पत्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।विकास क्षेत्र गौरीगंज के पैंतालिस निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भी विद्यालय निपुण होने व उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिये सम्मानित किया गया।खण्ड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने कहा कि विकास क्षेत्र गौरीगंज में बेसिक शिक्षा ,निपुण लक्ष्य, कायाकल्प के अंतर्गत किये जा रहे नवाचारों और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमेश सिंह द्वारा किया गया।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी,सीडीपीओ संतोष कुमार गुप्ता, विवेक शुक्ला, अश्वनी कुमार, रमा शंकर, किरन सिंह, गंगाधर, महेंद्र, आलोक, श्रीराम सोनी, प्रमोद तिवारी, विष्णु कंात, अरविंद पाण्डेय, अभिषेक यादव, विशाल मौर्य, अमन, प्रशांत सिंह सहित अन्य तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।




# एमएलसी का भारतीय किसान यूनियन प्रदेश सचिव ने किया भव्य स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कादीपुर/सुलतानपुर। हनुमत इंटर कॉलेज बिजेथुआ सूरापुर प्रबंधक मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में समय 2:00 बजे देवेंद्र प्रताप सिंह एमएलसी गोरखपुर का आगमन हुआ जिसमें रामकृपाल सिंह भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव व मंडल अध्यक्ष बनारस झिनूकू सिंह विनय सिंह जय कृष्णपांडे रामजन्म सिंह आदि सैकड़ो क्षेत्रीय, सम्मानित लोगों ने एमएलसी का माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा एमएलसी ने कहां कि समय बहुत गड़बड़ चल रहा है सवर्ण समाज को जागरूक होने की जरूरत है सबको अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज मजबूती से सड़कों पर उठानी चाहिए तभी सामाज को न्याय मिलेगा और नहीं तो आप को न्याय कहीं मिलना संभव नहीं है तथा मैनेजर को भी क्षेत्र के लोगों से सहयोग लेकर कॉलेज को आगे बढ़ाने का काम करें इसके बाद एमएलसी और उनके सहयोगी सहित तमाम लोग हनुमान जी का भव्य दर्शन कर अगले प्रोग्राम के लिए प्रस्थान किया।

# सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से संपन्न हुआ वार्षिक उत्सव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सुल्तानपुर। लिटिल फ्लावर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ओमनगर सुल्तानपुर में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. पी. सिंह रहे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने शिक्षा पर आधारित विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया और दर्शकों से खूब सराहना प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवशंकर मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि ‟शिक्षा को बोझ न समझें, शिक्षा ही मनुष्य का तीसरा नेत्र है।‟ उनके इस संदेश ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पुरस्कार भी वितरित किए गए। बेस्ट मदर अवार्ड सरिता जायसवाल एवं प्रांशु माथुर को प्रदान किया गया, जबकि बेस्ट फादर अवार्ड अनलेश विक्रम राव एवं मोहम्मद तबीब आलम को मिला। बेस्ट टीचर का सम्मान महिमा अग्रहरि को दिया गया। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा पीजी में अमृतांश पटेल, जूनियर केजी में विवांक तिवारी, एसकेजी में आरवी पटेल, कक्षा एक में काव्या माथुर, कक्षा दो में सात्विक पाण्डेय, कक्षा तीन में आकृति यादव, कक्षा चार में मृदुला, कक्षा पांच में इकरा अरशद, कक्षा छह में आदित्य मिश्रा, कक्षा सात में नव्या सिंह, कक्षा आठ में विनायक त्रिपाठी, कक्षा नौ में बुशरा अरशद तथा कक्षा 11वीं में अरहमा अली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। यह वार्षिक उत्सव सभी के लिए एक यादगार प्रेरणादायक एवं ऐतिहासिक आयोजन साबित हुआ।

## सम्पादकीय

# वाह सुक्खू बोलिए, वाह!

इसी 21 मार्च को जब हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य का वार्षिक बजट पेश किया तो एक क्रांतिकारी काम किया। अफसोस यह है कि उसकी चर्चा उसे हिसाब से नहीं हुई। शायद ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध कारण होगा लेकिन मीडिया, खासकर प्रिन्ट मीडिया को देखें तो दूसरे विषय भी पर्याप्त जगह पा रहे हैं- जी हां क्रिकेट का आईपीएल टूर्नामेंट तो शुरू होने के पहले से भर-भर पन्ने जगह पाने लगा है। हिमाचल भी इधर क्रिकेट में आयोजन के चलते चर्चा में रहा था, अपने आयोजक अधिकारियों के लिए विमान से मर्सीडीज टैक्सियां लाने ले जाने के लिए क्योंकि धर्मशाला जैसी छोटी जगह में ऐसी टैक्सियां कोई लेता ही नहीं। संयोग से क्रिकेट प्रशासन आजकल भाजपाई नेताओं के हाथ में है और सुक्खू साहब कांग्रेसी हैं। उन्होंने राज्य की वित्तीय परेशानियों के मद्देनजर अपना वेतन समेत सारे मंत्रियों, विधायकों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के वेतन में कटौती की और इसे छह महीने तक टालने का फैसला किया। विधायकों और छोटे अधिकारियों का वेतन बीस फीसदी कम हुआ तो मंत्रियों और बड़े अधिकारियों के वेतन में तीस फीसदी कटौती हुई और खुद मुख्यमंत्री ने अपना वेतन पचास फीसदी कम कर दिया। छोटे कर्मचारियों और पेंशन वालों के लिए कोई कटौती नहीं हुई। अब हिमाचल में आर्थिक आपातकाल है या नहीं यह बहस का विषय हो सकता है लेकिन इस कदम पर कोई बहस नहीं हो सकता और आम तौर पर इसकी तारीफ ही हुई है-शिकायत है तो यही कि ज्यादा शोर क्यों नहीं मचा। चर्चा तो हिमाचल विधान सभा में हुई लेकिन विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर की आलोचना बजट का आकार घटाने पर केंद्रित थी तो उनकी चिंता राज्य की अर्थव्यवस्था के पीछे जाने की थी। मुख्यमंत्री केंद्र से मिलने वाले लगभग आठ हजार करोड़ का अनुदान रोके जाने की शिकायत के साथ बजट के आकार में कमी को भी उसी से जोड़ते रहे। दिलचस्प है कि हिमाचल की कटौती की चर्चा कर्नाटक विधान सभा में हुई और भाजपा विधायक वी सुनील कुमार ने कर्नाटक के बजट की 14 फीसदी रकम सब्सिडी पर और एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रकम चुनावी रेवड़ियों पर खर्च का हवाला देते हुए हिमाचल जैसी स्थिति आने की चेतावनी दी। हिमाचल में कांग्रेस ने कई बड़े वायदे किए थे जिनमें पुरानी पेंशन स्कीम को वापस लाना भी शामिल था और सुक्खू साहब बार-बार आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए इनमें से कई योजनाओं पर अमल टालते रहे थे। भाजपा इसे देश भर में मुद्दा बनाती रही थी। हिमाचल ही नहीं कि अन्य राज्यों के ऐसे अनुभव का कोई प्रभाव चुनावी वायदों पर पड़ता नहीं दिखा है। अभी घोषित चुनावों में भी हर दल बढ़-चढ़ कर वायदे किए जा रहा है। मुख्यमंत्री सुक्खू की पहल इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण है। यह एक नई शुरुआत है और इसमें संभावना है कि चुनावी वायदों पर स्वैच्छिक अंकुश के साथ गरीब और अमीर राज्यों की सरकारों के आचरण में फर्क की शुरुआत हो। और इस लेखक जैसे काफी लोग हैं जिन्हें लगता है कि यह प्रयोग तो भारत सरकार के स्तर पर भी दोहराया जाना चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री दावा जो करें हम अभी भी एक गरीब देश हैं और सुरक्षा या शान जिस भी नाम से हो हमें विकसित देशों जैसे खर्च से बचना चाहिए। हजारों करोड़ रुपए का विशेष विमान अमेरिकी राष्ट्रपति रख सकते हैं हमारे लिए वह बोझ है और अगर कोई देश या प्रांत गरीब है तो गरीबी का अनुभव और किफायतों का बोझ सिर्फ आम लोग क्यों उठाए? पहले तो यह काम कथित नेता या अगुआ लोगों को करना चाहिए। उनको विदेशों से या बहुराष्ट्रीय निगमों के अधिकारियों से तुलना नहीं करनी चाहिए। एक न्यूनतम जरूरत का खयाल रखते हुए उन्हें अपने वेतन और सुविधाओं में कटौती करनी चाहिए। चुनाव के समय बड़ी-बड़ी बातें कहने के बाद जनता के पैसे से शीश महल बनवाने और उड़न खटोले में घूमने से बचना चाहिए। और कहना न होगा कि इस मामले में हिमाचल के फैसलों के अनुसरण में बिहार, ओडिशा, झारखंड और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों को आगे आना चाहिए और कांग्रेस तथा भाजपा जैसी पार्टियों को दबाव बनाकर अपनी सरकारों के शाहखर्ची पर रोक लगानी चाहिए।

# हिन्दू अनुभूति के महानायक हैं श्रीराम

**हिन्दू अनुभूति में राम, कृष्ण और शिव त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें- इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। ''राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या सम्पूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।'' (राम, कृष्ण और शिवः लोहिया, पृ. 4) डॉ. लोहिया समाजवादी थे। डॉ. रामविलास शर्मा मार्क्सवादी थे। महाभारत के सम्बंध में डॉ. शर्मा की टिप्पणी दिलचस्प है, ''महाभारत इतिहास है, आख्यान है.... आधुनिक अर्थ में वह इतिहास नहीं है, लेकिन इतिहास से भिन्न भी नहीं है।'' फिर आगे कहा, ''ऋग्वेद में जो समाज-व्यवस्था है, ऋग्वेद और रामायण के समाजों से महाभारत का समाज पिछड़ा हुआ है।'' (भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेश)। यहां एक समाज ऋग्वेद का है, एक रामायण का और बाद का समाज महाभारत का है। श्रीराम और रामायण का समाज ऋग्वेद के बाद है, महाभारत के पहले है। राज्य-व्यवस्था भी विकसित है। भारत के ज्ञात इतिहास, पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार वैवस्वत मनु पहले आर्य राजा थे। उनके बड़े पुत्र थे इक्ष्वाकु। मनु और इक्ष्वाकु ऋग्वेद में भी हैं। इक्ष्वाकु अयोध्या के राजा थे। इक्ष्वाकु के 19 पीढ़ी बाद मान्धाता चक्रवर्ती राजा हुए। उनका पुत्र पुरुकुत्स अयोध्या का राजा बना। पुरुकुत्स के 11 पीढ़ी बाद दानवीर राजा हरिश्चन्द्र का शासन आया। 41वीं पीढ़ी में राजा सगर और 45वीं में चक्रवर्ती सम्राट भगीरथ। इक्ष्वाकुवंश के बाद 60वीं पीढ़ी में दिलीप, फिर दिलीप का पोता रघु और भी प्रतापी राजा हुआ। रघु के कारण ही 'रघुवंशी' शब्द चला। रघु के पुत्र अज, अज के पुत्र दशरथ और दशरथ के पुत्र श्रीराम। श्रीराम इक्ष्वाकु वंश की 65वीं पीढ़ी में थे। वाल्मीकि ने इन्हीं श्रीराम को अपना नायक बनाया। रामायण अस्तित्व में आई। वाल्मीकि 'आदर्श मनुष्य' का चित्रण कर रहे थे। वाल्मीकि के श्रीराम मनुष्य हैं और ईश्वर भी हैं। लेकिन मनुष्य ज्यादा हैं। तुलसीदास के राम ईश्वर हैं, वे मनुष्य रूप में लीला करते हैं।**

इतिहास पक्षपातपूर्ण नहीं होता। वह निष्पक्ष और निर्मम होता है। निर्मम का अर्थ है मेरा नहीं, इदं न मम। निष्पक्ष। जहां मम है, मेरा है, वहां पक्षपात है। लेकिन 'श्रद्धा' असम्भव पर विश्वास है। श्रद्धा का विकास शून्य से नहीं होता। वह इतिहास से तथ्य लेती है। संस्कृति की कसौटी पर कसती है। 'लोक' समर्थन करता है, विश्वास की सीमाएं फैलती हैं। विश्वास 'अंधविश्वास' जैसा दिखाई पड़ सकता है, लेकिन तर्क और विज्ञान की कसौटी महत्वपूर्ण है। हिन्दू-श्रद्धा का आधार दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। हिन्दू अनुभूति में राम, कृष्ण और शिव त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें- इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। ''राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या सम्पूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।'' (राम, कृष्ण और शिवः लोहिया, पृ. 4) डॉ. लोहिया समाजवादी थे। डॉ. रामविलास शर्मा मार्क्सवादी थे। महाभारत के सम्बंध में डॉ. शर्मा की टिप्पणी दिलचस्प है, ''महाभारत इतिहास है, आख्यान है.... आधुनिक अर्थ में वह इतिहास नहीं है, लेकिन इतिहास से भिन्न भी नहीं है।'' फिर आगे कहा, ''ऋग्वेद में जो समाज-व्यवस्था है, ऋग्वेद और रामायण के समाजों से महाभारत का समाज पिछड़ा हुआ है।'' (भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेश)। यहां एक समाज ऋग्वेद का है, एक रामायण का और बाद का समाज महाभारत का है। श्रीराम और रामायण का समाज ऋग्वेद के बाद है, महाभारत के पहले है। राज्य-व्यवस्था भी विकसित है। भारत के ज्ञात इतिहास, पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार वैवस्वत मनु पहले आर्य राजा थे। उनके बड़े पुत्र थे इक्ष्वाकु। मनु और इक्ष्वाकु ऋग्वेद में भी हैं। इक्ष्वाकु अयोध्या के राजा थे। इक्ष्वाकु के 19 पीढ़ी बाद मान्धाता चक्रवर्ती राजा हुए। उनका पुत्र पुरुकुत्स अयोध्या का राजा बना। पुरुकुत्स के 11 पीढ़ी बाद दानवीर राजा हरिश्चन्द्र का शासन आया। 41वीं पीढ़ी में राजा सगर और 45वीं में चक्रवर्ती सम्राट भगीरथ। इक्ष्वाकुवंश के बाद 60वीं पीढ़ी में दिलीप, फिर दिलीप का पोता रघु और भी प्रतापी राजा हुआ। रघु के कारण ही 'रघुवंशी' शब्द चला। रघु के पुत्र अज, अज के पुत्र दशरथ और दशरथ के पुत्र श्रीराम। श्रीराम इक्ष्वाकु वंश की 65वीं पीढ़ी में थे। वाल्मीकि ने इन्हीं श्रीराम को अपना नायक बनाया। रामायण अस्तित्व में आई। वाल्मीकि 'आदर्श मनुष्य' का चित्रण कर रहे थे। वाल्मीकि के श्रीराम मनुष्य हैं और ईश्वर भी हैं। लेकिन मनुष्य ज्यादा हैं। तुलसीदास के राम ईश्वर हैं, वे मनुष्य रूप में लीला करते हैं। राम सबको भाए। श्रीराम का चरित्र और व्यक्तित्व विश्वव्यापी बना। संस्कृत और प्राकृत सहित भारत और विश्व की तमाम भाषाओं में रामकथाएं लिखी गईं। तमिल कवि कम्बन ने 11वीं सदी में ही रामकथा लिखी। मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया में भी रामायण राष्ट्रीय महत्व वाला ग्रंथ है। भारतीय इतिहास के सबसे बड़े लोकप्रिय नेता महात्मा गांधी भारत में 'रामराज्य' के ही स्वप्नद्रष्टा बने। लोहिया के अनुसार 'राम' उत्तर और दक्षिण की एकता के देवता हैं और 'रामायण' उत्तर-दक्षिण एकता का ग्रंथ। उन्होंने कहा, ''राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है। उन जैसा मर्यादित जीवन कहीं और नहीं, न इतिहास में, न कल्पना में। श्रीराम समन्वय के प्रतीक हैं। न्याय के लिए संघर्ष के प्रतीक हैं। राम आनंद-सागर हैं, हिलोरे लेने वाला सागर नहीं, विश्रांत-निस्पंद।'' लोहिया को तुलसी का 'रामचरित मानस' मोहित करता था। एक-एक चौपाई आनंद का सागर है। 'रामराज्य' विश्व में अद्वितीय है। वैदिककाल से लेकर आधुनिक काल की किसी राज्यप्रणाली में रामराज्य के आदर्श नहीं मिलते। तुलसी लिखते हैं, ''बयरु न कर काहू सन कोई, राम प्रताप विषमता खोई।'' (रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड) फिर कहते हैं, ''अल्प मृत्यु नही कौनिऊ पीरा, सब सुन्दर सब बिरुज शरीरा। नहि दरिद्र कोऊ दुखी न दीना, नहि कोऊ अबुध न लच्छन हीना। न अल्पमृत्यु है, न बीमारियां। सब स्वस्थ हैं। कोई गरीब और दुःखी नहीं है। न कोई मूर्ख है और न अगुणी।'' सबसे दिलचस्प बात यह है, ''बिधु महि पूर मयूखन्हि, रबि तप जेतन्हि काज''- चन्द्रमा धरती को प्रकाश से पूर्ण करता है, सूर्य उतना ही तपते हैं, जितना जरूरी होता है। फिर वर्षा के बारे में कहते हैं, ''मांगे वारिधि देहि जल, रामचन्द्र के राज- बादल इच्छा करते ही, जल माँगते ही बरस पड़ते हैं। रामचरितमानस की प्रगतिशीलता सांस्कृतिक परम्परा से संवाद करती है। यह 'विधि निषेधमय कलिमय हरनी' (बालकाण्ड) है, इसमें विधि-निषेध (करणीय और अकरणीय) की सूची है। वेदों की परम्परा है, उपनिषदों का दर्शन है। सगुण भक्ति-उपासना है। निर्गुण-निराकार की सरल व्याख्या है। अद्वैत दर्शन भी है, ''एक दारुगत देखिए एकू, पावक सम जुग ब्रह्म विवेकू- जैसे लकड़ी के भीतर निराकार अग्नि छिपी रहती है, दिखाई नहीं पड़ती, लेकिन जलते समय अग्नि प्रकट रहती है।'' प्रकट अग्नि सगुण है, अप्रकट अग्नि निर्गुण है। ऋग्वेद में अग्नि से ऐसी ही प्रार्थना है। उपनिषदों वाले ब्रह्म की तुलसी की चौपाई ठेठ अवधी भाषा में है ''व्यापकु एकु ब्रह्म अविनाशी, सत चेतन घन आनंद वासी।'' (बालकाण्ड) लेकिन तुलसी भक्तिमार्गी हैं, ''निरगुन तें एहि भांति बड़, नाम प्रभाऊ अपार''- वे नाम का प्रभाव निर्गुण और सगुण से भी बड़ा बताते हैं, ''कहहुं नाम बड़ नाम राम तें निज विचार अनुसार।'' यहां राम का नाम सगुण राम से भी बड़ा है। ''राम नाम वाणी है। मन संकल्प है। ध्यान है, विज्ञान है, अन्न-जल उन्हीं में है, वे तेज हैं। आकाश हैं, आशा हैं, प्राण हैं। मार्क्सवादीविद्वान श्रीराम को कल्पना बताते हैं। 'राम' भारत की श्रुति में, बोली में, नमस्कार और कुशलक्षेम में, प्रत्येक मंगलमुहूर्त में हैं। चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य बहुपठित विद्वान और राजनेता थे। रामकथा पर वे भी सम्मोहित थे। उन्होंने तमिल में 'तिरुगमन-रामायण' लिखी। इसका हिन्दी अनुवाद उनकी पुत्री और महात्मा गांधी की पुत्र-बहू लक्ष्मी देवदास गांधी ने किया। राजाजी ग्रन्थ की भूमिका में लिखते हैं, ''सियाराम, हनुमान और भरत को छोड़कर हमारी कोई गति नहीं। उनकी कथा हमारे पूर्वजों की धरोहर है। हम आज उसी के आधार पर जीवित हैं।'' (हिन्दी अनुवाद, पृ. 7) यहां 'इसी के आधार पर हम जीवित हैं' वाक्य पर गौर करना चाहिए। भारत का राष्ट्रजीवन अखण्ड रामायण है। अविभक्त है। हिन्दू अनुभूति के महानायक हैं श्रीराम। वे दिक्काल में हैं और दिक्काल के परे भी। भारतीय जनता के चित्त, आचार-व्यवहार पर श्रीराम का प्रभाव है। श्रीराम 'मंगल भवन' हैं और 'अमंगलहारी' भी। वे भारत के मन में रमते हैं। मिले तो राम-राम, अलग हुए तो राम-राम। राम का नाम हमसब बचपन से सुनते आए हैं। वे संकट के धैर्य हैं। वे परम शक्तिशाली हैं। भाव-श्रद्धा में वे ईश्वर हैं। राम तमाम असंभवों के संभव हैं। युद्ध में अजेय पौरुष-पराक्रम और निजी जीवन में मर्यादा के पुरुषोत्तम। श्रीराम भारतीय आदर्श व आचरण के शिखर हैं। भारतीय मनीषा ने उन्हें ब्रह्म या ईश्वर जाना है। श्रीकृष्ण भी विष्णु के अवतार हैं। वे अर्जुन को गीता (10.31) में बताते हैं ''पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं और शस्त्रधारियों में राम हूं।'' राम महिमावान हैं। श्रीकृष्ण भी स्वयं को राम बताते हैं। **–हृदयनारायण दीक्षित**

# राष्ट्र का सहयोग प्रत्येक नागरिक का प्रथम दायित्व

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

**युद्ध एवं आपदा काल में अवसरवादी तत्वों द्वारा आपदा में अवसर का लाभ उठाने की प्रवृत्ति भारतीयों की रही है। घटना कहीं भी घटित हो, उसकी प्रतिक्रिया भारत के पंथ निरपेक्ष राष्ट्र में होती रही है। राष्ट्र को अस्थिर करने वाली अराजक शक्तियां भीड़ को उकसा कर देश में अव्यवस्था फ़ैलाने का प्रयास करती हैं तथा सरकार बचाव की मुद्रा में खड़ी रहने तथा अराजक तत्वों की हरकतों पर अंकुश लगाने का प्रयास करने हेतु विवश रहती है।**

विश्व पटल पर कोई भी घटना घटित हो, उसका सीधा असर भारत के नागरिकों पर पड़ता है। ईरान, अमेरिका, इजरायल युद्ध ने कच्चे तेल की कीमतों पर असर डाला, जिसका असर आम भारतीय पर शायद उतना नहीं पड़ा, जितना कि राजनीतिक दलों पर पड़ा। राजनीतिक दलों को सरकार पर निशाना साधने और सरकार को कमजोर सिद्ध करने के लिए बयानबाजी का अवसर मिल गया। मुनाफाखोरी करने वाले तत्वों ने अफवाह फैलाकर आम आदमी की जीवन चर्या में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पेट्रोलियम पदार्थों व रसोई गैस के प्रति अधिक चिंता में डाल दिया, कि जगह जगह पर गैस एजेंसियों तथा पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग गई। जो थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

युद्ध एवं आपदा काल में अवसरवादी तत्वों द्वारा आपदा में अवसर का लाभ उठाने की प्रवृत्ति भारतीयों की रही है। घटना कहीं भी घटित हो, उसकी प्रतिक्रिया भारत के पंथ निरपेक्ष राष्ट्र में होती रही है। राष्ट्र को अस्थिर करने वाली अराजक शक्तियां भीड़ को उकसा कर देश में अव्यवस्था फ़ैलाने का प्रयास करती हैं तथा सरकार बचाव की मुद्रा में खड़ी रहने तथा अराजक तत्वों की हरकतों पर अंकुश लगाने का प्रयास करने हेतु विवश रहती है। बहरहाल सियासी दलों और उनके समर्थकों की यह नकारात्मक सोच देश के प्रति उनकी दुर्भावना का परिचय देती है तथा उनके राष्ट्र के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण का खुलासा करती है। जबकि घर, परिवार और राष्ट्र की समृद्धि में अपेक्षित सहयोग प्रदान करना प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य व दायित्व होता है। यदि कहीं अव्यवस्था हो रही हो, तब उस अव्यवस्था को दूर करने हेतु आम नागरिक का एकजुट होकर सहयोग अपेक्षित रहता है। विडंबना है, कि समस्या से निपटने की बजाय व्यवस्थापकों पर सवाल खड़े करना अराजक तत्वों की आदत बन चुकी है। ऐसे में आवश्यक है, कि आम आदमी अफवाहों पर ध्यान न दे तथा मुनाफाखोरों के मंसूबों को ध्वस्त करने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करे। ईरान प्रकरण में अपने घर में ईंधन भरने की आपाधापी में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और पेट्रोलियम पदार्थों की जमाखोरी के अनेक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रचारित हैं, जो आग में घी का काम कर रहे हैं। ऐसे में सरकार कहाँ कहाँ अफवाहबाजों पर कार्रवाई करे, यह विचारणीय बिंदु है। ऐसे में व्यवस्था पर नाकामी का ठीकरा फोड़ने से पहले क्यों न सभी नागरिक अपने नागरिक दायित्वों से परिचित हों तथा देश को सर्वोपरि मानते हुए किसी भी संकट से निपटने के लिए देश के साथ खड़े हों ? यह चिंतन और इसके आधार पर राष्ट्र का सहयोग प्रत्येक नागरिक का प्रथम दायित्व होना अपेक्षित है।

## सेहत मंत्र

# अनार के रस के सेवन से मिलते हैं यह जबरदस्त लाभ

इस बात से तो हम सभी वाकिफ है कि फलों का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। लेकिन अक्सर देखने में आता है कि लोग हमेशा फलों के रस की बजाय उन्हें यूं ही खाने की सलाह देते हैं क्योंकि इससे उनके स्वास्थ्य लाभ काफी कम हो जाते हैं। दरअसल, अधिकतर फलों के छिलकों में एंटी ऑक्सीडेंट्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं और जब उनका रस निकाला जाता है तो वह एंटी ऑक्सीडेंट्स भी निकल जाते हैं। लेकिन अनार के रस के साथ ऐसा नहीं होता। अनार का रस भी सेहत के लिए उतना ही लाभकारी है, जितना इसके दानों का सेवन करना। तो चलिए आज हम आपको अनार के रस से होने वाले कुछ स्वास्थ्य लाभों के बारे में बता रहे हैं? **सुधारे दिल की सेहत–** अनार का रस दिल की सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। यह धमनियों में रूकावट के जोखिम को कम करता है। जिससे हृदय या मस्तिष्क तक रक्त का प्रवाह बेहतर तरीके से होता है। इसके अतिरिक्त यह खराब कोलेस्टॉल की मात्रा को भी कम करता है तथा अच्छे कोलेस्टॉल की मात्रा को बढ़ाता है। **बनाए रखे ब्लड शुगर लेवल–** अनार के रस के सेवन का एक लाभ यह भी है कि यह रक्त में शर्करा के स्तर को नहीं बढ़ाता, जबकि अन्य फलों के रस का सेवन करने से ऐसा होता है। इसलिए मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति भी इसका सेवन बेफिक्र होकर कर सकते हैं। **कम करे रक्तचाप–** जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या रहती है, उन्हें अनार के रस का सेवन करना चाहिए। दरअसल, यह एक प्राकृतिक एस्पिरिन है, जो रक्त के जमाव और रक्त के थक्का बनने से रोकता है। साथ ही यह रक्त को पतला करके उसके प्रवाह को बेहतर बनाता है, जिससे व्यक्ति को ब्लड प्रेशर की समस्या नहीं होती। **दस्त में लाभदायक–** अनार के रस का इस्तेमाल दस्त के उपचार के रूप में भी किया जा सकता है। दरअसल, यह एंजाइम्स के स्राव में अहम भूमिका निभाता है और पाचन प्रक्रिया को सही करता है। अगर किसी व्यक्ति को अपच की शिकायत हो तो उसे एक टीस्पून शहद का सेवन एक गिलास अनार के रस में मिलाकर करना चाहिए।

## धर्म मंत्र

# तुलसी का पौधा हर दृष्टि से लाभकारी है, यह वास्तु दोष से भी बचाता है

यदि घर में कलह का वातावरण देखने मिले तो समझ लीजिए वास्तु दोष है। इसके अन्य कारण भी हो सकते हैं, किंतु यदि घर की बनावट व्यवस्थित नहीं है तो आमतौर पर वास्तु ही इसका एक प्रमुख कारण माना जाता है। ऐसे में कई तरह के उपाय बताए जाते हैं, लेकिन यह अनेक बार कठिन होने के साथ ही ऐसे भी होते हैं जो साधारण मनुष्य के लिए कर पाना संभव नहीं होता। इन परिस्थितियों में साधारण दिखने वाला तुलसी का पौधा आपकी अनेक मुश्किलों का समाधान कर सकता है। अनेक दिनों से चली आ रही घर की कलह से भी आप शांति प्राप्त कर सकते हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं। तुलसी का पौधा घर में होने से पवित्रता का संचार होता है। परिवार में सुख शांति व समृद्धि बनी रहती है। कहा जाता है कि तुलसी का पौधा रखने से कहीं भी भूत-प्रेत व अनावश्यक शक्तियां घर पर नहीं आतीं। जिससे घर पर कलह का वास नहीं होता और समृद्धि आती है। शरद पूर्णिमा से तुलसी के पौधे के नीचे दीपक जलाने की परंपरा है, जिसका सीधा अर्थ भी वास्तु से जुड़ा है, माना जाता है कि ऐसा करने से देवों का आगमन घर पर होता है और उनके आशीर्वाद से धन का आवागमन घर पर लगा रहता है। कहा जाता है कि तुलसी के पत्ते में साक्षात भगवान विष्णु का वास होता है। यदि तुलसी का पूजन प्रतिदिन विधि-विधान से किया जाए तो श्रीहरि की कृपा स्वतः ही प्राप्त हो जाती है। इसलिए भी तुलसी की परिक्रमा करना उपर्युक्त बताया गया है।

## पर्यटन




# मृदंगम के थापों से करता है स्वागत केरल का पेरुवेम्बा गांव

पलक्कड़ के पेरुवेम्बा गांव में प्रवेश करने के बाद कुछ भी असाधारण नहीं दिखेगा और आप चलते हुए बड़ी आसानी से गांव की सीमा से बाहर की ओर भी जा सकते हैं। पर तभी इस गांव की असल पहचान से भी आपका सामना होगा। दरअसल, इस छोटे से गांव को दो भागों में बांटती सड़क पर पैदल चलते हुए एक खास स्थान पर मृदंगम पर पड़ती थाप सुनायी देती है। यहां रुककर चमड़े के अन्य वाद्यों पर पड़ते थाप को महसूस करने की जरूरत है। वे थापें मृदंगम, तबला, चंडा, मद्दलम आदि की हो सकती हैं। ये कलाकारों की नहीं बल्कि कारीगरों द्वारा दी गयी थाप की आवाजें होती हैं। दरअसल, धान की हरी चादर के बीच बसे इस गांव में चमड़े के इन वाद्य यंत्रों का निर्माण होता है। पांच परिवारों की कई पीढ़ियां इस काम में लगी हुई हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि पेरुवेम्बा गांव के ये परिवार दो सौ साल से इस कार्य को करते आ रहे हैं। हर साल बड़ी संख्या में अलग-अलग जगहों के वादक आकर अपने लिए वाद्य यंत्र खरीद कर ले जाते हैं। केरल और केरल के बाहर के लोग अपने वाद्य यंत्रों को ठीक करवाने, उनके स्वर को सुंदर बनवाने भी आते हैं। गर्मी के महीनों में वे खूब काम करते हैं क्योंकि केरल की लंबी बारिश में चमड़े और लकड़ी पर आधारित उनका काम रुक जाता है। इस तरह उन दिनों वे बेकार हो जाते हैं। इन वाद्य यंत्रों को बनाने का कार्य बड़ा श्रमसाध्य है। लकड़ी पर चमड़े को बिठाना और उसे चमड़े के धागों और पट्टियों से इस तरह बांधना कि अलग-अलग प्रकार के यंत्रों से अपना विशिष्ट स्वर निकले। इस जटिल प्रक्रिया में बहुत जोर-जोर से लकड़ी के हथौड़े से चोट भी करनी पड़ती है। एक बारीक संतुलन भी बनाया जाता है। दरअसल, वाद्य यंत्रों को बनाने का यह कार्य कठोर और कोमल का अद्भुत मिश्रण है। इस इलाके में एक विशेष प्रकार के संगीत की प्रसिद्धि है। यहां पारंपरिक रूप से कर्नाटक संगीत सीखने वाले 'भागावतार' कहलाते हैं। इनके गुरु नहीं होते हैं, ये अपने परिवार की परंपरा में ही संगीत सीखते हैं और उसका अभ्यास करते हैं।

# मां भगवती का भव्य जागरण, रात भर झूमे श्रोता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। कस्बा टिकैतगंज में प्रति वर्ष परंपरागत मां भगवती का विशाल जागरण शुक्रवार की रात्रि अत्यंत धूमधाम और भक्ति भाव से ओतप्रोत आयोजित हुआ। इस भव्य आयोजन में आसपास के गांवों से भी सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे कस्बे में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी व फूलों से सजाया गया, जिससे वातावरण और भी दिव्य हो उठा। रात्रि भर चले इस भव्य जागरण में मां भगवती के मधुर और भावपूर्ण भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ‟मेरे सिर पर अपना हाथ रख दो मैया”, ‟चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है”, ‟सज धज के मैं आऊं तेरे द्वारे माता” जैसे लोकप्रिय भजनों पर भक्त झूम उठे और पूरे परिसर में भक्ति की



लहर दौड़ती उठी। जय माता दी के जयकारों से वातावरण लगातार गूंजता रहा, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था और भी प्रगाढ़ होती दिखाई दी। धार्मिक आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की, बल्कि क्षेत्र में आपसी भाईचारे और एकता का भी संदेश दिया।

इस मौके पर प्रदीप रावत, सुनील विश्वकर्मा, राजेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, नितिन मौर्य, विशाल सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

**रामोत्सव का भव्य मनोहारी आयोजन**

चैत्र रामनवमी के उपलक्ष्य में व्यापक स्तर पर ‘रामोत्सव’ कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित किया गया। इसी क्रम में विकास खंड निंदूरा के ग्राम अटहरा में शनिवार को विहिप खंड अध्यक्ष नरेंद्र साहू के नेतृत्व में भव्य रामोत्सव कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सम्मिलित हुई।माताओं, बहनों एवं हिंदू समाज के लोगों ने भाग लिया। शुभारंभ भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला धर्म यात्रा प्रमुख रमाकांत बाजपेई रहे।

मुख्य वक्ता ने भगवान श्रीराम के आदर्शों का वर्णन करते हुए कहा कि अयोध्या में राजधर्म निभाने वाले राम, वनवास के दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम बने। उन्होंने निषादराज, केवट, कोल-भील जैसे समाज के सभी वर्गों से मित्रता कर समरसता का संदेश दिया और शबरी के प्रेमपूर्वक दिए गए बेर स्वीकार कर समानता का उदाहरण प्रस्तुत किया।

# सोशल मीडिया बाल कॉमेडियन ऋषभ रिया व अनुष्का का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। कम समय में बाल कॉमेडियन के रूप में सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरने वाले ऋषभ, रिया एवं अनुष्का को बीती रात एक बड़े सांस्कृतिक मंच पर सम्मानित किया गया जिससे उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

बताते चलें कि ऋषभ रिया एवं अनुष्का विकासखंड मसौली की ग्राम पंचायत सतबिसावां के निवासी हैं। उन्ही की ग्राम पंचायत के मजरे आदमपुर निवासी एवं जनमानस समाज सेवा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकित यादव पत्रकार के सुपुत्र आदित्य यादव के मुंडन संस्कार पर दूरदर्शन कलाकार एवं अंतर्राष्ट्रीय भोजपुरी गायक संतोष राय एंड पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था ।उक्त कार्यक्रम में तीनों बाल कॉमेडी कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया था ।ऋषभ ,रिया व अनुष्का जिस समय अपने पिता जी के साथ कार्यक्रम में



पधारे तो उनके साथ सेल्फी लेने वाले लोगों की कतार लग गई। कार्यक्रम में मौजूद जनकल्याण किसान एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष धर्म कुमार यादव ने तीनों बच्चों को देखकर के सबसे पहले उनको गले से लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच पर बुलाकर अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी गायक संतोष राय के द्वारा उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। एक अंतरराष्ट्रीय गायक द्वारा सम्मान पाकर तीनों कॉमेडी कलाकारों के माथे पर खुशी की लकीरें दौड़ गई।सम्मान के उपरांत संतोष राय ने यह भी घोषणा कर दी कि जल्द ही इन तीनों बाल कलाकारों को दूरदर्शन में अपनी प्रस्तुति करने का मौका दिलाने हेतु प्रयास किया जाएगा। तीनों बाल कॉमेडी कलाकारों के पिता अमरीश वर्मा एक किसान है और माता रेनू वर्मा ग्रहणी है। ऋषभ कक्षा 2 का छात्र, रिया कक्षा 3 की छात्रा एवं अनुष्का कक्षा 8 की छात्रा है जो वर्तमान समय में पास के ही श्री कृष्णा गुलाबदेई इंटर कॉलेज शहाबपुर में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं ।इस सम्मान से पहले प्रमुख रूप से रामपुर महोत्सव, बाराबंकी रामलीला,गणेशपुर कृष्णलीला के साथ सैंकड़ों कार्यक्रमों में बुलाकर इन तीनों कॉमेडी बाल कलाकारों को लोग सम्मानित कर चुके है।करीब एक वर्ष से यह तीनों बाल कलाकार सोशल मीडिया में खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। जहां भी जिस कार्यक्रम में पहुंचते हैं इनके साथ सेल्फी लेने वाले लोगों की भीड़ लग जाती है।

## बंदरों का आतंक, मासूम मरणासन्न



बेलहरा बाराबंकी। कस्बे में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को मोहल्ला बखरिया टोला निवासी मोबीन के 8 वर्षीय पुत्र दानिश पर बंदरों ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना तब हुई जब दानिश घर के बाहर खेल रहा था। परिजनों ने तुरंत दानिश को एक निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। नगर पंचायत बेलहरा में बंदरों का आतंक इस कदर फैल चुका है कि लोग अपने घरों में भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। बंदर खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और घरों की छतों पर रखे कपड़े व अनाज भी बर्बाद कर रहे हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है जब बंदरों ने किसी व्यक्ति पर हमला किया हो। इससे पहले भी कई लोग बंदरों के हमलों में घायल हो चुके हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं,जिससे आम जनता में भारी रोष व्याप्त है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने दो महिलाओं को रौंदा, दर्दनाक मौत

फतेहपुर बाराबंकी। थाना क्षेत्र के सिहाली रोड़ पर ईसेपुर रेलवे क्रॉसिंग पर हुए दर्दनाक हादसे में दो महिलाओं की मौत हुई। एक मासूम गंभीर रूप से घायल हुई। जानकारी अनुसार,महमूदाबाद(सीतापुर)थाना के ग्राम रामद्वारी निवासी इंद्रजीत अपनी नव विवाहिता पत्नी खुशी(18)और भाभी पिंकी देवी (28) के साथ बाइक से जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के पिपरौली गांव की अपनी बीमार मौसी को देखने जा रहे थे।तभी ईसेपुर रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक बंद होने के कारण सभी वाहन कतार में खड़े थे। फाटक खुलते ही जैसे ही इंद्रजीत ने बाइक आगे बढ़ाई, पीछे से तेज रफ्तार आया ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मारी।जिससे बाइक सवार सभी लोग सड़क पर उछलकर गिर पड़े। खुशी और पिंकी को ट्रक रौंदता निकल गया।जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इंद्रजीत और तीन वर्षीय मासूम बिट्टू दूसरी ओर गिरे, जिससे बच्ची के पैरों में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

कोतवाल अमित सिंह ने बताया कि फरार ट्रक चालक की पहचान कर ली है।आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस लग गई है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लेने का दावा किया है।

## धूम्रपान से बताया नुकसान, किया सचेत

मसौली बाराबंकी। शनिवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की टीम द्वारा धूम्रपान के प्रति जागरूक किया तथा लोगो को धूम्रपान न करने का संकल्प दिलाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राधेश्याम गौड़ ने कहा कि बढ़ती दिनचर्या, उचित खानपान व तनाव के चलते ह्रदय रोग आज सबसे बड़ी समस्या बन गयी हैं। डॉ. गौड़ ह्रदय रोग से बचने के लिए सावधानी बरतने की अपील की उन्होने ने कहा कि दिल की बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है तनाव,थकान,प्रदूषण के कारण के कारण रक्त के आदान प्रदान में इस महत्वपूर्ण अंग को काम करने में मुश्किलें होती है।दिल के रोग से बचने के लिए धूम्रपान से दूर रहना चाहिए।इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के साइकोलॉजिस्ट संजय कुमार सोशल वर्कर राकेश कुमार , अजय सिंह, राजन कुमार, बीपीएम आशाराम चौधरी, पंकज कुमार उपस्थित रहे

## संचारी रोग ,रोकथाम की हुई प्रभावी बैठक

रामसनेहीघाट बाराबंकी।शनिवार को संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर आदर्श नगर पंचायत रामसनेहीघाट सभागार मे चेयरमैन डॉ ज्ञान प्रकाश की अध्यक्षता और अधिशाषी अधिकारी संतोष कुमार चौधरी की मौजूदगी में महत्वपूर्ण बैठक हुई।प्रत्येक वार्ड में साफ–सफाई,गन्दे पानी की जल निकासी,प्रकाश व्यवस्था को लेकर कड़े फैसले लिए गए।बैठक में अधिशाषी अधिकारी ने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देशित देते हुए कहा कि नगर कहीं भी गंदा पानी जमा नहीं होना चाहिए,सभी स्ट्रीट लाइट हर हाल में चालू रहें और प्रत्येक वार्ड में नियमित साफ–सफाई सुनिश्चित की जाए, लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा।चेयरमैन ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता को संचारी रोगों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। बैठक में संदीप गुप्ता,राम सफल, उत्कर्ष मिश्रा, शुभम मिश्रा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट के नेत्र सहायक आशुतोष कुमार,सफाई व्यवस्था से जुड़े सुपरवाइजर सरजू तिवारी, सहित सभी वार्डों के संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मामूली बात पर फरसे से उड़ाया युवक का सिर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिले के थाना टिकैत नगर क्षेत्र के परसावल गांव में आइसक्रीम बेचने गया युवक बबलू की निर्मम हत्या की गई।शंकर यादव (50) मामूली बात आगबबूला हुआ कि वह घर के अंदर रखा फरसा ले आया। और फरसे से बबलू पर हमला कर दिया और सरेआम उसकी गर्दन धड़ से अलग कर दी। आसपास के लोग शंकर को रोकने की हिम्मत नहीं कर पाए। इसी बीच किसी ने हत्या की सूचना पुलिस को दे दी।

पुलिस टीम शंकर के घर पहुंची तो वहां का नजारा देख सन्न रह गये। शंकर घर अंदर आराम से चूल्हा जलाकर उसी में सिर रखकर उसे जलाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने तुरंत शंकर को दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास से सिर और



फरसा भी बरामद किया। ग्राम वासियों के मुताबिक शंकर सनकी किस्म का है। गांव में किसी से ज्यादा बात नहीं होती थी। गांव के बाहर एक झोपड़ी बनाकर अकेले रहता था। घर वाले भी इससे मतलब नहीं रखते थे।

# नवारंभ उत्सव‘ प्रवेश प्रारंभ, बच्चों व अभिभावकों का स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। प्राथमिक विद्यालय लोधपुरवा में ‘नवारंभ कार्यक्रम‘ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रवेश लेने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों का स्वागत किया गया।प्रधानाध्यापक मोहम्मद आरिफ ने शून्य से तीन और तीन से छह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की शिक्षा के महत्व पर विस्तृत विचार साझा किए और अभिभावकों को जागरूक किया।बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ‘नवारंभ उत्सव‘ के माध्यम से शैक्षिक सत्र 2026-27 में तीन से चार वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की बाल वाटिका में अनौपचारिक शिक्षा आरंभ करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही, छह वर्ष की आयु पूरी कर चुके बच्चों को औपचारिक शिक्षा की प्रथम कक्षा में प्रवेश दिलाया जाएगा।यह उत्सव समुदाय के साथ मिलकर एक विशेष दिवस के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाध्यापक और आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने संयुक्त रूप से माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया।इसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाध्यापक ने कार्यक्रम के उद्देश्यों का प्रस्तुतीकरण किया और अभिभावकों के साथ बालवाटिका तथा पूर्व प्राथमिक शिक्षा के महत्व पर विस्तृत चर्चा की।इस कार्यक्रम में सहायक अध्यापक गीत मां मिश्रा, परवीन बानो, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तारावती, सुनीता मौर्य, एएनएम और स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती गरिमा उपस्थित रहीं।

## सचिव पंचायत सहायक को ऑनलाइन खरीद का प्रशिक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर ब्लॉक सभागार में पंचायत सचिवों और पंचायत सहायकों को जेम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन खरीद का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों में खरीद प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाना है।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जेम पोर्टल पर अपनी प्रोफाइल बनाने, उत्पादों की खोज करने, ऑर्डर देने और खरीदारी करने की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ग्राम पंचायतों द्वारा की जाने वाली सभी आवश्यक खरीदारी अब इसी पोर्टल के माध्यम से हो।पंचायती राज विभाग ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायतों की सभी खरीद जेम पोर्टल से करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही, पीएफएमएस के माध्यम से सीधे बैंक खाते में भुगतान और चेकर और मेकर आईडी के उपयोग की प्रक्रिया भी समझाई गई। इस प्रणाली से खरीद प्रक्रिया में तेजी आएगी और प्रतिस्पर्धा के कारण बेहतर गुणवत्ता का सामान सही कीमत पर उपलब्ध होगा। इंचार्ज सहायक विकास अधिकारी पंचायत विवेक कुमार ने बताया कि ऑनलाइन खरीदारी से ग्राम पंचायतों के भुगतानों में पारदर्शिता आएगी और इस प्रक्रिया के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ेगी।

# नौनिहालों के भविष्य निर्माण की नींव है प्रबंध समिति : फिंजा मिर्ज़ा






कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों और सचिवों के लिए हाजी वारिस अली शाह डिग्री कॉलेज, बरौलिया में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी फ़िज़ा मिर्ज़ा व कॉलेज के प्रबंधक परवेज़ अली द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय पीठापुर, कित्तूर-2 और पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सहरी के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इनमें पारुल, नर्गिस, महिमा, प्रियांशी, मोहिनी और शिवानी द्वारा बाल विवाह पर आधारित एक नाटक भी शामिल था, जिसकी सभी ने सराहना की।खंड शिक्षा अधिकारी फ़िज़ा मिर्ज़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति बच्चों के भविष्य निर्माण की नींव है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जिन विद्यालयों में समिति और शिक्षकों के बीच बेहतर तालमेल होता है, वहां का शैक्षणिक वातावरण उत्कृष्ट होता है, जिससे छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा मिलती है।फ़िज़ा मिर्ज़ा ने समिति के अध्यक्षों और सचिवों से समन्वय स्थापित कर नए सत्र से अधिक से अधिक नामांकन कराने और बेहतर व्यवस्थाओं के साथ विद्यालय संचालित करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से नया सत्र शुरू हो रहा है और सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने विद्यालयों से संबंधित गांवों का भ्रमण कर 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का दाखिला सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय समिति बच्चों के लिए एक सेतु का काम करती है।एआरपी वेद प्रकाश ने प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका लक्ष्य विद्यालय प्रबंध समितियों को सशक्त बनाना, उनकी कार्यप्रणाली में सुधार लाना और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। एआरपी रश्मि शुक्ला ने भी प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।इस अवसर पर दिलीप तिवारी, खुरशेद अली, एआरपी प्रदीप महाजन, श्याम जी, पुष्पेंद्र, नवीन मिश्रा, सुरेंद्र जायसवाल, मनीष बैसवार, अपर्णा श्रीवास्तव, विकास वर्मा, अभिषेक तिवारी, जीनत सिद्दीकी, मो. रिजवान सहित बड़ी संख्या में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष और सचिव उपस्थित थे।

# नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा, स्कूल चलो अभियान का आगाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय विकास खण्ड फतेहपुर के कंपोजिट विद्यालय फतेहपुर के प्रांगण में छः से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्कूल चलो अभियान के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन हेतु शिक्षा क्षेत्र के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम प्रधानो की बैठक का आयोजन किया गया।अपवंचित वर्ग के बच्चों ,बालिकाओं ,विशिष्ट आवश्यकताओं वाले बच्चों, कामकाजी बच्चों पर विशेष ध्यान देने शिक्षकों को निर्देशित किया गया। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत 3 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों का बाल वाटिका में नामांकन , 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों का कक्षा एक में शत प्रतिशत नामांकन तथा छः से 14 वर्ष के समस्त ड्रॉप आउट ,




आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हीकरण एवं विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने हेतु स्कूल चलो अभियान का संचालन दो चरणों में करने के निर्देश दिए गए। स्कूल चलो अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए रैलियों,प्रभात फ़ेरियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन, जनप्रतिनिधियों की व्यापक स्तर पर भागीदारी , विद्यालय स्तर पर एस एम सी के सदस्यों की अनिवार्य रूप से बैठक, विद्यालयों के शिक्षक द्वारा परिवार सर्वेक्षण, विद्यालय को आकर्षक एवं स्वच्छ बनाए जाने तथा शैक्षिक सत्र के प्रथम दिवस को उत्साह पूर्वक आयोजित करने के निर्देश दिए गए।कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री धर्मेंद्र प्रसाद ने की। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ बाराबंकी के जिला अध्यक्ष डॉ0 राकेश सिंह, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्री अशोक सिंह ,अटेवा के ब्लॉक अध्यक्ष श्री राम मिलन वर्मा,पूर्व एआरपी श्री कमलेश वर्मा, डॉ0 बनवारी लाल,सत्य प्रकाश वर्मा एवं ग्राम प्रधान गौरा करौंदी ग्राम प्रधान भैंसुरिया मुजाहिदपुर ने संबोधित किया । बैठक के उपरांत खंड शिक्षा अधिकारी श्री धर्मेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन किया गया । इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक श्री सलाउद्दीन किरमानी, श्री अनवर अहमद जिला उपाध्यक्ष,जिला संगठन मंत्री श्री परमेंद्र कुमार,श्री प्रवेश सिंह ,विश्वजीत सिंह,जय कुमार जिला मीडिया प्रभारी,प्रमोद कुमार,अर्जुन प्रसाद ब्लॉक उपाध्यक्ष की सहयोगात्मक उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक,शिक्षक एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# वैज्ञानिक दृष्टिकोण करता है तार्किक क्षमता का विकास : डॉ रीना सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## डॉ.कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का भ्रमण





बाराबंकी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब, बाराबंकी द्वारा वैज्ञानिक शोध प्रयोगशालाओं के भ्रमण व व्याख्यान कार्यक्रम के अन्तर्गत डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में 100 विद्यार्थियों का भ्रमण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। ऑडिटोरियम, राजकीय इण्टर कालेज, बाराबंकी से जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओ पी त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण बसों को रवाना किया । इस कार्यक्रम मे जनपद के 5 विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं एवं 13 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बच्चो को रोबोटिक्स एंड इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन लैब, गूगल लैब, सायबर सिक्योरिटी लैब, एआई लैब , इन्नोवेशन लैब, नैनो टेक्नोलॉजी लैब,मैटेरियल केमिस्ट्री एंड सिंथेसिस लैब का भ्रमण एवं अध्ययन कराया गया। एवं संस्थान के रिसर्च स्कॉलर्स द्वारा विद्यार्थियों को रोबोटिक्स से संबंधित प्रयोगशाला भ्रमण में लैब इंचार्ज के नेतृत्व में 6 आयामी पिक एन्ड ड्राप रोबोट(खठखइ), ड्राइंग रोबोट, 3क प्रिंटिंग एवं वेल्डिंग रोबोट(डइझ्र) के कार्य करने के तरीके एवं उनकी बनावट को प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि मानव के निर्देश पर ही रोबोट मनुष्य के तरीके से कार्य करता है। साइबर सिक्युरिटी लैब में डेटा के महत्व और इसको सुरक्षित रखने के तरीक़े को प्रदर्शित किया गया, कोली लाइनेक्स द्वारा साइबर अटैक के समय की जाने वाली कार्यवाही को भी दिखाया। नैनो लैब में किसी मैटेरियल के नैनो लेवल पर जा कर कोटिंग करते हुए उसकी प्रॉपर्टीज का अध्ययन कैसे किया जाता है इसके बारे में दिखाया। ए आई लैब में इसके महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि सुरक्षा, मेडिकल साइंस आदि में ए आई के जरिये सूक्ष्म से सूक्ष्म स्तर पर बिना त्रुटि के कैसे कार्य संपादित किये जाते हैं।

इस अवसर पर संस्थान की रजिस्ट्रार डॉक्टर रीना सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच का विकसित होना बहुत ही आवश्यक है। भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, कार्य व्यवहार को बढ़ावा देना एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनको उचित अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि विज्ञान में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ प्रयोग बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परिवेश या परिवार कभी आगे बढ़ने में कोई बाधा नहीं डालते हैं, उन्होंने समझाया कि आप जिस परिवेश से हैं वहां से भी आगे बढ़ने के बहुत अवसर हैं, इसके लिए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक तरीके व ईमानदारी नियमित कार्य करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का पूर्ण प्रयत्न करना चाहिए।

कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए समन्वयक जिला विज्ञान आशीष पाठक ने कहा कि विद्यार्थियों के दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी, वैज्ञानिक सोच, को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों के मस्तिष्क में उत्पन्न होने वाले जिज्ञासा, प्रश्नों एवं प्रयोगो का समाधान करने, वैज्ञानिक संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिकों व तकनीकी विदों के साथ विद्यार्थियों का संवाद स्थापित कराया जाना

# केकेआर की कमजोर दिख रही टीम के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार होगा मुंबई

एजेंसी

मुंबई। खेल के सभी विभागों में मजबूत दिख रही मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच साल के खिताब के सूखे को खत्म करने के लिए रविवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी, जिसकी टीम कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से कमजोर नजर आ रही है। मुंबई इंडियंस ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता था लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों से चैंपियन नहीं बन पाया है। इस बार उसकी निगाह अपना छठा खिताब जीतने पर होगी और इसके लिए वह शानदार शुरुआत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पिछले साल हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम क्वालीफायर दो में पंजाब किंग्स से हारने के बाद तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन मुंबई इंडियंस इस बार अच्छी तैयारी के साथ मैदान पर उतर रहा है। रोहित शर्मा



फॉर्म में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे। रोहित के अलावा उसकी टीम में कई स्टार खिलाड़ी हैं जिनमें भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के खिलाड़ी कप्तान सूर्यकुमार यादव, पंड्या, तिलक वर्मा और जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। मुंबई इंडियंस के पास कई शानदार विदेशी खिलाड़ी भी हैं, जिनमें रयान रिकेल्टन, शेरफ़ेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर, विल जैक्स, एएम ग़ज़नफ़र और ट्रेंट बोल्ट प्रमुख हैं। बुमराह और बोल्ट की जोड़ी खतरनाक साबित हो सकती है। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर के रूप में मुंबई इंडियंस के पास दो अनुभवी भारतीय गेंदबाज हैं, जबकि नमन धीर एक बार फिर फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाने की कोशिश करेंगे। पिछले साल उन्होंने अपनी इस भूमिका के साथ पूरा न्याय किया था। इसलिए मुंबई के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंतिम एकादश में उचित संयोजन तैयार करना होगा। उसकी टीम शुरुआत में कुछ मैच जीतने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि अक्सर वह अच्छी शुरुआत करने में नाकाम रही है। मुंबई में खेलने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स में कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के रूप में कुछ स्थानीय खिलाड़ी भी नजर आएंगे लेकिन उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है जिसका मुंबई इंडियंस पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। नीलामी के समय केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण अच्छा नजर आ रहा था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर फ्रेंचाइजी ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर कर दिया था जबकि उसके दो भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और हर्षित राणा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। जिंबॉब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी प्रतिभाशाली हैं लेकिन उन पर दबाव हो सकता है।

# कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा प्रज्ञाननंदा को

एजेंसी

पाफोस (साइप्रस)। आठ खिलाड़ियों की एलीट प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में भाग ले रहे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा को रविवार से यहां शुरू होने वाले कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट का विजेता खिलाड़ी इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का सामना करेगा। इस टूर्नामेंट में आठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक खिलाड़ी अन्य सभी प्रतिभागियों का दो बार सामना करेगा और सबसे अधिक अंक हासिल करने वाला खिलाड़ी विश्व चैंपियन बनने के लिए गुकेश को चुनौती देने का अधिकार हासिल करेगा। हाल के प्रदर्शन को देखते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना प्रबल दावेदार नजर आते हैं लेकिन उनके हमवतन हिकारू नाकामुरा का दावा भी मजबूत है जिन्होंने अपनी रेटिंग के आधार पर




क्वालीफाई किया है। नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी भी अच्छी फॉर्म में हैं और उन पर नजर रखने की जरूरत है। अगर उनकी लय कायम रहती है, तो वह मजबूत दावेदार साबित होंगे। चीन के वेई यी, उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव तथा एंड्री एसेपेंको और मैथियास ब्लूबाउम अन्य चार खिलाड़ी हैं जो इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। प्रज्ञाननंदा के लिए कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की तैयारी पूरी तरह से आसान नहीं रही है। हालांकि लंबे और सुनियोजित अवकाश के बाद यह भारतीय खिलाड़ी तरोताजा महसूस कर रहा होगा। फरवरी में टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के बाद से इस युवा ग्रैंडमास्टर ने कोई भी टूर्नामेंट नहीं खेला है और इसके बजाय उन्होंने अपनी टीम के साथ इस प्रतियोगिता की तैयारी की। कैंडिडेट्स के लिए क्वालीफाई करने के बाद प्रज्ञाननंदा की फॉर्म में गिरावट देखी गई, जो इस वर्ष की शुरुआत में टाटा स्टील मास्टर्स में भी जारी रही। भारतीय खिलाड़ी को अगर विश्व चैंपियनशिप में दो भारतीयों के बीच मुकाबला तय करना है तो उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

# धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण आईपीएल के पहले दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे

नयी दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी पिंडली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले दो सप्ताह में नहीं खेल पाएंगे। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीएसके ने बयान में कहा, ''महेंद्र सिंह धोनी फिलहाल पिंडली की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। इस कारण उनका आईपीएल 2026 के पहले दो सप्ताह में खेलने की संभावना नहीं है। धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से आईपीएल खेलना जारी रखा है। इस 44 वर्षीय खिलाड़ी के आईपीएल में भविष्य को लेकर प्रत्येक सत्र में कयास लगाए जाते हैं। धोनी अब सिर्फ आईपीएल में खेलते हैं इसलिए उनके लिए मैच फिटनेस बनाए रखना और भी मुश्किल हो जाता है। रुतुराज



गायकवाड़ हालांकि टीम के कप्तान हैं, लेकिन टीम की रणनीति धोनी के इर्द-गिर्द ही घूमती है। वह आईपीएल की शुरुआत से ही इस टीम से जुड़े हुए हैं। धोनी ने पिछले आईपीएल में 14 मैच खेले थे और निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए फिनिशर की भूमिका निभाई थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से उन्हें घुटने की समस्या से बार-बार जूझना पड़ा है और 2023 में उनकी सर्जरी भी हुई थी। सीएसके आईपीएल 2026 में अपने अभियान की शुरुआत 30 मार्च को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करेगा।

# पंत की सुझाव लेने के प्रति खुली सोच से सकारात्मक माहौल बनता है : मिचेल मार्श

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम के कप्तान मिचेल मार्श ने ऋषभ पंत की नेतृत्वक्षमता की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान सुझाव लेने की प्रति खुली सोच रखता है जिससे टीम के अंदर सकारात्मक माहौल पैदा होता है। एलएसजी के पास मार्श और एडन मार्करम के रूप में दो अंतरराष्ट्रीय कप्तान हैं। मार्श ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा, ''बात बस इतनी सी है कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें, ऋषभ को हर संभव सहयोग दें। वह एक बेहतरीन युवा खिलाड़ी है जो अपनी टीम का नेतृत्व बखूबी करता है। वह हमेशा फीडबैक और सुझाव लेने के लिए तैयार रहता है और उस पर अमल भी करता है। उन्होंने कहा, ''हमारी टीम में कुछ बहुत अच्छे नेतृत्वकर्ता हैं जो काफी महत्व रखते हैं। मेरे लिए जहां जरूरत है वहां योगदान देना महत्वपूर्ण है। मार्श ने कहा कि




अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना और टीम पर सकारात्मक प्रभाव डालना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा, ''मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करूंगा। पिछला साल मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से काफी अच्छा रहा था और तब मैंने निरंतरता बनाए रखी थी। लेकिन मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं इस टीम पर सकारात्मक प्रभाव कैसे डाल सकता हूं और अधिक से अधिक मैच जीतने में कैसे योगदान दे सकता हूं। मार्श ने सकारात्मक माहौल बनाने में टीम के मालिक संजीव गोयनका और पंत की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा, ''एलएसजी के साथ मेरा सफर शानदार रहा है। पिछले साल फ्रेंचाइजी ने मेरा बहुत अच्छे से ख्याल रखा। इस साल भी ऐसा ही लग रहा है। हमारी टीम में बहुत अपनापन है और उम्मीद है कि हम इस माहौल को बरकरार रख पाएंगे और लोगों को दिखा पाएंगे कि हमारे लिए एलएसजी के लिए खेलना कितना मायने रखता है। मार्करम के साथ मैदान पर और मैदान के बाहर के संबधों के बारे में मार्श ने कहा कि समय के साथ दोनों अच्छे दोस्त बन गए हैं और पिछले सत्र में दोनों ने बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन किया। आईपीएल 2025 में मार्श ने 627 रन और मार्करम ने 445 रन बनाए। मार्श ने कहा, ''पिछले साल मैंने एडन के साथ बहुत अच्छा समय बिताया। हम अतीत में एक दूसरे के खिलाफ कई बार खेल चुके हैं लेकिन किसी को आप तभी अच्छी तरह से समझ पाते हैं जब आप एक टीम की तरफ से खेलते हैं। उन्होंने कहा, '' जब आप एक साथ खेलते हैं, तो मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह आपका रिश्ता मज़बूत होना चाहिए। पिछले साल हम अच्छे दोस्त बन गए। शीर्ष क्रम में अपनी रणनीति के बारे में मार्श ने कहा कि मुश्किल लक्ष्य तय करने के बजाय परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, ''कुछ मैचों में आपकी शुरुआत अच्छी होती है। मुझे लगता है कि पिछले साल हमने पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आपको परिस्थितियों के अनुसार खेलना होता है। आप निश्चित रूप से जितना हो सके उतना प्रभाव डालने और बेहतरीन शुरुआत दिलाने की कोशिश करते हैं। लेकिन हमारा ध्यान किसी निश्चित संख्या पर नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### जर्मनी ने विर्ट्ज़ के शानदार प्रदर्शन से स्विस टीम को हराया, इंग्लैंड ने ड्रॉ खेला

**लंदन।** फ्लोरियन विर्ट्ज़ ने दो गोल किए और दो गोल में मदद की, जिससे जर्मनी ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विश्व कप फुटबॉल से पहले के मैत्री मैच में स्विट्जरलैंड को 4-3 से हराया जबकि मिकेल ओयार्ज़ाबल के दो गोल की मदद से स्पेन ने सर्बिया को 3-0 से पराजित किया। अन्य मैचों में बेन व्हाइट ने इंग्लैंड की टीम में वापसी करते हुए गोल किया लेकिन फिर स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी दे दी, जिससे इंग्लैंड ने उरुग्वे के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि नीदरलैंड ने एम्स्टर्डम में नॉर्वे को 2-1 से हराया। इंग्लैंड के कोच थॉमस ट्यूशेल का व्हाइट का चयन करना चौंकाने वाला था, क्योंकि चार साल पहले वह विश्व कप के बीच में ही अपने साथियों को छोड़कर चले गए थे। जब मैच में 21 मिनट बचे हुए थे तब आर्सेनल के डिफेंडर फिकायो टोमोरी की जगह उन्हें मैदान पर उतारा गया। वेम्बली में मौजूद 80,000 दर्शकों में से कुछ ने उनकी हूटिंग भी की। अन्य मैचों में अल्जीरिया ने ग्वाटेमाला को 7-0 से और मिस्र ने सऊदी अरब को 4-0 से हराया। मोरक्को ने इक्वाडोर के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

### ब्रिटेन की पहली महिला ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मैरी रैंड का 86 वर्ष की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की दिग्गज एथलीट और ओलंपिक चैंपियन मैरी रैंड का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह ओलंपिक इतिहास में एक ही खेलों में तीन पदक जीतने वाली पहली ब्रिटिश महिला थीं। मैरी रैंड ने टोक्यो ओलंपिक 1964 में शानदार प्रदर्शन करते हुए लंबी कूद में स्वर्ण, पेंटाथलॉन में रजत और 4x100 मीटर रिले में कांस्य पदक जीता था। उनका यह प्रदर्शन उन्हें उस दौर की सबसे प्रेरणादायक खिलाड़ियों में शामिल करता है। यूके एथलेटिक्स ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि रैंड अपने करियर की शुरुआत से ही एक ट्रेलब्लेज़र (राह दिखाने वाली) थीं। मात्र 17 साल की उम्र में उन्होंने पेंटाथलॉन में अपना पहला ब्रिटिश रिकॉर्ड बनाया और कुछ ही समय बाद कार्डिफ में कॉमनवेल्थ गेम्स में लंबी कूद में रजत पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान बनाई। टोक्यो ओलंपिक में रैंड ने 6.76 मीटर की छलांग लगाकर विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया था, जो उस समय एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी गई। यूके एथलेटिक्स के अनुसार रैंड के स्वर्ण पदक ने पूरी टीम को प्रेरित किया और उसी प्रेरणा से ब्रिटिश दल ने कुल 12 पदक जीते। उनकी साथी और 800 मीटर ओलंपिक चैंपियन एन पैकर ने भी कहा था कि मैरी की जीत ने पूरी टीम का आत्मविश्वास बढ़ा दिया था। मैरी रैंड का योगदान ब्रिटिश एथलेटिक्स में हमेशा याद किया जाएगा और वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेंगी।


### डब्ल्यूटीओ में सहमति-आधारित निर्णय प्रक्रिया महत्वपूर्ण इस पर कोई समझौता नहीं: गोयल

**नयी दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की सहमति-आधारित निर्णय प्रक्रिया पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता और इसे इस बहुपक्षीय संस्था की नींव बताया। कैमरून के याउंडे में विश्व व्यापार संगठन के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) के दूसरे दिन एक सत्र को संबोधित करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वर्तमान गतिरोध की व्यापक और रचनात्मक समीक्षा करने की जरूरत है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, ल्लविश्वास फिर से बनाना बहुत जरूरी है ताकि सहमति-आधारित निर्णय प्रक्रिया को मजबूत किया जा सके। यह प्रक्रिया अपरिवर्तनीय है और डब्ल्यूटीओ की नींव भी है। यह मुद्दा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कुछ विकसित देश जेनेवा स्थित इस बहुपक्षीय व्यापार संगठन में सहमति-आधारित प्रणाली की आलोचना कर रहे हैं और डब्ल्यूटीओ सुधार की मांग कर रहे हैं। उनका तर्क है कि इस प्रणाली में एक सदस्य देश भी संगठन की बैठकों में लिए गए निर्णयों को रोक सकता है। हालांकि, भारत जैसे विकासशील देश इस प्रणाली का समर्थन करते हैं क्योंकि यह सभी देशों को समान अधिकार और आवाज देती है। मंत्री ने यह भी कहा कि एक सच्ची और सफल बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली तभी फल-फूल सकती है जब उसका संस्थागत ढांचा संगठित, मजबूत और सभी सदस्यों की साझा आकांक्षाओं के अनुरूप बना रहे। गोयल ने कहा, वर्तमान गतिरोध की पूरी और रचनात्मक समीक्षा करना जरूरी है, ताकि इसकी मूल वजहों को समझा जा सके, और यह सुनिश्चित किया जा सके कि चर्चा पारदर्शी, समावेशी और सदस्य-केंद्रित बनी रहे।

# मेरा एकमात्र लक्ष्य अपनी टीम के लिए मैच जीतना है: रघुवंशी

एजेंसी

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी का कहना है कि वह अपनी टीम के प्रदर्शन के आधार पर अपने खेल का आकलन करते हैं और इसके साथ ही वह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर के रूप में अपने कौशल को बढ़ाने पर लगातार काम कर रहे हैं। जिस टीम में न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट और भारत के अनकैप्ड (जिन्होंने अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) खिलाड़ी तेजस्वी दहिया विशेषज्ञ विकेटकीपर के रूप में मौजूद हैं, उसमें रघुवंशी का विकेट के पीछे का कौशल केकेआर के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है क्योंकि उनकी टीम के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में सही संयोजन तैयार करना एक चुनौती होगी। रघुवंशी ने कहा, ''घरेलू क्रिकेट की मेरी टी20 टीम मुंबई को विकेटकीपिंग के



लिए मेरी जरूरत थी, इसलिए मैंने इसे स्वीकार किया। यह एक नई चुनौती थी जिसने मुझे बहुत मजा आया। मैंने बहुत अभ्यास किया है और अब देखते हैं कि परिणाम कैसा निकलता है। भारतीय टीम में सभी प्रारूपों में जगह पाने की होड़ तेज हो रही है तथा यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा जैसे विशेषज्ञ बल्लेबाज भी लगातार अपनी गेंदबाजी कौशल को निखारने में जुटे हैं, ऐसे में रघुवंशी को भी कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचता। मैं बस अपने खेल को जितना हो सके बेहतर बनाने पर ध्यान देता हूं। क्रिकेट काफी गतिशील खेल है और इसलिए मैं अपनी बल्लेबाजी के साथ-साथ अपने फील्डिंग कौशल और विकेटकीपिंग कौशल पर भी लगातार काम कर रहा हूं। मैं जितना हो सके उतना बेहतर बनने की कोशिश कर रहा हूं। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी को मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में ज्यादा मौके नहीं मिले, लेकिन उन्होंने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी दोनों टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। रघुवंशी ने कहा, ''मैंने अपनी तरफ से पूरी तैयारी की, लेकिन मैं अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन केवल इस आधार पर करता हूं कि टीम जीती है या नहीं। उम्मीद है कि आईपीएल में मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगा और अपनी टीम को जीत दिलाने में योगदान दूंगा। अपने गुरु और कोच अभिषेक नायर के केकेआर के मुख्य कोच के रूप में पदभार संभालने के बाद रघुवंशी को विश्वास है कि उन्हें इस पूर्व भारतीय खिलाड़ी से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

# नवनीत कौर ने प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिलने पर जताई खुशी, टीम को किया समर्पित

एजेंसी

नई दिल्ली।भारतीय महिला हॉकी टीम की स्टार फॉरवर्ड नवनीत कौर ने हॉकी इंडिया आठवें वार्षिक अवॉर्ड्स 2025 में 'प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला)' का प्रतिष्ठित सम्मान मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्हें यह सम्मान हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड के तहत प्रदान किया गया। नवनीत कौर के लिए बीता साल बेहद शानदार रहा, जहां उन्होंने भारतीय टीम के लिए लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया। हैदराबाद में आयोजित एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप क्वालीफायर में उन्होंने अहम भूमिका निभाते हुए भारत को रजत पदक दिलाने में योगदान दिया। इस टूर्नामेंट में उन्होंने चार गोल किए और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' भी चुनी गईं। इसके अलावा महिला एशिया कप 2025 में भी नवनीत का प्रदर्शन दमदार रहा, जहां भारत ने रजत पदक जीता। इस प्रतियोगिता में उन्होंने छह गोल दागे। इसी दौरान उन्होंने अपने करियर का एक बड़ा मुकाम हासिल करते हुए 200 अंतरराष्ट्रीय मैच भी पूरे किए। पुरस्कार मिलने के बाद नवनीत कौर ने कहा, इस सम्मान को पाकर मैं बेहद गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। यह उपलब्धि मेरी टीम के साथियों के सहयोग और विश्वास के बिना संभव नहीं थी। मैं हॉकी इंडिया का भी धन्यवाद करना चाहती हूं, जो हर साल इस तरह का मंच उपलब्ध कराता है, जिससे खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती है। आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स को लेकर उन्होंने कहा, ल्लआने वाला समय काफी व्यस्त रहने वाला है। नेशंस कप, वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स जैसे बड़े टूर्नामेंट हमारे सामने हैं। हमारा कैंप जल्द शुरू होगा और हम अपनी कमजोरियों पर काम कर टीम के प्रदर्शन को और बेहतर बनाने पर ध्यान देंगे। अपने व्यक्तिगत लक्ष्य को लेकर नवनीत ने कहा, मैं अपने खेल में लगातार सुधार करना चाहती हूं। अभी तक के प्रदर्शन से संतुष्ट हूं, लेकिन आगे और बेहतर करने की गुंजाइश है।

# पाकिस्तान, आईएमएफ ने 1.2 अरब डॉलर की राशि को लेकर किया समझौता

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने दो अलग-अलग व्यवस्थाओं के तहत लगभग 1.2 अरब डॉलर के लिए एक शुरुआती समझौता किया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने शनिवार को बताया कि दोनों पक्षों ने विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) की तीसरी समीक्षा और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और अन्य पर्यावरण अनुकूल पहल ( रेजिलिएंस एंड सस्टेनेबिलिटी फैसिलिटी) से जुड़ी सुविधा के तहत दूसरी समीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कर ली है। आईएमएफ के प्रतिनिधिमंडल ने 25 फरवरी से दो मार्च तक कराची और इस्लामाबाद में पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ बातचीत की थी, लेकिन उस समय कोई समझौता नहीं हो पाया था। इसके बाद बातचीत ऑनलाइन जारी रही और अंत में मुद्राकोष के अधिकारियों और सरकार के बीच सहमति बन गई। आईएमएफ ने एक बयान में कहा कि उसके अधिकारियों और पाकिस्तान के अधिकारियों के बीच इन दोनों व्यवस्थाओं की समीक्षा को लेकर सहमति बन गई है। पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय ने भी कहा कि 37 महीने की ईएफएफ व्यवस्था और 28 महीने की आरएसएफ व्यवस्था की समीक्षा पर सहमति बन गई है। आईएमएफ की मिशन प्रमुख इवा पेट्रोवा ने कहा कि बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद पाकिस्तान को ईएफएफ के तहत लगभग एक अरब डॉलर और आरएसएफ के तहत करीब 21 करोड़ डॉलर की राशि मिल सकेगी। पाकिस्तान 2024 में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सात अरब डॉलर के ईएफएफ कार्यक्रम में शामिल हुआ, जिसका उद्देश्य अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, बाजार में विश्वास बहाल करना, राजकोषीय सुधारों को बनाए रखना और ऊर्जा क्षेत्र की अक्षमताओं को कम करना है।

# बीते वर्ष बेरोजगारी मामूली घटकर 3.1 प्रतिशत पर: सरकारी सर्वेक्षण

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए समग्र बेरोजगारी दर जनवरी से दिसंबर 2025 के दौरान मामूली घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो एक वर्ष पहले 3.2 प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2025 में कहा गया कि बेरोजगारी दर के अनुमान विभिन्न क्षेत्रों और स्त्री एवं पुरुष में बेरोजगारी कम करने की दिशा में निरंतर प्रगति का संकेत देते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार देश में महिलाओं की बेरोजगारी दर 2025 में 3.1 प्रतिशत पर ही बनी रही, जो एक वर्ष पहले के स्तर के बराबर है। वहीं पुरुषों के लिए यह 2025 में 3.3 प्रतिशत से घटकर 3.1 प्रतिशत हो गई। इसमें कहा गया कि 2025 में ग्रामीण




बेरोजगारी दर 2.4 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पहले 2.5 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला बेरोजगारी दर 2.1 प्रतिशत रही, जो पुरुषों की बेरोजगारी दर (2.6 प्रतिशत) से कम है। शहरी क्षेत्रों में पुरुष और महिला बेरोजगारी दर क्रमशः 4.2 प्रतिशत और 6.4 प्रतिशत तक कम हुई। स्व-रोजगार का हिस्सा कुल स्तर पर 2024 के 57.5 प्रतिशत से घटकर 2025 में 56.2 प्रतिशत रह गया। पुरुषों में यह 52.9 प्रतिशत से घटकर 52 प्रतिशत और महिलाओं में 66.5 प्रतिशत से घटकर 64.2 प्रतिशत हो गया । रिपोर्ट में कहा गया कि इस कमी के साथ नियमित वेतनभोगी रोजगार का हिस्सा बढ़कर 22.4 प्रतिशत से 23.6 प्रतिशत हो गया।

# भारत के दो और जहाजों ने सुरक्षित पार किया होर्मुज जलडमरूमध्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के कारण इस क्षेत्र से विभिन्न ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने के बीच राहत की खबर है कि पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारत के दो और व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है। इससे पहले भी भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्यम के मार्ग से स्वदेश आ चुके हैं।

सूत्रों के अनुसार पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारतीय ध्वज वाले दो व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है। भारतीय नौसेना के क्षेत्र में तैनात युद्धपोत जरूरत पड़ने इन जहाजों की सुरक्षा के लिए तैयार रखे गये हैं। हालांकि इन जहाजों के नाम और इनमें लदे उत्पादों तथा इनमें सवार लोगों के बारे में पुष्ट जानकारी नहीं दी गयी है। ईरान कई बार यह बात कह चुका है कि वह भारत सहित कुछ मित्रों के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से बिना रूकावट के गुजरने देगा। भारत पश्चिम एशिया संकट के बाद से क्षेत्र में फंसे अपने व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित निकासी के लिए अलग अलग स्तर पर संबंधित पक्षों के साथ निरंतर संपर्क बनाये हुए है और इसी का परिणाम है कि भारतीय जहाज धीरे धीरे इस क्षेत्र से निकलने में सफल हो रहे हैं। इस बीच बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को एक ब्रीफिंग के दौरान पुष्टि की थी कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक दल सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा था, ''पिछले 24 घंटों में खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले जहाजों या नाविकों से संबंधित कोई घटना रिपोर्ट नहीं हुई है। 20 जहाजों पर सवार सभी 540 नाविक सुरक्षित हैं। महानिदेशक नौवहन के संचार केंद्र जो 24 घंटे सक्रिय रहता है ने 98 कॉल और 335 ईमेल का निपटारा किया तथा 25 भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी में सहायता की।

# सहानुभूति की राजनीति कर रही हैं ममता : शाह

## बंगाल चुनाव 2026 :15 साल के शासन पर पेश किया आरोप पत्र

एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कोलकाता में तृणमूल कंग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में पिछले 15 वर्षों से भय, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति चल रही है और आने वाला चुनाव यह तय करेगा कि बंगाल की जनता भय को चुनेगी या भरोसे को।

इसके साथ ही अमित शाह ने तृणमूल कंग्रेस सरकार के खिलाफ एक विस्तृत आरोप पत्र भी जारी किया। उन्होंने कहा कि, यह किसी एक दल का दस्तावेज नहीं बल्कि बंगाल की जनता की आवाज है, जिसे उनकी पार्टी सामने ला रही है। उन्होंने कहा कि यह आरोप पत्र राज्य सरकार के 15 वर्षों के काले कारनामों का संकलन है।

अपने संबोधन में अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सहानुभूति की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह हमेशा खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश करती हैं। उन्होंने कहा कि कभी चोट लगने का मामला सामने आता है, कभी सिर पर पट्टी बांधकर सहानुभूति लेने की कोशिश होती है, कभी बीमारी का हवाला दिया जाता है और कभी चुनाव कराने वाली संवैधानिक संस्था पर आरोप लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब इन बातों को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि बंगाल का यह चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं बल्कि राज्य को भय के माहौल से मुक्त कराने का चुनाव है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में आम लोगों को जान-माल की सुरक्षा को लेकर डर रहता है, संपत्ति लूटे जाने का भय बना रहता है, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता रहती है और युवाओं को अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। अमित शाह ने तृणमूल कंग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में संगठित वसूली तंत्र खड़ा कर दिया गया है और भ्रष्टाचार व्यवस्था का हिस्सा बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऊपर से नीचे तक आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं और आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि विकास के अभाव में बंगाल उद्योगों के लिए कब्रगाह बन गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में अवैध घुसपैठ एक गंभीर समस्या बन चुकी है और इसे राजनीतिक संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों से हो रही घुसपैठ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी चिंता का विषय है। उनका कहना था कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अमित शाह ने यह भी दावा किया कि उनकी पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों के आंकड़े बताते हैं कि भाजपा का मत प्रतिशत और सीटों की संख्या लगातार बढ़ी है और अब पार्टी राज्य में एक मजबूत राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन में पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बढ़ते जनाधार का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को 17 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे और केवल 2 सीटें मिली थीं, जबकि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का मत प्रतिशत बढ़कर 41 प्रतिशत हो गया और सीटों की संख्या बढ़कर 18 तक पहुंच गई। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भी पार्टी को 39 प्रतिशत मत प्राप्त हुए और 12 सीटें हासिल हुईं। उन्होंने विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2016 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को केवल 10 प्रतिशत मत मिले थे और पार्टी को 3 सीटों से संतोष करना पड़ा था, लेकिन वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का मत प्रतिशत बढ़कर 38 प्रतिशत हो गया और पार्टी ने 77 सीटें जीतकर मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। अमित शाह ने दावा किया कि इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल में लगातार अपना जनाधार मजबूत किया है और अब करीब 40 प्रतिशत मतों के साथ पार्टी राज्य में एक मजबूत राजनीतिक शक्ति बन चुकी है। उन्होंने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने चुनाव से पहले पूरे राज्य का दौरा कर अव्यवस्था, आर्थिक बदहाली और घुसपैठ जैसे मुद्दों को जनता के बीच उठाया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य की चुनाव व्यवस्था पर भी सवाल उठाए और कहा कि बंगाल में चुनाव के दौरान हालात ऐसे रहे कि उच्चतम न्यायालय को न्यायिक अधिकारियों की तैनाती तक करनी पड़ी, जबकि अन्य राज्यों में ऐसी स्थिति नहीं बनी।

# यूनेस्को शिक्षा रिपोर्ट में 2030 लक्ष्य पर बड़ा खतरा, 27 करोड़ से अधिक बच्चे हैं स्कूलो से बाहर

एजेंसी

पेरिस/नयी दिल्ली। यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) रिपोर्ट-2026 के अनुसार दुनिया भर में 27.3 करोड़ (273 मिलियन) बच्चे, किशोर और युवा स्कूल से बाहर हैं। रिपोर्ट के अनुसार यह लगातार सातवां साल है जब यह संख्या बढ़ी है और वैश्विक स्तर पर हर छठा बच्चा स्कूल से बाहर है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2015 के बाद लगभग हर क्षेत्र में स्कूल में बच्चों को बनाए रखने की प्रगति धीमी पड़ गई है। सबसे ज्यादा असर उप-सहारा अफ्रीका और पश्चिम एशिया के संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में देखा जा रहा है। संघर्ष वाले इलाकों में रहने वाले हर छह में एक से ज्यादा शिक्षा से वंचित है।

पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में ग्लोबल एजुकेशन कोएलिशन की बैठक में इस रिपोर्ट को 25 मार्च को जारी किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, यह 2030 तक 'सबके लिए शिक्षा' लक्ष्य हासिल करने की राह में मुश्किल है। इस गति से हम 2030 तक दुनिया के सभी बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे। हालांकि, रिपोर्ट यह भी स्पष्ट करती है कि इससे वैश्विक शिक्षा एजेंडा को विफल नहीं माना जा सकता।

रिपोर्ट के अनुसार 1990 में प्राथमिक शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुंच, 2000 में प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करने और 2015 में माध्यमिक शिक्षा पूर्ण करने के लक्ष्यों ने महत्वाकांक्षा तो बढ़ाई, लेकिन शिक्षा प्रणालियों का विस्तार उतनी तेजी से नहीं हो सका, जिससे इन लक्ष्यों की विश्वसनीयता प्रभावित हुई।

रिपोर्ट के अनुसार प्राथमिक शिक्षा पूरी करने की दर 2000 में 77 प्रतिशत से बढ़कर 88 प्रतिशत हो गई है, जबकि ऊपरी माध्यमिक में 37 प्रतिशत से 61 प्रतिशत। यानी नामांकन बढ़ रहा है, लेकिन कई बच्चे स्कूल में देर से दाखिला लेते हैं या ग्रेड दोहराते हैं, जिससे पूरा करने में देरी होती है। रिपोर्ट के अनुसार स्कूलों में बच्चों के नामांकन में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2024 तक दुनिया भर में 1.4 अरब छात्र स्कूलों में नामांकित हैं। रिपोर्ट के अनुसार कुछ देशों की तस्वीर आशाजनक है। जैसे- मेडागास्कर और टोगो (बच्चों के लिए), मोरक्को और वियतनाम (किशोरों के लिए), तथा तुर्की और जॉर्जिया (युवाओं के लिए) जैसे देशों को सराहा गया है, जिन्होंने 2000 के बाद आउट-ऑफ-स्कूल दर में 80 प्रतिशत तक की कमी की है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के हर 6 में से 1 बच्चा संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों (जैसे पश्चिम एशिया) में रहता है, जिससे स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की संख्या बढ़ रही है। वर्ष 2000 के बाद प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा में नामांकन 30 प्रतिशत (32 करोड़ से अधिक बढ़ा है। कई देशों ने शिक्षा में समानता और समावेशन के लिए नीतियों में बदलाव किया है। सरकारें अब पिछड़े क्षेत्रों और समूहों को विशेष सहायता दे रही हैं और तकनीक, परिवहन, ऊर्जा और स्वास्थ्य में निवेश के जरिए शिक्षा तक पहुंच बढ़ा रही हैं। यह रिपोर्ट ''काउंटडाउन टू 2030'' श्रृंखला की पहली कड़ी है, जिसमें 35 देशों के केस स्टडी के जरिए शिक्षा तक पहुंच में असमानताओं का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य के शिक्षा लक्ष्य ( एसडीजी4 ) 2030 तक हासिल करने के लिए शिक्षा नीतियों की पुनर्समीक्षा की जरूरत बताई गई है।

## केंद्र ने हरित बंदरगाह, समुद्री ढांचे के विकास को दी गति

# 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में 30 फीसदी कमी का लक्ष्य

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने हरित बंदरगाहों और समुद्री ढांचे के विकास के लिए प्रमुख बंदरगाहों पर ग्रीन टग ट्रांजिशन प्रोग्राम (जीटीटीपी) लागू किया है। इसके तहत पारंपरिक डीजल चालित टग्स को इलेक्ट्रिक या हाइब्रिड टग्स में बदला जा रहा है। इसके साथ ही बंदरगाहों पर नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग, उपकरणों और वाहनों का विद्युतीकरण, शून्य-उत्सर्जन ट्रकों की तैनाती और हरित सागर ग्रीन पोर्ट गाइडलाइंस के तहत ऑनशोर पावर सप्लाई सिस्टम की स्थापना की गई है। इन पहलों से प्रमुख बंदरगाहों पर कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आई है।

केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने लोकसभा में लिखित उत्तर में बताया कि दीन दयाल उपाध्याय, जवाहरलाल नेहरू, विशाखापत्तनम और वीओ चिदंबरनार बंदरगाहों को इलेक्ट्रिक टग्स के लिए कार्यादेश जारी किए हैं। वहीं, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने दीनदयाल बंदरगाह (गुजरात), पारादीप पोर्ट (ओडिशा) और वीओ चिदंबरनार पोर्ट (तमिलनाडु) को ग्रीन हाइड्रोजन हब के रूप में मान्यता दी है।

इन बंदरगाहों पर ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन, इलेक्ट्रोलाइज़र आधारित संयंत्रों की स्थापना और ग्रीन मेथनॉल बंकरिंग सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। पारादीप पोर्ट पर सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत 797.17 करोड़ रुपये की लागत से ग्रीन हाइड्रोजन या ग्रीन अमोनिया हैंडलिंग जेटी विकसित की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों (2023-24 और 2024-25) में प्रमुख बंदरगाहों के आधुनिकीकरण, तटीय शिपिंग और ग्रीन पोर्ट विकास से जुड़े लगभग 180 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। मैरिटाइम इंडिया विजन 2030 के तहत लक्ष्य रखा गया है कि वर्ष 2030 तक बंदरगाहों पर नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक हो, उपकरणों का 50 प्रतिशत विद्युतीकरण हो, हरित पट्टी का क्षेत्रफल 20 प्रतिशत तक बढ़े और प्रति टन कार्गो पर कार्बन उत्सर्जन में 30 प्रतिशत कमी आए।

# दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर करने पर अदालत सख्त

एजेंसी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर किए जाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे सबसे कड़े शब्दों में निंदनीय बताया है। शीर्ष अदालत ने सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोर्ट के आदेशों में पीड़िता या उसके परिवार की पहचान किसी भी रूप में सामने न आए।

न्यायमूर्ति संजय करोल और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि 2018 के निपुण सक्सेना बनाम यूनियन ऑफ इंडिया फैसले में स्पष्ट किया गया था कि किसी भी माध्यम (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या सोशल मीडिया) में पीड़िता की पहचान उजागर नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसके बावजूद निचली अदालतों में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। इसके पीछे अदालतों की उदासीनता और इस तरह के अपराधों से जुड़े सामाजिक कलंक के प्रति जागरूकता की कमी को जिम्मेदार बताया गया। अदालत ने बताया कि 1983 में भारतीय दंड संहिता में संशोधन कर धारा 228इ जोड़ी गई थी, जिसका उद्देश्य दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान को सार्वजनिक होने से रोकना है। इससे पहले ऐसा कोई स्पष्ट कानूनी प्रतिबंध नहीं था, जिससे पीड़िताओं को सामाजिक बहिष्कार और मानसिक आघात का सामना करना पड़ता था। पीठ ने अपने आदेश की प्रति सभी हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को भेजने का निर्देश दिया है, ताकि इस कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके। यह टिप्पणी उस दौरान आई, जब अदालत हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के एक फैसले की समीक्षा कर रही थी, जिसमें नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को बरी कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में छोटे-छोटे विरोधाभासों को ज्यादा महत्व नहीं देना चाहिए।

# हालिया यूजीसी, एनसीईआरटी विवादों से बचा जा सकता था: धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) के समानता नियमों और एनसीईआरटी (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद) पाठ्यपुस्तक में न्यायिक भ्रष्टाचार पर टिप्पणियों को लेकर हाल में उपजे विवादों के बारे में कहा कि इनसे बचा सकता था। प्रधान ने 'टाइम्स नाउ' सम्मेलन में शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान इस बात पर जोर दिया कि सरकार किसी के खिलाफ भेदभाव का समर्थन नहीं करती।

उन्होंने कहा, मैं स्वीकार करता हूं कि इनसे बचा जा सकता था, खासकर जिस तरह से उन्हें प्रस्तुत किया गया था। यूजीसी मामले पर समाज में चर्चा विचाराधीन है और उच्चतम न्यायालय के संज्ञान में है, इसलिए मैं सार्वजनिक रूप से टिप्पणी नहीं कर सकता लेकिन मैं नागरिकों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम किसी के खिलाफ उत्पीड़न का समर्थन नहीं करते।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना सरकार का संवैधानिक कर्तव्य है कि किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। उन्होंने कहा, यह न्यायालय के संज्ञान में है; जैसा अदालत तय करेगी, सरकार संविधान के अनुसार प्रणाली को लागू करेगी। मंत्री ने एनसीईआरटी मुद्दे के बारे में कहा कि न्यायालय ने इस मामले पर कुछ मार्गदर्शन प्रदान किया है। उन्होंने कहा, यह कहा गया है कि उसकी देखरेख में तैयार अध्याय जोड़ा जाएगा और हम उस काम में लगे हुए हैं। एक समिति भी गठित की गई है। न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय समिति बनी है, जिसमें भारत के एक पूर्व अटॉर्नी जनरल और एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् भी शामिल हैं। प्रधान ने कहा, अदालत ने भोपाल विधि अकादमी को भी शामिल करने के लिए कहा था। यह सब काम चल रहा है और अध्याय तैयार किया जा रहा है। इसे अदालत के समक्ष रखा जाएगा और तदनुसार जोड़ा जाएगा।ङ्क इस महीने की शुरूआत में, एनसीईआरटी ने पाठ्यपुस्तक में न्यायिक भ्रष्टाचार पर एक अध्याय शामिल करने के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी थी। एनसीईआरटी ने घोषणा की थी कि पूरी पाठ्यपुस्तक वापस ले ली जाएगी।

कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में कहा गया था कि भ्रष्टाचार, बड़े पैमाने पर लंबित मामले और पर्याप्त संख्या में न्यायाधीशों की कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में से हैं। अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के खिलाफ भेदभाव को रोकने के लिए जनवरी 2026 में अधिसूचित यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा) नियमन, 2026 पर उच्चतम न्यायालय ने रोक लगा दी थी।

# पेज एक का शेष

### नोएडा एयरपोर्ट नए...

हुए कहा कि यह परियोजना उनके भविष्य को नई उड़ान देने वाली है। उन्होंने इसे ''विकसित यूपीऽविकसित भारत'' अभियान का नया अध्याय बताया और कहा कि उत्तर प्रदेश अब देश में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाले राज्यों में शामिल हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस एयरपोर्ट के शिलान्यास और उद्घाटन दोनों का अवसर उन्हें मिला, जो उनके लिए गर्व की बात है। साथ ही उन्होंने जनता को भी इस उपलब्धि का भागीदार बनाया। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने एक अनोखा दृश्य भी प्रस्तुत किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट जलाकर उद्घाटन में भाग लेने का आह्वान किया। यह आपकी अमानत है, आपका भविष्य है,'' कहते हुए उन्होंने ''भारत माता की जय'' के नारों के बीच लोगों से सामूहिक रूप से उद्घाटन का हिस्सा बनने को कहा। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ अन्य नेता मौजूद थे।

### ईरान के ख़िलाफ़...

उम्मीद है कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान ''महीनों नहीं, बल्कि कुछ हफ्तों में'' समाप्त हो जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान में जमीनी सैनिक भेजने की संभावना नहीं है। श्री रुबियो ने फ्रांस में आयोजित जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेते हुए सहयोगी देशों से अधिक समर्थन की अपील की और कहा कि इस अभियान के उद्देश्यों को ''अधिकतम साझेदार योगदान'' के साथ पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस अभियान में तय समय के अनुसार या उससे आगे चल रहा है और इसे उपयुक्त समय पर समाप्त किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बिना जमीनी सैनिकों के भी लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं, हालांकि संभावित परिस्थितियों से निपटने के लिए कुछ जमीनी बल तैनात किए जा रहे हैं। इस बीच, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया कि उसने ''ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4'' के तहत अल-शुवैख बंदरगाह और दुबई के तटीय क्षेत्रों में अमेरिकी-इज़राइली बलों को निशाना बनाते हुए कई सटीक हमले किए। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम के अनुसार, आईआरजीसी ने कहा कि इस अभियान में बैलिस्टिक मिसाइल और 'क़दर 380' क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया, जिसमें छह अमेरिकी लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी (एलसीयू) को निशाना बनाया गया। इनमें से तीन के डूबने और अन्य के क्षतिग्रस्त होने का दावा किया गया है। आईआरजीसी ने यह भी दावा किया कि ड्रोन हमलों में अमेरिकी ड्रोन इकाइयों के ठिकानों और दुबई के एक होटल को निशाना बनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक मारे गए। इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो की आलोचना जारी रखते हुए इस पार-अटलांटिक सैन्य गुट के प्रति निराशा व्यक्त की है। श्री ट्रंप ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए सैन्य सहायता प्रदान करने में सहयोगी देशों की अनिच्छा के लिए उन्हें कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे समुद्री ऊर्जा व्यापार, पारगमन और नौवहन प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ है। मियामी में सऊदी समर्थित निवेश सम्मेलन में श्री ट्रंप ने कहा, ''मुझे लगता है कि एक बहुत बड़ी गलती तब हुई, जब नाटो वहां मौजूद नहीं था, वे बस वहां नहीं थे।'' उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका नाटो की सुरक्षा पर 'सालाना सैकड़ों अरब डॉलर' खर्च कर रहा है। उन्होंने अपनी बात जारी रखते हुए कहा, ''और हम हमेशा उनके लिए वहां मौजूद रहते, लेकिन अब उनके कार्यों के आधार पर मुझे लगता है कि हमें होने की जरूरत नहीं है, है न? ...अगर वे हमारे लिए वहां नहीं हैं, तो हम उनके लिए वहां क्यों हों। वे हमारे लिए वहां नहीं थे।'' अमेरिकी राष्ट्रपति की ये टिप्पणियां गठबंधन की तीखी आलोचना के बाद आयी हैं। इसमें उन्होंने नाटो को 'अमेरिका के बिना कागजी शेर' करार दिया था। शुक्रवार को इस बयान को दोहराते हुए गठबंधन पर अमेरिका को धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईरानी नाकेबंदी के मद्देनजर नागरिक जहाजों के साथ जाने के लिए एक बहुराष्ट्रीय नौसेना एस्कॉर्ट समूह बनाने में नाटो ने मदद करने से इनकार कर दिया है। श्री ट्रंप ने नाटो के रुख पर निराशा जाहिर की, ''मैंने हमेशा कहा है कि नाटो कागजी शेर है। और मैंने हमेशा कहा कि हम नाटो की मदद करते हैं, लेकिन वे कभी हमारी मदद नहीं करेंगे। और अगर कभी 'बड़ी जंग' छिड़ती है। हालांकि मुझे नहीं लगता कि ऐसा होगा, लेकिन अगर ऐसा हुआ, तो मैं आपको गारंटी देता हूं, वे वहां नहीं होंगे। जब एक इंटरव्यू में नाटो के महासचिव मार्क रुटे से 'कागजी शेर' वाली टिप्पणी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया कि उन्होंने पिछले सप्ताह राष्ट्रपति ट्रंप के साथ 'कई दौर की बातचीत' की थी। श्री रुटे ने सीबीएस न्यूज से बात करते हुए कहा, ''अच्छी खबर यह है कि देखिए, अमेरिका हफ्तों से 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' की योजना बना रहा था। सुरक्षा और सुरक्षा कारणों से वे यूरोपीय सहयोगियों, दुनिया भर के देशों और भागीदार देशों के साथ साझा नहीं कर सकते थे कि वे क्या कर रहे हैं, क्योंकि इससे पहले हमले का असर खतरे में पड़ सकता था।'' उन्होंने जोड़ा कि यह ''तर्कसंगत बात थी कि यूरोपीय देशों को एक साथ आने के लिए कुछ हफ्तों की जरूरत थी।

### अबू धाबी में ईरान...

घायलों की संख्या छह हो गई है। अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने कहा कि सभी घायलों को मामूली चोटें आई हैं । घटना के बाद वहां लगी आग पर काबू पा लिया गया है।

### नेपाल में पूर्व ...

प्रदर्शन से जुड़ा है। इन प्रदर्शनों के दौरान हिंसा हुई थी, जिसमें 77 लोगों की मौत हुई थी और बड़े पैमाने पर संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। जांच आयोग ने इसे आपराधिक लापरवाही का मामला माना और कार्रवाई की सिफारिश की थी।

पूर्व जज गौरी बहादुर कार्की की अगुवाई वाले आयोग ने अपनी रिपोर्ट में ओली समेत कई बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई की सिफारिश की थी। इसके बाद प्रधानमंत्री बलेंद्र शाह की अगुवाई वाली कैबिनेट ने इस रिपोर्ट को लागू करने का फैसला लिया। इसी के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर कार्रवाई की। ओली के करीबी और सीपीएन-यूएमएल नेता प्रदीप ज्ञावली ने इस कार्रवाई को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है। उनका कहना है कि यह उनके नेता को निशाना बनाने की साजिश है। वहीं, पार्टी मुख्यालय में इस मुद्दे को लेकर बैठक भी बुलाई गई है। रिपोर्ट में कई और अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं, जिन पर कार्रवाई की सिफारिश की गई है। इनमें पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। कुछ के खिलाफ सख्त कार्रवाई और कुछ को चेतावनी देने की बात कही गई है।

### सेना ने जीईएम पर पहला...

इस अनुबंध में मेसर्स जेसीबी इंडिया लिमिटेड से 25.90 करोड़ रुपये की लागत पर 93 टेलिस्कोपिक हैंडलर्स की खरीद की जायेगी। यह खरीद सेना की अधिग्रहण प्रक्रिया में एक परिवर्तनकारी बदलाव को दर्शाती है, जिसमें पूंजीगत खरीद के लिए जीईएम पोर्टल का इस्तेमाल किया गया है। इस पहल से खरीद प्रक्रिया के समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है, साथ ही निर्धारित प्रक्रियाओं का पूर्ण पालन और प्रक्रियात्मक अखंडता भी सुनिश्चित होगी। इस पारदर्शी, कुशल और प्रौद्योगिकी-सक्षम मार्ग को अपनाकर, भारतीय सेना ने महत्वपूर्ण उपकरणों की तेज़ और अधिक सुव्यवस्थित खरीद के लिए एक नया रास्ता खोल दिया है। यह कदम जीईएम के माध्यम से इसी प्रकार की खरीद प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए व्यापक संस्थागत महत्व भी रखता है। व्यापक स्तर पर, यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार के प्रयासों को सुदृढ़ करता है और सशस्त्र बलों की परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने में भारतीय उद्योग की अधिक भागीदारी को बढ़ावा देता है। इन टेलिस्कोपिक हैंडलर्स की खरीद से विभिन्न परिचालन परिस्थितियों में भारतीय सेना की लॉजिस्टिक्स और सामग्री प्रबंधन क्षमताओं में और वृद्धि होगी।

### लश्कर, जैश जैसे 15...

भारत इन आरोपों को लगातार खारिज करता रहा है। सीआरएस के आकलन में अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट-खोरासान प्रांत (आईएसकेपी) जैसे वैश्विक संगठनों के साथ-साथ अफगान तालिबान और हक्कानी नेटवर्क जैसे क्षेत्रीय समूहों की मौजूदगी का भी उल्लेख किया गया है, जिनके पाकिस्तान से संबंध या संचालन के लिंक रहे हैं। आतंक वित्तपोषण के मोर्चे पर भी पाकिस्तान की भूमिका पर सवाल उठे हैं। वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने 2018 में उसे ''ग्रे लिस्ट'' में डाला था, जिसे आवश्यक सुधार पूरे करने के बाद 2022 में हटाया गया। रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला गया है कि अंतरराष्ट्रीय दबाव और समय-समय पर कार्रवाई के बावजूद पाकिस्तान एक ओर आतंकवाद से प्रभावित देशों में शामिल है। वहीं दूसरी ओर वह कई क्षेत्रीय और वैश्विक आतंकी संगठनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने पटना शहर स्थित विभिन्न निर्माणाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना शहर स्थित विभिन्न निर्माणाधीन योजनाओं का निरीक्षण किया और तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद समाधि स्थल के पास निर्माण कराये जा रहे लोकनायक जय प्रकाश नारायण पार्क (बिहार गौरव पार्क) के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। पटना में बांस घाट के पास लोकनायक जय प्रकाश नारायण पार्क का निर्माण लोकनायक के सम्मान में किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के पास इस पार्क का निर्माण बेहतर ढंग से करायें। इस पार्क के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। इस थीम पार्क के एक तरफ देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी का समाधि स्थल है, वहीं दूसरी ओर जे0पी0 गंगा पथ अवस्थित है, यहां का दृश्य काफी मनोरम होगा। ज्ञातव्य है कि देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल एवं जे0पी0 गंगा पथ के बीच 10 एकड़ भूमि में (बिहार गौरव पार्क) का निर्माण कराया जा है। इस पार्क में बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास एवं संस्कृति के विभिन्न अवयवों को प्रदर्शित किया जाएगा। थीम पार्क में बिहार की महान विभूतियों- आर्यभट्ट, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं दशरथ मांझी मांझी की प्रेरणादायक गाथाओं को उद्धृत किया जाएगा। पार्क में बिहार की स्थापत्य कला नालंदा, विक्रमशिला, धार्मिक स्तूप, मंदिरों एवं मकबरों को दर्शाया जाएगा। साथ ही पर्यटकों के खाने-पीने की व्यवस्था एवं खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की याद में उनके वर्तमान स्मारक स्थल पर एक भव्य स्मृति परिसर का निर्माण भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने बांस घाट स्थित नये मुक्ति धाम परिसर का निरीक्षण किया और वहां की सुविधाओं की जानकारी ली। लगभग साढ़े चार एकड़ भूमि में बांसघाट शवदाह गृह का नवीनीकरण कार्य कराया गया है। यहां दाह संस्कार की सुविधाओं के साथ-साथ नागरिक तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक सुविधायें उपलब्ध हैं।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 'भारत आविष्कार 2026' हैकथॉन कार्यक्रम में हुई शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को भारत आविष्कार 2026 विश्व के सबसे बड़े हैकथॉन कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस आयोजन में देशभर से आए युवा इनोवेटर्स ने अपने अभिनव विचारों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए आइडियाज केवल तकनीकी क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि शहरी विकास, लोकतंत्र की मजबूती और सामाजिक सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी व्यावहारिक और प्रभावी समाधान सामने आए। मुख्यमंत्री ने युवाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नई पीढ़ी में विचारों को नवप्रवर्तन में और नवप्रवर्तन को वास्तविक प्रभाव में बदलने की अद्भुत क्षमता है। उन्होंने ‟दिल्ली 2.0" की अपनी परिकल्पना साझा करते हुए एक ऐसी राजधानी के निर्माण पर जोर दिया, जो नवाचार से प्रेरित, समावेश से सशक्त और तकनीक के साथ-साथ विश्वास को भी समान महत्व देने वाली हो। उन्होंने कहा कि युवाओं का उत्साह, कौशल और संकल्प ही भारत की सबसे बड़ी पूंजी है, जो देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, कार्यक्रम के संयोजक एवं पार्षद शशि यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### चलती ट्रेन में चढ़ना और उतरना हो सकता है जानलेवा

**भागलपुर।** ट्रेन की सीटी बजने और उसके प्रस्थान के बीच का क्षण अक्सर रेलवे प्लेटफॉर्म पर सबसे खतरनाक होता है। कई लोगों के लिए, चलती हुई ट्रेन को देखकर उस पर दौड़कर चढ़ने की एक स्वाभाविक इच्छा पैदा होती है, लेकिन यह दौड़कर चढ़ने की आदत एक ऐसा जुआ है। जिसकी कीमत बहुत भारी हो सकती है। रेलवे प्लेटफॉर्म को सुरक्षित चढ़ने के लिए तब डिजाइन किया गया है जब ट्रेन स्थिर हो, न कि दौड़ने के लिए। जब कोई यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करता है, तो वह भौतिकी के नियमों के खिलाफ जाता है। एक भारी-भरकम ट्रेन की गति और प्लेटफॉर्म तथा पटरियों के बीच की संकरी, घातक खाई के बीच संतुलन बनाना बेहद खतरनाक होता है। जैसा कि हाल की घटनाओं से स्पष्ट है, एक पल की फिसलन या संतुलन खोना, एक सामान्य यात्रा को पलक झपकते ही जानलेवा हादसे में बदल सकता है। पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल इन भयावह क्षणों में जीवन और मृत्यु के बीच की पतली रेखा साबित हुई है। 29 सितंबर, 2025 को दम दम जंक्शन पर, सामान के साथ एक यात्री लगभग खाई में गिर गया था, जिसे समय रहते बचा लिया गया। इसी तरह 17 नवंबर, 2025 को जसीडीह स्टेशन पर एक यात्री चलती एक्सप्रेस में चढ़ते समय फिसल गया और 9 दिसंबर 2025 को भागलपुर में एक महिला को पटरियों पर गिरने से बचाया गया। 13 जनवरी, 2026 को साहिबगंज में एक मां और बच्चे को दुर्घटना से बचाया गया, जिसके बाद 24 जनवरी, 2026 को जसीडीह में एक युवती को भी सुरक्षित निकाला गया। फरवरी में भी खतरा जारी रहा, जब कई लगभग घातक घटनाएं सामने आईं। हाल ही में, 20 फरवरी, 2026 को सुल्तानगंज में एक बुजुर्ग व्यक्ति को चलती ट्रेन से लटकने की स्थिति से बचाया गया। इन सभी मामलों में, रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता ने त्रासदी को टाल दिया, लेकिन जो लोग बुनियादी सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हैं, उनके लिए जोखिम अभी भी बहुत अधिक है। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि हालांकि रेलवे सुरक्षा बल हमेशा यात्रियों की सुरक्षा के लिए सतर्क रहती है, लेकिन यात्रियों को भी अपने जीवन की जिम्मेदारी स्वयं लेनी चाहिए। उन्होंने सभी यात्रियों से अनुरोध किया कि वे कभी भी चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्लेटफॉर्म प्रतीक्षा करने के लिए है और पटरियां केवल ट्रेनों के लिए हैं। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे यह याद रखें कि कुछ मिनट देर से पहुंचना हमेशा बेहतर है, क्योंकि कोई भी जल्दबाजी जानलेवा दुर्घटना के जोखिम के लायक नहीं है।

### होशियारपुर में आईटीबीपी के सेवानिवृत्त अधिकारी से 17.52 लाख रुपये की ठगी, मामला दर्ज

**होशियारपुर।** पंजाब पुलिस ने राज्य के होशियारपुर जिले में एक सेवानिवृत्त भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) अधिकारी के बैंक खातों से कथित तौर पर 17.52 लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी की रिपोर्ट मिलने के बाद मामला दर्ज किया है। साइबर अपराध पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि के भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता करनैल सिंह (73), जो टांडा पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत जलालपुर गांव के निवासी हैं। वह भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) से डीएसपी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं तथा अब कृषि कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जलालपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की एक शाखा में उनका अपनी पत्नी के साथ एक संयुक्त खाता है और उसी बैंक में उनका एक और खाता भी है। उसने पुलिस को बताया कि जब वह 21 फरवरी, 2025 को अपने पुत्र के साथ पैसे ट्रांसफर करने के लिए बैंक गया, तो उसने पाया कि उसके खातों से कथित तौर पर एक बड़ी रकम गायब थी।

### मोहाली में तह-बजारी टीम की कार्रवाई अतिक्रमण हटाने के दौरान हुआ अजीब वाकया

**मोहली।** पंजाब के मोहाली में नगर निगम की तह-बजारी टीम द्वारा सड़कों पर किये गये अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में एक बार फिर टीम ने सड़क किनारे लगे छोटे-छोटे कारोबारियों का सामान जब्त किया। यह अभियान पिछले कई महीनों से लगातार चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान तह-बजारी इंस्पेक्टर मनदीप ने किसी भी तरह की सिफारिश नहीं मानी, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि वे सड़क किनारे केवल अपनी रोजी-रोटी के लिए छोटे-मोटे काम करते हैं और इससे किसी को कोई परेशानी नहीं होती। उनका यह भी कहना है कि वे गरीब परिवारों से संबंध रखते हैं और महंगे किराये पर दुकान या बूथ लेना उनके बस में नहीं है।

### भीषण अगलगी में चार परिवार तबाह, पांच घर जलकर राख

**सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज प्रखंड के जदिया पंचायत अंतर्गत फुलकाहा वार्ड 21 में शनिवार की सुबह अचानक भीषण आग लगने से चार परिवारों के पांच घर जलकर पूरी तरह राख हो गए। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और देखते ही देखते सब कुछ जलकर खाक हो गया। इस दर्दनाक घटना में गोसाय शर्मा, मिथलेश शर्मा, पप्पू शर्मा और खट्टर शर्मा के घर पूरी तरह जल गए। आग ने इन परिवारों की वर्षों की जमा पूंजी पलभर में छीन ली। अगलगी में करीब 70 हजार रुपये नकद, दो साइकिल, अनाज, बर्तन, फर्नीचर, कपड़े तथा महत्वपूर्ण कागजात जलकर नष्ट हो गए। पीड़ित परिवारों के सामने अब रहने और खाने का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। आग लगने के घटना के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि आग चूल्हे की चिंगारी या बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी हो सकती है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आग लगने के बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना मिलने पर दमकल कर्मी पहुंचे, लेकिन गांव तक सड़क नहीं होने के कारण दमकल वाहन घटनास्थल तक नहीं पहुंच सका, जिससे राहत कार्य प्रभावित हुआ। घटना के बाद पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके सामने अब सिर छुपाने और भोजन की व्यवस्था की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र मुआवजा देने और गांव में सड़क सुविधा बहाल करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। इस संबंध में अंचल अधिकारी प्रियंका कुमारी ने बताया कि सूचना मिलते ही एक कर्मी को घटनास्थल पर भेज दिया गया है।

# सूर्यकिरण टीम ने आसमान में शानदार करतब दिखाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। सुखना लेक पर आयोजित एयर शो का आज यानी शनिवार को दूसरा और अंतिम दिन दर्शकों के लिए खास आकर्षण बना रहा। भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम ने आसमान में शानदार प्रदर्शन करते हुए डायमंड-ड्ढ और तेजस जैसी फॉर्मेशन बनाकर सभी को रोमांचित कर दिया। इस आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया भी मौके पर मौजूद रहे। एयर शो के दौरान भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण टीम ने एक के बाद एक सटीक और आकर्षक हवाई करतब पेश किए। पायलटों ने उच्च स्तर की समन्वय क्षमता दिखाते हुए डायमंड-ड्ढ फॉर्मेशन बनाई, जो दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण रही। इसके अलावा अन्य जटिल फॉर्मेशन ने भी लोगों को हैरान कर दिया। इस विशेष आयोजन में कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हरियाणा के राज्यपाल असीम घोष और पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां एयर शो देखने पहुंचे। इनके साथ चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया भी मौजूद रहे। एयर शो की तैयारियों के चलते सुखना लेक को 26 मार्च से आम जनता के लिए बंद कर दिया गया था। सुरक्षा और आयोजन की दृष्टि से यह कदम उठाया गया था ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इस दौरान आसपास के इलाकों में भी विशेष प्रबंध किए गए। एयर शो के समाप्त होने के बाद प्रशासन ने घोषणा की है कि सुखना लेक को दोपहर 2 बजे से फिर से आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। इससे स्थानीय लोग और पर्यटक दोबारा इस लोकप्रिय स्थल का आनंद ले सकेंगे। एयर शो से पहले प्रशासन ने सुखना लेक के आसपास के क्षेत्रों में व्यापक तैयारियां की थीं। धूल को नियंत्रित करने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया था। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया गया ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## मधेपुरा में भीषण सड़क हादसा : दीनाभद्री मेला से लौट रहे चार दोस्तों में तीन की मौत

मधेपुरा। जिले में शुक्रवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने चार परिवारों की खुशियां छीन लीं। दीनाभद्री मेला देखकर लौट रहे चार दोस्तों की कार अनियंत्रित होकर अरार थाना क्षेत्र के पास पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में जा गिरी, जिससे तीन युवकों की मौत हो गई जबकि चौथे की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, सभी युवक शुक्रवार रात करीब 9 बजे स्टेशन चौक से दीनाभद्री मेला देखने के बाद मधेपुरा लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 12:30 बजे अरार पुल पर तेज रफ्तार कार संतुलन खो बैठी और रेलिंग तोड़कर लगभग 20 फीट नीचे नदी में गिर गई। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। नदी में गिरते ही चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही अरार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद तीन शवों को नदी से बाहर निकाला गया, जबकि चौथे की तलाश लगातार जारी रही।

# मुख्यमंत्री धामी ने राजस्व लोक अदालत का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शनिवार को विभिन्न जनपदों में 'राजस्व लोक अदालत' का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आमजन को सरल, सुलभ और समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और यह पहल न्याय सुलभता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'न्याय आपके द्वार' अभियान के तहत प्रदेश के सभी 13 जनपदों में 210 स्थानों पर एक साथ राजस्व लोक अदालत आयोजित की जा रही है, जिसमें करीब 6,933 मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल वर्षों से लंबित राजस्व विवादों के समाधान में सहायक होगी। मुख्यमंत्री के अनुसार प्रदेश में 400 से अधिक राजस्व न्यायालय संचालित हैं, जिनमें 50 हजार से अधिक मामले लंबित हैं। इनका समाधान 'सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण एवं संतुष्टि' के मूल मंत्र के तहत किया जा रहा है। भूमि विवादों के साथ ही अन्य अधिनियमों से जुड़े मामलों का भी निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से किया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने के लिए 'राजस्व न्यायालय प्रकरण प्रबंधन प्रणाली' पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके जरिए नागरिक घर बैठे अपने प्रकरण दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को अविवादित विरासत, नामांतरण और भूमि विवादों के मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# रेखा गुप्ता दिल्ली के उपराज्यपाल से मुलाकात की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को लोकनिवास में उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रशासनिक और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू के साथ दिल्ली के विकास, जनकल्याण और भविष्य की दिशा पर सार्थक चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का ग्रीन बजट इसी विजन को आगे बढ़ाता है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर को गति, पर्यावरण को प्राथमिकता और नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने का संकल्प केंद्र में है। उन्होंने कहा कि विकसित दिल्ली के निर्माण के लिए सरकार कृतसंकल्पित हैं।

# दिल्ली में 16वें भारत प्रोबायोटिक संगोष्ठी का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के जेएलएन सभागार में आयोजित दो दिवसीय 16वें भारत प्रोबायोटिक संगोष्ठी का शनिवार को समापन हो गया। गट माइक्रोबायोटा एंड प्रोबायोटिक साइंस फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस संगोष्ठी का मुख्य विषय ''आंत माइक्रोबायोम और प्रोबायोटिक्सः जन्म से लेकर शतायु व्यक्तियों तक प्रभाव'' रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने निवारक स्वास्थ्य देखभाल में आंत (गट) के सूक्ष्मजीवों की निर्णायक भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने देश में खान-पान की आदतों में आ रहे तीव्र बदलावों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म और विज्ञापनों के कारण अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ी है, जो पारंपरिक पोषक आहार को पीछे छोड़ रही है। देश में बीमारियों का लगभग 56.4 प्रतिशत भार अस्वास्थ्यकर और असंतुलित आहार के कारण है। यदि इन प्रवृत्तियों को नहीं रोका गया तो इसके सूक्ष्मजैविक परिणाम भविष्य में बेहद गंभीर हो सकते हैं। स्वास्थ्य को आर्थिक प्रगति से जोड़ते हुए गौबा ने कहा कि भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश तभी सफल होगा जब कार्यबल स्वस्थ हो। आयुष्मान भारत और पीएम-जेएवाई जैसी योजनाओं से स्वास्थ्य पर होने वाला निजी खर्च 62.6 प्रतिशत से घटकर 39.4 प्रतिशत पर आ गया है जिससे आम परिवारों को 1.25 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है। उन्होंने वंचित समुदायों तक विशेषज्ञ देखभाल पहुंचाने के लिए एआई डेटा एनालिटिक्स और टेलीमेडिसिन के व्यापक उपयोग पर जोर दिया। माइक्रोबायोम विज्ञान के भविष्य पर चर्चा करते हुए गौबा ने सीआरआईएसपीआर-सक्षम इंजीनियरिंग और सिंथेटिक बायोलॉजी जैसे उभरते क्षेत्रों का उल्लेख किया जो सटीक चिकित्सा में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने वैज्ञानिकों और चिकित्सकों से आग्रह किया कि वे प्रोबायोटिक बाजार में फैली गलत सूचनाओं के खिलाफ अपनी विश्वसनीयता का उपयोग कर सही जानकारी प्रसारित करें। पारंपरिक भारतीय पदार्थों की समृद्ध विरासत को आधुनिक जीनोमिक अनुसंधान के साथ जोड़कर वैश्विक नेतृत्व करें। सुरक्षित और प्रभावी उत्पाद विकसित करने के लिए शिक्षा जगत, उद्योग और नियामकों के बीच मजबूत तालमेल बिठाएं।

गौबा ने युवा शोधकर्ताओं के नवाचारों की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि यह मंच माइक्रोबायोम विज्ञान के क्षेत्र में भारत को वैश्विक मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करेगा।

## निवेश के नाम पर 12.22 लाख की ठगी, पांच साइबर ठग गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने निवेश के नाम पर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान श्रीधर दिलीप इंगले (25), आर्चिर्यान गोरक्ष कांबले (21), अजीज मिरान शेख (25), प्रणव जालिंदर गुलदगड़ (24) और विशाल दुर्गादास बाचल (25) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 6 मोबाइल फोन और 35 बैंक खातों का विवरण बरामद किया है, जिनका इस्तेमाल ठगी में किया जा रहा था। दक्षिण-पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने शनिवार को बताया कि अरुणाचल प्रदेश निवासी एक व्यक्ति, जो वर्तमान में दिल्ली में रह रहा है, ने 4 सितंबर 2025 को शिकायत दी थी कि उसे 'नेक्स्ट बिलियन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड' नामक फर्जी कंपनी के जरिए शेयर बाजार में निवेश का लालच दिया गया। आरोपित महिला और उसके साथियों ने उच्च मुनाफ़े का झांसा देकर उससे 12,22,670 रुपये निवेश करवा लिए। बाद में कंपनी फर्जी निकली और शिकायतकर्ता को ठगी का एहसास हुआ।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063